# नकारात्मकता के विनाश से प्रकाशित होता है आध्यात्मिक औरा : कुलगुरु

शहडोल (स्वतंत्रमत)

पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय की इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह हुआ संपन्न। जिसमें सभी अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी महिला इकाई डॉ धानी जामोद ने किया। यह शिविर धुरवार ग्राम में स्थित आदिवासी बालक छात्रावास के परिसर में लगा। जहां छै के स्वयंसेवक अपने दैनिक परियोजना कार्य, गतिविधियां संपन्न करते हुए ग्राम हर्री, धुरवार में घर घर पहुंच कर जनसंपर्क कार्य, सर्वेक्षण, ग्राम स्वच्छता अभियान, जन जागरूकता, एवं सेवा कार्य संपन्न किए। संध्याकाल में सांस्कृतिक गतिविधियां, रचनात्मक कार्य, शिविर परिकल्पना की अवधारणा अनुसार सम्पन्न करते हैं। शिविर की समय क्रियाविधि अनुसार बौद्धिक सत्र में विशेषज्ञ अपने अमूल्य वक्तव्य और मार्गदर्शन से स्वयंसेवकों का व्यक्तित्व विकास करते हैं। जिसमें विश्वविद्यालय के ओजस्वी कुलगुरू प्रो रामशंकर ने स्वयं सेवकों को पाठशाला के




माध्यम से कुटुम्ब भाव की भावना के विकास के हेतु सभी स्वयंसेवको को प्रेरित किया उसके महत्व को बताया। उन्होंने ऊर्जावान ऊर्जावान व्यक्तित्व के लिए आवश्यक आध्यात्मिक औरा को विस्तारित रूप से कार्यशाला में समझाया। वे कहते हैं आध्यात्मिक प्रज्ञावान औरे के विकास हेतु अपने जीवन से नकारात्मकता का विनाश आवश्यक है। जिसका महत्व बताते हुए अपने व्याख्यान में कहा लाखों कोशिश के बाद होने नहीं वाले कार्य आध्यात्मिक औरे के विकास होने पर स्वत ही संपन्न होने लगते हैं। शारीरिक आयाम, मानसिक आयाम की चर्चा करते हुए, योग व्यायाम, प्राणायाम की पाठ्यचर्चा करते हुए कुलगुरु ने भ्रामरी प्राणायाम का महत्व बताते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व में इंद्रिय संवेदना शक्ति के बारे में परिचित कराया। मंच पर उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो आशीष तिवारी ने सभी स्वयं सेवकों, वालेंटियर एवं कार्यक्रम अधिकारियों को सफलता पूर्वक सम्पन्न शिविर की बधाई दी। प्रो प्रमोद कुमार पाण्डेय छात्र कल्याण अधिष्ठाता ने स्वयंसेवकों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वचन दिया। शिविर का सातों दिन सतत् निरीक्षण करते हुए प्रो गीता सराफ परिसर प्रभारी शहडोल ने कार्यक्रम के परियोजना कार्यों की प्रशंसा करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं प्रदान की। हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ गंगाधर ढोके ने कछुए और खरगोश की कहानी के रूपक को आगे गढ़ते हुए कहा कि सभी स्वयं सेवकों को आपसी सामंजस्य, और सद्भावना के विकास से लोककल्याणकारी विजन हासिल किए जा सकते हैं। खेल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ आदर्श तिवारी ने पहुंचकर स्वयं सेवकों को राज्य अंतरविश्वविद्यालय फुटबाल प्रतियोगिता में पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय की महिला टीम की विजय की खबर दी जिसके बाद सभी में उत्साह की उमंग बड़ी। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने छै के ध्वज का अवरोहण करने के उपरांत कार्यक्रम अधिकारियों को सौंपा और अपने कर चिन्हों की छाप से शिविर स्मृति चिन्ह का निर्माण किया गया। कार्यक्रमों के की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार से प्राध्यापक प्रो. मनीषा तिवारी, डॉ पूर्णिमा शर्मा, डॉ रजनी गौतम, डॉ प्रज्ञा यादव, डॉ ज्योति सिंह, डॉ दिलीप कुमार तिवारी, डॉ अंकित सिंह बघेल, डॉ किशन शाहू, डॉ दयाशंकर तिवारी, डॉ अंबिकेश नामदेव एवं मेडिकल कालेज से चिकित्सक टीम उपलब्ध रही। कार्यक्रम के नेतृत्व कर्ताओं में छै महिला इकाई से अधिकारी डॉ धानी जामोद, पुरुष इकाई से अधिकारी डॉ मुनीश नेगी, डॉ वीरेन्द्र कुर्मी, एवं वालेंटियर श्रुति तिवारी, सुचिता, अनामिका, प्रीति विश्वकर्मा, उत्तरा ने किया।

# 11 जनवरी को अनूपपुर में आयोजित होगा विशाल हिन्दू युवा सम्मेलन

## संघ शताब्दी वर्ष 2026 उपलक्ष्य में आयोजित होगा समारोह

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में आगामी 11 जनवरी को अनूपपुर में विशाल हिंदू युवा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वैश्विक स्तर पर अपना 100 वां वर्ष मना रहा है। पूरे भारतवर्ष में राष्ट्रीय स्वयं की शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य मे अनूपपुर जिले में 11 जनवरी को हिंदू युवा सम्मेलन का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय के ग्राउंड में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम मे जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 5000 युवा शामिल होंगे। हिंदू युवा सम्मेलन के जिला संयोजक डॉ देवेंद्र तिवारी जी ने बताया कि इसमें जिले के विविध क्षेत्रों से विद्यार्थी अपनी सुविधाओं से इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता करेंगे और देश के प्रति अपनी भूमिका सुनिश्चित करेंगे, युवा सम्मेलन के दिन युवाओं में परिचय बढ़े। युवाओं में उत्साह बढ़े अपने गाँव और देश का विकास करें। इन्हीं सद्भावना के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बौद्धिक उद्बोधन का भी लाभ युवाओं को मिलेगा। वर्ष 2026 मे अनूपपुर जिला मुख्यालय मे जिला स्तर हिन्दू युवा सम्मेलन का आयोजन एक सामाजिक, आध्यात्मिक ,सांस्कृतिक कार्यक्रम है, जो स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी के अवसर पर राष्ट्रीय एकता, संस्कृति और युवाओं की प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन मे सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, सामूहिक गतिविधियों और आत्मनिर्भर विकसित भारत जैसे विषयों पर विचार-विमर्श होने की संभावना है। विशेष उल्लेखनीय है कि संघ शताब्दी वर्ष 2026 मे यह कार्यक्रम राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर आयोजित किये जा रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों के युवाओं को यहाँ एक




मंच पर आकर अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिये विभिन्न संस्कृतियों और धर्मों के युवाओं को एक साथ लाना है। उन्हें सांस्कृतिक प्रदर्शन लोक नृत्य, संगीत, नाटक, चित्रकला आदि के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना है। नवाचार और विचार हेतु विज्ञान, प्रौद्योगिकी और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करते हुए सनातन धर्म के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और आत्मनिर्भरता के संदेश को फैलाना है।

# विकास खण्ड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मॉडल प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने निखारी अपनी प्रतिभा

**ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)।** विज्ञान प्रदर्शनी मॉडल प्रतियोगिताएं देशभर के स्कलों में हो रही हैं, जिनमें श्विकसित भारत के लिए कत्रिम बुद्धीमत्ता, क्वांटम युग, जल संरक्षण, और पर्यावरण जैसे विषयों पर छात्र अभिनव मॉडल बना रहे हैं, जिनमें से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को जिला और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए चूना जा रहा है, साथ ही विज्ञान नाटिका और प्रश्नमंच जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित हो रही हैं। इसी कड़ी मे विकास खण्ड ब्योहारी मे भी कलेक्टर केदार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, संयुक्त संचालक शिक्षा उमेश धुर्वे और डी पी सी अमरनाथ सिंह के कुशल निर्देशन व मार्गदर्शन में शासकीय उत्कृष्ट उच्च. माध्यमिक विद्यालय ब्यौहारी विकासखंड स्तरीय विज्ञान गणित मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता मे जनपद शिक्षा केंद्र ब्यौहारी अंतर्गत कुल 12 जन शिक्षा केन्द्रो से चयनित 190 छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में अपने मॉडल का प्रस्तुतीकरण गणित, विज्ञान, भूगोल, सामाजिक विज्ञान इत्यादि प्रश्न मंच सहित विभिन्न प्रकार की गतिविधियां प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र से चयनित होकर के विकास स्तर के लिए उपलब्ध हुई तथा 190 में से प्रत्येक विषय में दो-दो कुल आठ विधाओं में 16 मॉडलों प्रश्न मंच इत्यादि का चयन निर्णायक समिति के द्वारा किया गया। विकासखंड



स्तरीय निर्णायक समिति का कुशल संचालन मनोज कुमार केसरवानी समन्वयक जनपद शिक्षा केंद्र ब्यौहारी, ब्रह्मानंद श्रीवास्तव विकासखंड शिक्षा अधिकारी ब्यौहारी, धर्मेंद्र पटेल बीएससी प्रभारी विज्ञान प्रदर्शनी, भानू पटेल, शिव बहादुर सिंह, रितेश श्रीवास्तव, कुंती सिंह, विनोद मिश्रा एवं समस्त जन शिक्षक और संस्था प्रधान एवं मार्गदर्शी शिक्षक के माध्यम से उक्त कार्यक्रम को सफल बनाया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यौहारी के प्रांगण में राम दुलारे प्रजापति प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यौहारी के मार्गदर्शन एवं सानिध्य में संपन्न हुआ।

## पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के प्रकरण में आरोपी को किया गिरफ्तार

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** फरियादिया निवासी वार्ड क्रमांक 24/28 जंगल दफाई, थाना अमलाई द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शाम लगभग 5 बजे उसके घर के बाहर खेल रही उसकी नाबालिग बच्ची को आरोपी द्वारा बहला-फुसलाकर साइकिल में बैठाकर जंगल की ओर ले जाया गया तथा वहां उसके साथ बुरी नीयत से छेड़छाड़ की गई। बच्ची के साथ मौजूद अन्य बच्चों एवं एक सहेली के पहुंचने पर आरोपी द्वारा मारपीट एवं अभद्र व्यवहार किया गया, जिसके बाद सभी किसी प्रकार वहां से भागकर घर पहुंचे और परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। घटना के बाद बच्ची का इलाज कराए जाने के कारण फरियादिया तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सकी। प्राप्त आवेदन एवं कथन के आधार पर थाना अमलाई में संबंधित धाराओं बीएनएस एवं धारा पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी विमल कोल पिता विनोद कोल उम्र 20 वर्ष निवासी जंगल दफाई, थाना अमलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



## धान उपार्जन हेतु स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 12 एवं 13 जनवरी 2026

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए पंजीकृत किसानों से शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जारी है। इस वर्ष धान खरीदी की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। जिले के सभी किसान भाइयों से अपील की गई है कि जिन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान का पंजीकरण कराया है, वे 12 और 13 जनवरी 2026 तक अपने निकटतम उपार्जन केन्द्र में स्लॉट बुकिंग अवश्य कराएँ। यह प्रक्रिया धान खरीदी को सुचारु, व्यवस्थित और सुलभ बनाने के लिए अनिवार्य है। किसानों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथियों का पालन करते हुए समय पर स्लॉट बुक करें और समर्थन मूल्य पर धान विक्रय का लाभ उठाएँ।

# राज्य अंतरविश्वविद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता में पं. शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय बना चैम्पियन

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा में आयोजित राज्य अंतरविश्वविद्यालयीन फुटबॉल (महिला) प्रतियोगिता में पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन को फाइनल मुकाबले में 2.0 से पराजित कर राज्य चौम्पियन बनने का गौरव प्राप्त किया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही विश्वविद्यालय की खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत उपलब्धियाँ भी अपने नाम कीं। प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (ठमेज च्सलमत) का पुरस्कार काजल मेहरा को तथा बेस्ट स्कोरर का पुरस्कार उमा केवट को प्रदान किया गया। टीम मैनेजर मेघा दुबे एवं प्रशिक्षक राहुल पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय की महिला फुटबॉल टीम ने प्रतियोगिता के प्रारम्भ से ही दमदार खेल का प्रदर्शन किया। टीम ने पहले मुकाबले में महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय, छतरपुर को 8.0 से पराजित कर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को 3.1 से शिकस्त दी। सेमीफाइनल में टीम ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर को 2.0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और अंततः विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर कुलगुरु प्रो. राम शंकर ने महिला खिलाड़ियों, प्रशिक्षक एवं समस्त खेल विभाग को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विश्वविद्यालय में अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में ये खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी विश्वविद्यालय एवं प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।



# मां नर्मदा जन्मोत्सव रहेगा पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त, दोना-पत्तल का होगा उपयोग : कलेक्टर

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले में आगामी मकर संक्रांति, बसंत पंचमी एवं मां नर्मदा जन्मोत्सव पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पर्वों के दौरान कानून-व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि 14ङ्15 जनवरी को मकर संक्रांति, 23 जनवरी को बसंत पंचमी तथा 25 जनवरी को मां नर्मदा जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इन अवसरों पर नर्मदा घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने मालपुर, मेंहदवानी, कुटरई, कोसमघाट,




धरमपुरा घाट, जोगी टिकरिया, लक्ष्मण मढ़वा, रामघाट, चंदनघाट, कपिलधारा, शिवनार, तुलसीघाट सहित अन्य प्रमुख नर्मदा घाटों पर प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, सुरक्षा, स्नान एवं वस्त्र बदलने की सुविधा, पेयजल, यातायात नियंत्रण और पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही महिला सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया। बैठक में नगर परिषद, परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, होमगार्ड और पुलिस विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। घाटों पर होमगार्ड एवं प्रशिक्षित तैराक दल की तैनाती, रस्सी, टॉर्च, मोटर बोट सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने स्पष्ट किया कि मां नर्मदा जन्मोत्सव पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त रहेगा। भंडारों एवं प्रसाद वितरण में केवल पत्तल से बने दोनाङ्पत्तल का उपयोग किया जाएगा। घाटों पर भोजन पकाने पर प्रतिबंध रहेगा तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिए कचरा संग्रहण एवं निस्तारण की जिम्मेदारी संबंधित आयोजकों की होगी। ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के तहत लाउडस्पीकरों के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा और केवल आवश्यक सूचना प्रसारण के लिए सीमित अनुमति दी जाएगी। कलेक्टर ने शांति समिति के सदस्यों से अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करते हुए पर्वों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल ढंग से मनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# मैं परियोजना अधिकारी बन गई हूं, जैसा मैं कहूंगी वैसा करोगी तभी होगी तुम्हारी नियुक्ति

## नौकरी के बदले झूठा शपथपत्र लिखवाने का आरोप, कलेक्टर से शिकायत

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** जिले की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम पौड़ी, ग्राम पंचायत किवाड़ निवासी मायावती मरावी ने कलेक्टर डिंडौरी को लिखित आवेदन देकर महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक स्वपनिलपुरी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आवेदिका ने आरोप लगाया है कि पर्यवेक्षक ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर उनसे परियोजना अधिकारी और चपरासी के विरुद्ध झूठे आरोपों वाला शपथपत्र लिखवाने का दबाव बनाया। आवेदन में मायावती मरावी ने बताया कि उनका नाम आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की चयन वरीयता सूची में प्रथम स्थान पर है। इसके बावजूद 3 जनवरी 2026 को पर्यवेक्षक स्वपनिलपुरी ने उन्हें दस्तावेज जांच के बहाने समनापुर स्थित अपने निवास पर बुलाया। वहां पर्यवेक्षक ने कथित रूप से यह कहा कि च्मैं परियोजना अधिकारी बन गई हूं, जैसा मैं कहूंगी वैसा करोगी तभी तुम्हारी नियुक्ति होगी। आवेदिका का आरोप है कि पर्यवेक्षक द्वारा परियोजना अधिकारी अयोध्या सिंह राठौर एवं चपरासी कुलपत यादव के खिलाफ रिश्वत मांगने के झूठे आरोप लगवाने का दबाव बनाया गया। उनसे कहा गया कि तयशुदा भाषा में नोटरी के माध्यम से शपथपत्र तैयार कर एक-एक प्रति कलेक्टर और जिला अधिकारी को दी



जाए, अन्यथा नियुक्ति नहीं दी जाएगी। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि पर्यवेक्षक ने दसवंती केवटिया नामक महिला के समग्र आईडी और पंचायत परिवर्तन से जुड़ी जानकारी को तोड़-मरोड़ कर लिखवाने का प्रयास किया। आवेदिका के अनुसार, वास्तविक तथ्य यह है कि वरीयता सूची आने तक संबंधित महिला का नाम ग्राम पंचायत किवाड़ में ही दर्ज था, लेकिन पर्यवेक्षक ने इसे गलत तरीके से प्रस्तुत कर अपात्र साबित करने का दबाव बनाया। मायावती मरावी ने अपने आवेदन में स्पष्ट किया है कि परियोजना अधिकारी या चपरासी द्वारा उनसे किसी भी प्रकार की राशि की मांग नहीं की गई है और लगाए जा रहे आरोप पूर्णतः असत्य हैं। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर पर्यवेक्षक के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है। इस प्रकरण के सामने आने के बाद जिले में आंगनवाड़ी नियुक्ति प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह न केवल एक अभ्यर्थी के भविष्य से खिलवाड़ का मामला है, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था की साख पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न है। अब निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि कलेक्टर स्तर से इस संवेदनशील मामले में क्या जांच कराई जाती है और दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है।

# सारंगपुर पड़रिया सचिव सस्पेंड! 15 दिन में 10.95 लाख जमा करने का आदेश

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

भ्रष्टाचार के मामले में चर्चित सचिव को जिला पंचायत सीईओ दिव्यांशु चौधरी ने सस्पेंड कर दिया है। बता दें कि जिला पंचायत डिण्डौरी ने ग्राम पंचायत सारंगपुर पडरिया में सामने आई 10 लाख 95 हजार 450 रुपये की वित्तीय अनियमितता के मामले में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए पंचायत सचिव राजेश मसराम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई जिला पंचायत के माननीय न्यायालय/विहित प्राधिकारी (पंचायत) द्वारा म.प्र. पंचायत सेवा नियम 2011 के अंतर्गत की गई है। मामले में पंचायत के निर्वाचित सरपंच टेक सिंह परस्ते की भूमिका भी जांच के दायरे में पाई गई है। जिला पंचायत कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डिण्डौरी द्वारा भेजे गए प्रतिवेदन में यह स्पष्ट किया गया कि ग्राम पंचायत सारंगपुर पडरिया में विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों में नियमों को ताक पर रखकर राशि आहरण कर भुगतान किया




गया। जांच में सामने आया कि कूप मरम्मत कार्य में 1 लाख 26 हजार 250 रुपये, आंगनबाड़ी भवन निर्माण में 84 हजार 360 रुपये, नाडेप निर्माण कार्य में 1 लाख 41 हजार 200 रुपये तथा पुलिया निर्माण कार्य में 7 लाख 43 हजार 640 रुपये का भुगतान नियम विरुद्ध तरीके से किया गया। इन सभी मदों को मिलाकर कुल 10 लाख 95 हजार 450 रुपये की वित्तीय अनियमितता प्रथम दृष्ट्या प्रमाणित पाई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत के माननीय न्यायालय/विहित प्राधिकारी (पंचायत) में धारा 89 के तहत प्रकरण क्रमांक 47/2025 दर्ज कर सुनवाई की गई। सुनवाई उपरांत पारित आदेश में सरपंच टेक सिंह परस्ते एवं सचिव राजेश मसराम को दोषी मानते हुए कुल अधिरोपित राशि 10 लाख 95 हजार 450 रुपये को बराबर-बराबर हिस्से में 15 दिवस के भीतर जमा करने के निर्देश दिए गए। प्रकरण के दौरान सचिव राजेश मसराम को कार्यालयीन पत्र के माध्यम से कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी किया गया था, जिसका जवाब 30 दिसंबर 2025 को प्रस्तुत किया गया। जांच एवं परीक्षण के बाद यह जवाब असमाधानकारक पाया गया। आदेश में उल्लेख किया गया है कि सचिव द्वारा किया गया कृत्य शासकीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही एवं कर्तव्य के प्रति उदासीनता को दर्शाता है, जो कि मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (अनुशासन एवं नियंत्रण) नियम 2011 के नियम 7 का स्पष्ट उल्लंघन है। इन्हीं तथ्यों के आधार पर जिला पंचायत डिण्डौरी ने पंचायत सचिव राजेश मसराम को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें शासन के नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा तथा उनका मुख्यालय जनपद पंचायत डिण्डौरी निर्धारित किया गया है। वहीं, पंचायत के कार्य प्रभावित न हों, इस उद्देश्य से प्रशासनिक व्यवस्था करते हुए चूरामन उददे, सचिव ग्राम पंचायत सिलहरी को अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ ग्राम पंचायत सारंगपुर पडरिया के सचिव का अतिरिक्त प्रभार आगामी आदेश तक सौंपा गया है।

# शराब के विवाद पर पत्थर पटककर युवक की नृशंस हत्या

**गोहलपुर पुलिस की सक्रियता से चंद घंटों में आरोपी गिरफ्तार**

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

गोहलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैण्ड के समीप बुधवार सुबह कुछ बदमाशों ने सिर पर पत्थर पटककर एक युवक की हत्या कर दी। मृतक पहचान आकाश उर्फ पप्पू (26) के रूप में हुई है। आकाश ऑटो चलाता था। सुबह करीब साढ़े पांच बजे वह अपने घर से निकला था। इसी दौरान खिन्नी मोहल्ले में उसका कुछ युवकों से विवाद हो गया। इसके बाद आरोपी आकाश को घसीटते हुए क्षेत्रीय बस स्टैंड के पास ले गए और वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और गोहलपुर थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। गोहलपुर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरु की और घटना के कुछ ही घंटों में हत्या करने वाले सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी रीतेश पाण्डेय ने बताया कि क्षेत्रीय बस स्टेण्ड के पीछे रैन बसेरा के सामने सीमेण्ट रोड़ में एक व्यक्ति की मृत्यु होने की सूचना टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। मौके पर श्रीमति कलावती बाई अहिरवार उम्र 55 वर्ष निवासी खिन्नी मोहल्ला कोतवाली ने बताया कि उसका पुत्र आकाश उर्फ अक्कू अहिरवार उम्र 26 वर्ष आटो चलाने



का काम करता था। आज सुबह लगभग 5-30 बजे सोकर उठी तो कुछ देर बाद आकाश सोकर उठा और उससे चाय पीने के लिये 10 रूपये लेकर गया था। लेकिन वह जब वापस नहीं लौटा तो कुछ समय बाद वह भी सब्जी लेने कृषि उपज मंडी जाने के लिये मेन रोड़ पहुँची जहां पर 7-8 लड़के खड़े थे, जिनमें बसंत और जगदीश ने उसे बताया कि 2-3 लड़के अक्कू उर्फ आकाश को पकड़ कर मेट्रो अस्पताल की तरफ ले गये हैं, वह भागते हुये वहां जाकर देखी उसका बेटा आकाश रोड़ किनारे बस के पीछे रोड़ में औंधे पड़ा था जिसके सिर, मुंह से खून निकल रहा था। अक्कू अंधरा, हिमांशु सोनी और भोले उर्फ देव, बेटे आकाश के अगल बगल में खड़े थे। हिमांशु सोनी हाथ में पत्थर लिये था जो आकाश के सिर में पत्थर पटक दिया एवं देव उर्फ भोला और अंकू अंधरा आकाश को लात मार रहे थे। जब उसने शोर मचाया तो आरोपी तीनों शांतिनगर तरफ भाग गये। घटना में उसके बेटे की मृत्यु हो गई थी।

### शराब लाने को लेकर हुआ था विवाद

पुलिस ने घटना के बाद तत्काल आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरु की। जिसके कुछ ही देर बादटीम ने आरोपी देवेंद्र झरिया उर्फ देव उर्फ भोले पिता जगदीश झरिया उम्र 27 वर्ष निवासी मकान नंबर 59 वार्ड 6 ग्राम बंचमपूरा जिला जबलपुर कटंगी एवं हिमांशु सोनी पिता स्वर्गीय पिंटू उर्फ रमेश सोनी उम्र 23 वर्ष निवासी मकान नंबर 90 समता कॉलोनी रियान स्कूल के पास शांति नगर थाना गोहलपुर तथा आकाश उर्फ अक्कू अहिरवार/सोनी पिता पप्पू उम्र 27 वर्ष निवासी समता कॉलोनी गणेश किराना के बाजू से थाना गोहलपुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि मृतक एवं तीनों आरोपी आपस मे दोस्त थे तीनो ने सुबह शराब लाने के लिये मृतक आकाश को 500 रूपये दिये थे जो शराब लेने गया था लेकिन शराब लेकर वापस नहीं आया था। जिसे तलाश करते रहो कुछ देर बाद आकाश मिला जिससे शराब मांगने पर नही दिया और न ही रूपये वापस किया इसी बात पर से आकश के साथ मारपीट कर हत्या कर दी।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

आरोपियों को सरगर्मी से तलाश करते हुये चंद घंटो मे पकडने में थाना प्रभारी गोहलपुर रीतेश पाण्डे, चौकी प्रभारी आनंद नगर उप निरीक्षक किशोर बागडी, सहायक उप निरीक्षक राधेश्याम राय, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र तिवारी, अरूण दुबे, प्रमोद राय, आरक्षक आलोक, गोपाल, अभिरंजन, दिनेश दुबे, समरेन्द्र, हरेन्द्र, अवनीश एवं लालजी की सराहनीय भूमिका रही।

# विहिप के व्हाट्सऐप ग्रुप हैक कर ठगी का प्रयास

## नाम बदलकर बनाए फर्जी एडमिन, संगठन ने की शिकायत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहर में साइबर ठगों ने विश्व हिंदू परिषद (विहिप) महाकौशल से जुड़े सैकड़ों व्हाट्सएप ग्रुप को निशाना बनाकर बड़ा साइबर हमला किया है। ठगों ने न केवल ग्रुप हैक किए, बल्कि उनके नाम और प्रोफाइल फोटो भी बदल दी और खुद को एडमिन बना लिया। अब तक पुलिस, कस्टम, क्राइम ब्रांच और इनकम टैक्स अधिकारी बनकर ठगी करने वाले साइबर ठगों ने नया तरीका अपनाते हुए हिंदू संगठनों के ग्रुप को ठगी का माध्यम बनाया है। विहिप महाकौशल के इन ग्रुप्स में संगठन से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी और अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जाता है। घटना की जानकारी मिलने के बाद विहिप कार्यकर्ताओं ने बुधवार को साइबर पुलिस से शिकायत की है। दरअसल, विहिप के अलग-अलग जिलों में कई ग्रुप बने हुए हैं, जिनमें संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता जुड़े रहते हैं। इन ग्रुप्स में कार्यक्रमों



और अन्य गतिविधियों की जानकारी साझा की जाती है। अचानक ही इन ग्रुप्स का नाम और फोटो गायब हो गए और उनकी जगह एसबीआई लिखा दिखाई देने लगा। जब ग्रुप खोला गया तो उसमें कई संदिग्ध लिंक भी नजर आए, जिससे ठगी की आशंका और गहराई। विहिप पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि हमारे 'विश्व हिंदू परिषद महाकौशल' और अन्य जिलों के नाम वाले ग्रुप अचानक बदल दिए गए। संगठन की फोटो हट गई और एसबीआई लिखा आने लगा। हमारे कई कार्यकर्ता इन ग्रुप में पहले से जुड़े थे, लेकिन अचानक कई नए नंबर जुड़ गए और कुछ अज्ञात लोगों को एडमिन भी बना दिया गया। विहिप कार्यकर्ता पंकज कुमार ने बताया कि दो दिन पहले तक सब कुछ सामान्य था, लेकिन अचानक उनके संगठन के उस व्हाट्सऐप ग्रुप का नाम बदल दिया गया, जिसमें हनुमान जी की तस्वीर लगी थी और विहिप महाकौशल लिखा था। ग्रुप का नाम बदलकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कर दिया गया और उसमें एसबीआई की तस्वीर भी लगा दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# युवक को सरेराह मारी गोली

## हनुमानताल थानाक्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हनुमानताल स्थित मोहरिया गली नम्बर पांच में देर रात उस वक्त हड़कम्प मच गया, जब एक युवक को बदमाशों ने सरेराह गोली मार दी। पैर में गोली लगने से युवक मौके पर ही गिर गया। जिसे उठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। गोली चलने की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने पूछताछ के बाद हमलावरों की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अम्बेडकर कालोनी निवासी मोहसिन मोहरिया गली नम्बर पांच से निकल रहा था। इस दौरान पीछा करते हुए आए बदमाशों ने रिवाल्वर निकालकर मोहसिन पर फायर कर दिया। गोली पैर में लगते ही मोहसिन गिर गया। घायल अवस्था में मोहसिन ने तुरंत अपने परिजनों और परिचितों को फोन कर घटना की सूचना दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन उसे तत्काल विक्टोरिया अस्पताल ले गए। घटना की खबर मिलते ही हनुमानताल थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गया और पूछताछ के बाद हमलावरों की तलाश शुरु कर दी है. वहीं गोली चलने से क्षेत्र में कुछ देर के लिए हड़कम्प मच गया था। घटना के बाद से पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

# गढ़ा क्षेत्र में मारपीट के बाद हत्या कर झाड़ियों में फेंक दिया था शव

## शहपुरा क्षेत्र में अंधी हत्या का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई अंधी हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गढ़ा क्षेत्र में हुए विवाद के बाद आरोपियों ने युवक की बेरहमी से मारपीट कर हत्या की और शव को शहपुरा थाना क्षेत्र में एनएच-45 के पास झाड़ियों में फेंक दिया था। जानकारी अनुसार थाना शहपुरा में 20 दिसंबर 2025 को जबलपुर-भोपाल रोड एनएच-45 पर ग्राम पौड़ी, सीता सरोवर वेयरहाउस के सामने सड़क किनारे झाड़ियों में एक युवक का रक्तरंजित शव पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना पर थाना प्रभारी शहपुरा प्रवीण धुर्वे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, जहां झाड़ियों के बीच गड्ढे में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया



और अज्ञात मृतक की पहचान के प्रयास शुरू किए गए। सोशल मीडिया के माध्यम से मृतक की पहचान अजय बरया पिता कुंवरमन बरया, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम सुनहरा, थाना बम्हनी बंजर, जिला मंडला के रूप में हुई। जांच में सामने आया कि अजय बरया 16 दिसंबर 2025 को अपनी पत्नी को डिलीवरी के लिए मेडिकल कॉलेज जबलपुर लाया था। 17 दिसंबर को उसकी पत्नी ने पुत्र को जन्म दिया। 19 दिसंबर की शाम अजय अपनी पत्नी, नवजात बच्चे, सास और मां को मेडिकल कॉलेज में छोड़कर अपने घर मंडला के लिए निकला था, लेकिन घर नहीं पहुंचा।

### शराब दुकान में हुआ था विवाद

जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में एक बिना नंबर की सफेद स्विफ्ट कार शहपुरा टोल प्लाजा से अंधमुख बायपास की ओर देर रात आते-जाते दिखाई दी। लगातार फुटेज चेक करने पर कार थाना गढ़ा क्षेत्र में एक मकान के पास खड़ी मिली। आगे की जांच में सामने आया कि अजय बरया त्रिपुरी चौक स्थित शराब दुकान से शराब पीकर पैदल जा रहा था, जहां उसका दो युवकों से विवाद हुआ। कुछ देर में दो अन्य युवक भी आ गए और चारों ने मिलकर अजय के साथ मारपीट की, फिर जबरन उसे घर के अंदर ले गए। आरोपियों ने रात करीब 1 बजे बेसबाल और अन्य हथियारों से अजय की बेरहमी से पिटाई की, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव को कपड़े में लपेटकर कार में रखा और एनएच-45 पर शहपुरा के पास झाड़ियों में फेंक दिया। पुलिस ने हत्या में शामिल नमन तंतुवाय उम्र 25, अंकित कोरी उम्र 25, साहिल कोरी उम्र 25 सभी निवासी गढ़ा पुरवा एवं अंकित उर्फ अंतु कोरी उम्र 18 निवासी हटा, जिला दमोह को गिरफ्तार कर लिया है।

# सकारात्मक जीवन मूल्यों के प्रति जागरूक एवं सशक्त बनाने दिया प्रशिक्षण



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत, जन साहस सामाजिक संस्था के तकनीकी सहयोग से संचालित 18 दिवसीय सृजन कार्यक्रम का समापन मंगल भवन, पनागर थाना क्षेत्र में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस 18 दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोर/किशोरियों को आत्मरक्षा, लैंगिक समानता, कानूनी जागरूकता, नेतृत्व क्षमता, बाल विवाह रोकथाम, हिंसा व नशा उन्मूलन, व्यक्तिगत सुरक्षा, कानूनी अधिकारों तथा सकारात्मक जीवन मूल्यों के प्रति जागरूक एवं सशक्त बनाना रहा। एएसपी सुश्री पल्लवी शुक्ला, एएसपी सुश्री अंजना तिवारी, नगर पुलिस अधीक्षक अधारताल सुश्री राजेश्वरी कौरव, नगर पुलिस अधीक्षक गढ़ा आशीष जैन एवं रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य की उपस्थित में कार्यक्रम का सामापन किया गया। इस अवसर पर 261 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, किशोर/किशोरियां एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से हाशिए पर रहने वाले बच्चे, अनाथ, एकल अभिभावक के साथ रहने वाले, घरेलू दुर्व्यवहार से पीड़ित, किसी भी प्रकार की दिव्यांगता से ग्रस्त, शाला त्यागी एवं सामाजिक रूप से वंचित बच्चों को प्राथमिकता दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को आत्मरक्षा कौशल, व्यक्तिगत सुरक्षा, कानूनी अधिकारों एवं सामाजिक दायित्वों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम की सफलता के लिए सूबेदार सुनीता पंच द्वारा सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# कार्यपालक निदेशक ने किया रामपुर और नयागांव की जल प्रदाय व्यवस्था का निरीक्षण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता ने रामपुर व नयागांव में जल प्रदाय व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान इस बिन्दु की गहन छानबीन की कि पावर मैनेजमेंट कंपनी के विभिन्न आवासीय परिसर और विद्युत कंपनियों के कार्यालयों में जल प्रदाय किसी भी प्रकार से प्रदूषित न हो। कार्यपालक निदेशक के निरीक्षण के दौरान उनके साथ अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक अनुराग नायक, अधीक्षण अभियंता सिविल मुख्यालय धर्मेन्द्र वर्मा व सहायक अभियंता जल प्रदाय जितेन्द्र मोरे थे। उल्लेखनीय है कि पावर मैनेजमेंट कंपनी के जल प्रदाय उपसंभाग द्वारा रामपुर व नयागांव स्थित आवासीय परिसर के 800 आवास, शक्तिभवन



एवं विभिन्न विद्युत कंपनियों के रामपुर व नयागांव स्थित कार्यालयों में प्रतिदिन जल प्रदाय किया जाता है। पावर मैनेजमेंट कंपनी की जल प्रदाय व्यवस्था से लगभग 10 हजार लोग लाभान्वित होते हैं। निरीक्षण शुरुआत नर्मदा नदी के किनारे स्थित जैकवेल से की। आज से लगभग 45 वर्ष पूर्व तत्कालीन विद्युत मण्डल के समय नर्मदा नदी में जैकवेल स्थापित कर पानी लिफ्ट कर लगभग 2.10 किलोमीटर लंबी 300 एमएम व्यास की पाइप लाइन द्वारा 1 एमजीडी क्षमता के नयागांव स्थित जलशोधन संयंत्र लाने की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने नयागांव जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए। इस जल शोधन संयंत्र में विभिन्न प्रक्रियाओं से जल शुद्ध किया जाता है और यह 25 लाख एमएलडी क्षमता के ओवरहेड टैंक से भरकर 200 एमएम व्यास की दो पाइप लाइन द्वारा शक्ति भवन, सुपीरियर टाइप व गणेश मंदिर स्थित टंकियों में भरा जाता है।

# शाला की सहायिकाओं को संगठन ने बांटे गर्म कपड़े

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि इस समय ठंड का प्रकोप जारी है। ऐसे में सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना उन आर्थिक रूप से कमजोर सहायिकाओं को उठाना पड़ रहा है, जो इस ठंड में सुबह से शाम तक शालाओं में उपस्थित रह कर काम करती हैं। ये सहायिकाएं स्कूलों में बर्तन साफ करना, भोजन वितरित करना और स्कूलों की साफ सफाई का पूरा काम देखती हैं। ऐसे में यदि उनके पास उचित गर्म/ऊलन वस्त्र न हो तो उनके स्वास्थ पर बुरा असर पड़ सकता हैं। इन्ही बातों को ध्यान में रखते हुए संगठन ने इन्हे गर्म/ऊलन वस्त्र वितरित किए। ताकि इस



कंपकपाती ठंड में इन्हे कुछ राहत मिल सके। इस अवसरपर राकेश श्रीवास, हेमन्त ठाकरे, दिनेश गोंड़, राजेश सहारिया, राजकुमार यादव, गुडविन चार्ल्स, सुरेन्द्र चौधरी, क्लेमेन्ट पायस, लाल जी प्रसाद, मनमोहन चौधरी, प्रदीप पटेल, संतोष श्रीवास्तव, उमेश सिंह ठाकुर आदि अन्य उपस्थित रहे।

# वीयू द्वारा पशु स्वास्थ्य उपचार एवं गर्भावस्था निदान शिविर का आयोजन

## रोग-रोधी प्रतिरोध पर दी आवश्यक जानकारी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर द्वारा भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् द्वारा वित्त पोषित अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत गोद लिए गए गांव कुदारी , बरेला , जबलपुर जिले में एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य उपचार, गर्भावस्था निदान एवं रोगरूरोधी प्रतिरोध पर जागरूकता शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के उद्देश्यों के अनुरूप मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति समुदाय के किसानों एवं अन्य पशुपालकों को भी शिविर में अनसूचित जाति उपयोजना के उद्देश्य के बारे में बताया गया। इसके साथ ही पशुपालकों को भी



जागरूकता शिविर में रोगरूरोधी प्रतिरोध के बारे में जानकारियों, मानव जाति एवं पशुओं में होने वाली ज्यूनोटिक बिमारियों साथ ही अनुसूचित जाति उपयोजना के उद्देशय के जानकारी दी गई। अभियान में कुल 59 ग्रामीणों परिवारों ने भाग लिया एवं कुल 232 पशुयों का (192 गायों व 40 बकरियों) का इलाज किया व दवाइयों दी गयी। शिविर में डॉ.रुचि सिंह, डॉ भावना गुप्ता एवं विकास खंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ विष्णु गुप्ता, पशु सखी श्रीमती रेनू कुशवाह आदि अन्य उपस्थित रहे।

# केंद्रीय बजट में व्यापार, उद्योग एवं एमएसएमई क्षेत्र को विशेष राहत देने की मांग

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

**आगामी आम बजट को लेकर व्यापार, उद्योग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र ने केंद्रीय बजट से बड़े सुधारों और ठोस राहत उपायों की अपेक्षा जताई है। प्रदेश की शीर्ष उद्योग व्यापार संस्था, फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष हिमांशु खरे ने बताया कि यदि एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त किया गया,तो इससे रोजगार सृजन, निर्यात वृद्धि एवं आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। फेडरेशन के कार्यसमिति सदस्य, बलदीप मैनी, अशोक कपूर, राजीव अग्रवाल, अरुण पवार आदि ने कहा है कि यदि बजट में इन सुझावों को शामिल किया जाता है, तो एमएसएमई एवं व्यापार क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करते हुए भारत को 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर तेज़ी से जाएंगे। उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री को प्रेषित बजट संबंधी सुझावों में प्रमुख मांगें रखी हैं।**



### ऋण एवं वित्तीय सहायता

एमएसएमई इकाइयों के लिए कोलेटरल-फ्री ऋण सीमा को ?5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ की जाए तथा ऋणों पर 3-5 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी प्रदान की जाए। इसके साथ ही संकटग्रस्त एमएसएमई सेक्टर के लिए ईसीएलजीएस योजना को वर्ष 2027 तक बढ़ाने की मांग की गई है।

### कर एवं जीएसटी सुधार

250 करोड़ तक के टर्नओवर वाले एमएसएमई क्षेत्र के लिए कॉरपोरेट टैक्स 20 प्रतिशत किया जाए। जीएसटी कंपोजिशन स्कीम की सीमा 3 करोड़ तक बढ़ाई जाए तथा 10 करोड़ तक के टर्नओवर वाले व्यवसायों को त्रैमासिक जीएसटी रिटर्न की सुविधा मिले। जीएसटी रिफंड 15 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से जारी किया जाए।

### ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस

व्यापारियों और उद्योगों के लिए श्रम कानूनों एवं अनुपालन प्रक्रियाओं को सरल बनाया जाए। छोटे-मोटे तकनीकी अपराधों का अपराधीकरण समाप्त कर जोखिम-आधारित निरीक्षण प्रणाली लागू की जाए।

### उद्योग एवं विनिर्माण को प्रोत्साहन

प्रत्येक जिले में मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर एवं कॉमन फैसिलिटी सेंटर स्थापित किए जाएँ। पूर्ण सुसज्जित नए औद्योगिक क्षेत्रों की संरचना हो।

### निर्यात एवं व्यापार संवर्धन

एमएसएमई निर्यातकों के लिए कस्टम प्रक्रिया सरल की जाए, ईसीजीसी को मजबूत किया जाए तथा एक जिला एक उत्पाद एवं जीआई टैग उत्पादों को विशेष निर्यात प्रोत्साहन दिया जाए।

### डिजिटल, कौशल एवं हरित उद्योग

सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के लिए टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन फंड, डिजिटल टूल्स पर सब्सिडी, युवाओं की भर्ती पर वेतन सब्सिडी तथा ऊर्जा-सक्षम मशीनरी के लिए ग्रीन लोन की व्यवस्था की जाए।

# लेट होने पर आरसी स्कूल का गेट छात्रों के लिए हुआ बंद, भीषण ठंड में बाहर खड़े रहे बच्चे..!

**उमरिया (स्वतंत्रमत) ।** उमरिया का पारा 3 से 4 डिग्री में चल रहा है और भीषण ठंड का समय चल रहा है और बच्चे स्कूल के लिए तैयार होने में लेट हो गए तो बस छूट जाती हैं और फिर माता पिता किसी तरह से बच्चो को स्कूल पहुंचाते है लेकिन फिर उसके बाद स्कूल प्रबंधन की हठधर्मिता और मनमानी जिसके आगे प्रशासन भी पंगु नजर आता है..! नगर का नामी आर सी स्कूल में मंगलवार 6 जनवरी को कथित तौर पर मनमानी का मामला सामने आया। आरोप है कि सिर्फ 5 मिनट देर से पहुंचने पर लगभग 2 दर्जन बच्चों को कड़ाके की सर्दी में स्कूल के बाहर खड़ा रखा गया। बच्चों ने दावा किया कि वे समय पर पहुंचे थे, लेकिन उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ठंड और कोहरे के बीच छोटे बच्चे स्कूल गेट के बाहर कांपते रहे। बच्चों ने शिक्षकों और गेट पर मौजूद कर्मचारियों से कई बार अंदर जाने की गुहार लगाई, लेकिन उन्हें अनुशासन का हवाला देते हुए प्रवेश से



रोक दिया गया। वही स्कूल प्रबंधन की मनमानी कोई नई नहीं है लेकिन स्कूल के मुखिया का सत्तादल के संगठन पदाधिकारी होने और सभी बड़े अधिकारियों के बच्चे खुद इसी स्कूल में पढते है इसलिए कोई कार्यवाही करने की हिम्मत नही करता। घटना की सूचना मिलने पर कई अभिभावक स्कूल पहुंचे और स्कूल प्रशासन के इस रवैये पर नाराजगी व्यक्त की। अभिभावकों ने कहा कि अनुशासन के नाम पर बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया गया है। सर्द मौसम में बच्चों को बाहर खड़ा रखना गैर-जिम्मेदाराना कदम है।कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि उमरिया जिले में शीत ऋतु के प्रभाव से तापमान में आई गिरावट तथा शीत लहर चलने के कारण विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका को दृष्टिगत रखते हुये उमरिया जिला अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय. अशासकीय..सी.बी.एस.ई. आई.सी.एस.ई. शैक्षणिक संस्थाओं का संचालन 7 जनवरी 2026 से आगामी आदेश तक के लिए प्रातः 10. 30 बजे से निर्धारित किया जाता है। उन्होने कहा है कि आदेश विद्यालयों में केवल विद्यार्थियों के लिये लागू होगा, समस्त शिक्षक निर्धारित समय से विद्यालय में उपस्थित होकर विद्यालयीन कार्य संपादित करेंगे एवं प्री-बोर्ड परीक्षाएं निर्धारित समय-सारणी अनुसार संचालित होंगी।

# अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में प्रेस कान्फ्रेंस संपन्न

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सीताराम सत्या ने कलेक्टर सभागार में बुधवार 7 जनवरी को संपन्न प्रेस कान्फ्रेंस में पत्रकारो से रूबरू चर्चा करते हुए बताया कि खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत 18 प्रकार के खेल आयोजित किए जाएंगे जिसमें एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, हाकी, खोखो, कुश्ती, टेबलटेनिस, योगासन, शतरंज, बास्केटबाल, फुटबाल, कबडडी, क्रिकेट, व्हालीवाल, पिटटू, रस्साकसी, जूडो शामिल है। खेलों का आयोजन स्टेडियम, सामुदायिक भवन उमरिया, पीटीएस उमरिया,कृष्ण ताल, शासकीय उमावि बालक कालरी उमरिया में किया जाएगा। खेल मे प्रत्येक बालक/बालिका अधिकतम दो गेम



मे भाग ले सकेंगे।भाग लेने वाले प्रतिभागियो की उम्र 20 वर्ष के उपर नही होनी चाहिए । जिला स्तर एवं ब्लाक स्तर पर खेलवार समिति गठित की गई है। उन्होने बताया कि खेल के लिए आयोजकर्ताओ की नियुक्ति कर दी गई है। ब्लाक स्तरीय चयन स्पर्धा 11 से 15 जनवरी तक तथा जिला स्तर पर 16 से 20 जनवरी, संभाग स्तर पर 21 से 25 जनवरी तथा राज्य स्तर पर 28 जनवरी से 31 जनवरी तक प्रस्तावित है। उन्होने बताया कि कुछ ऐसे बच्चे जो अन्य खेल मे भाग लेना चाहते है, लेकिन उन खेलों को आयोजित करने की सुविधा यहां नही है तो उन्हें राज्य स्तर पर भेजा जाएगा। उन्होने कहा कि मीडिया कर्मी आयोजित होने वाले खेलों एमपी यूथ गेम्स का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें ताकि बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके। प्रेस कान्फ्रेंस में जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार गण उपस्थित रहे ।

## शीतलहर के बीच जरूरतमंदों के लिए एनसीएल का मानवीय सहयोग



**सिंगरौली ।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने शीतलहर को ध्यान में रखते हुए सीएसआर के अंतर्गत जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने हेतु कंबल वितरण किया गया। इसी क्रम में 02 जनवरी 2026 को लोढ़ी आदिवासी भवन, रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र में लगभग 500 कंबलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में माननीय सांसद रॉबर्ट्सगंज छोटेलाल खरवार, स्थानीय जिला पंचायत सदस्य व एनसीएल के अधिकारियों की उपस्थिति रही 7 उपस्थित अतिथियों ने इस पहल को जरूरतमंदों के प्रति एनसीएल की सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। इसी क्रम में एनसीएल ने 04 जनवरी 2026 को सिंगरौली ज़िले में ग्राम पंचायत क्षेत्र बरहपान, जनपद पंचायत वैढ़न में कंबल वितरण किया। ग्राम पंचायत भवन, बरहपान में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान लगभग 200 कंबलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर माननीय सांसद, सीधी-सिंगरौली, डॉ. राजेश मिश्रा, ग्राम बरहपान के सरपंच शएवं एनसीएल मुख्यालय से अधिकारी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि एनसीएल के ऐसे प्रयास ग्रामीण एवं जरूरतमंद समुदायों को ठंड के मौसम में महत्वपूर्ण राहत प्रदान कर रहे हैं।

# कलेक्टर ने की आगामी बोर्ड परीक्षा के तैयारियों की समीक्षा

### विशेष कक्षाओं का आयोजन कर बोर्ड परीक्षा के परिणामों को बनाये उत्तम : गौरव बैनल

सिंगरौली

गौरव बैनल ने आगामी 10 वी एवं 12 वी कक्षा की आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा के तैयारियों की कलेक्ट्रेट सभागार में विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने पिछले दो वर्षो के बोर्ड परीक्षा परिणामो का विश्लेषण करते हुयें जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि आगामी बोर्ड परीक्षा हेतु 10 वी तथा 12 वी कक्षा के परीक्षा परिणाम लक्ष्य निर्धारित किया जायें। उन्होने कहा कि 10 वी कक्षा परिणाम 85 प्रतिशत से अधिक रहे तथा 12 वी कक्षा का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत से अधिक रहे। कलेक्टर ने कहा कि बोर्ड परीक्षा के परिणामो को बेहतर बनाने के लिए विद्यालयो में विशेष कक्षाओ का आयोजन



किया जाये इन विशेष कक्षाओ के माध्यम से सेम्पल पेपर हल करवाकर तथा वन लाईनर प्रश्न पुस्तिका गहन अध्ययन करवाकर छात्रो को परीक्षा के पूर्ण रूप से तैयारी करायें। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि 16 जनवरी तक प्री बोर्ड के परीक्षा परिणामो को जारी किया जाये। इन परीक्षा परिणामो के आधार पर कमजोर छात्रो को चिन्हित कर उन्हे विद्यार्थी अभ्यास पुस्तक के माध्यम से आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी कराये तथा इसका संसाहिक मूल्यांकन भी किया जायें। उन्होने कहा कि ब्लाक स्तर पर प्राचार्य एवं शिक्षको की बैठक आयोजित कर उक्त निर्देश के पालन हेतु अवगत कराये। कलेक्टर ने कहा कि प्री बोर्ड परीक्षा होने के उपरांत जिला मुख्यालय मे भी विद्यालय वार प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित कर की जायेगी। इस बैठक में पिछले वर्ष जिन विद्यालयो का परीक्षा परिणाम लक्ष्य के अनुरूप नही प्राप्त हुये थे ऐसे विद्यालयो की प्री बोर्ड परीक्षा के परिणामो का तुलनात्मक स्थिति की जानकारी से अवगत कराये। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि जिलाधिकारियो का भी दल गठित कर विद्यालयो में चलाई जा रही विशेश कक्षाओ का निरीक्षण करायें।बैठक के दौरान डीपीसी आर.एल शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कॉलेज चलो अभियान का प्रथम चरण संपन्न



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** कॉलेज चलो अभियान का प्रथम चरण संपन्न हुआ। अभियान का संचालन प्रभारी प्राचार्य डॉ. परमेश्वर सिंह मरावी के निर्देशन नोडल प्रभारी डॉ नियाज़ अहमद अंसारी ,सह प्रभारी डॉ राजीव तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। अभियान के अंतर्गत स्कूल, कालेज संपर्क कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापको की टीम ने उमरिया शहर एवं आसपास के क्षेत्र के आर सी स्कूल ,सज्जन स्कूल ,सेंट्रल एकेडमी ,कॉलरी स्कूल,कन्या विद्यालय सहित विभिन्न उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में जाकर कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, उपलब्ध पाठ्यक्रम, करियर अवसरों ,शासन की हितग्राही छात्रवृत्ति योजनाओं तथा प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। शासन की मंशा अनुसार छात्र छात्राओं का महाविद्यालय में प्रवेश नामांकन में वृद्धि हेतु यह अभियान चलाया गया । छात्र छात्राओं के साथ संवादात्मक सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया। कॉलेज चलो अभियान 2026 के प्रथम चरण के सफलता पूर्वक संचालन एवं उद्देश्य पूर्ति हेतु सभी प्राध्यापकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने एनसीएल के साथ की समीक्षा बैठक

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण, संविदा कर्मियों में बांटे कंबल

सिंगरौली

बुधवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के मुख्यालय में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के माननीय अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य का आगमन हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के माननीय अध्यक्ष ने अनुसूचित जनजाति के कल्याण एवं विकास की दिशा में किए जा रहे कार्यों के आलोक में एनसीएल की समीक्षा की। इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष आर्य ने राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में एनसीएल की भूमिका को सराहा। साथ ही, अपने उद्बोधन में उन्होंने सीएसआर के माध्यम से स्थानीय समुदाय के उत्थान के लिए एनसीएल द्वारा






किए जा रहे प्रयासों की भी प्रशंसा की। उन्होंने बैगा बाहुल्य गांवों में शिक्षा का अलख जगाने का आह्वान करते हुए कहा कि देश की प्रगति और विकास यात्रा में आदिवासी समुदाय का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक के दौरान एनसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) श्री मनीष कुमार ने माननीय आयोग के समक्ष एनसीएल में अनुसूचित जनजाति के हितों के लिए उठाए गए कदमों को रेखांकित करते हुए पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया, आंतरिक चयन, सुव्यवस्थित शिकायत निवारण प्रणाली, कर्मचारी कल्याण और प्रशिक्षण एवं विकास का विवरण रखा। साथ ही जनजातीय समुदाय के कल्याण से जुड़े एनसीएल की विभिन्न निगमित सामाजिक दायित्व पहलों को भी माननीय आयोग के समक्ष रखा। अपने दौरे के दौरान माननीय अध्यक्ष ने अन्य गणमान्यों के साथ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत एनसीएल परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सामाजिक सरोकार के तहत संविदा कर्मियों के बीच कंबल का वितरण भी किया। इस अवसर पर एनसीएल के निदेशक (तकनीकी संचालन) सुनील प्रसाद सिंह, अनुसूचित जनजाति आयोग के वरीय उप निदेशक आर.के. दुबे, एनसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागाध्यक्ष एवं विभिन्न परियोजनाओं से आए स्टाफ अधिकारी (मानव संसाधन) उपस्थित रहे। इस दौरान एक विस्तृत पीपीटी के माध्यम से अनुसूचित जनजाति के लिए एनसीएल द्वारा किए जा रहे सीएसआर एवं कल्याण की गतिविधियों का माननीय अध्यक्ष, अनुसूचित जनजाति आयोग ने अवलोकन भी किया।

## संदीपनी स्कूल में बिना फिटनेस के ही दौड़ रही है स्कूल बस, बच्चों की जान से हो रहा खिलवाड़..!

मानपुर (स्वतंत्रमत)

शिक्षा स्तर को बढ़ावा देने के लिये सरकार बड़े सराहनीय सघन पहल कर रही है, वहीं मध्यप्रदेश शासन ने सीएम राइस (सांदीपनी) के नाम से सैकड़ों स्कूल संचालित कर रखी है, सांदीपनी स्कूलों में शिक्षारत बच्चों को अन्य विभिन्न स्कूली योजनाओं से लाभ के सांथ घर से स्कूल और स्कूल से घर तक दैनिक लाने ले जाने के लिये पूर्ण फिटनेस युक्त नये बसों को लगा रखी है, निर्धारित समय पर गरीब बच्चों को भी स्कूल और स्कूल से घर पहुंच सकें जिससे बच्चों का कोर्स पूरा हो सके।जबकि बस संचालक की लापरवाही से स्कूली बस बिना फिटनेस के दौड़ रहे हैं, जिससे बच्चों के सुरक्षा में खतरा का भय बना रहता है।इन बसों में शास्कीय मापदंडों का खुलेआम मखौल उड़ाया जा रहा है, जिससे अविभावक में स्कूली बच्चों को इन बसों में बैठाने में भयभीत से रहते हैं। मानपुर सांदीपनी में चल रहे कुछ बसों में गेट नहीं लगे हैं, कुछ के कांच न होने से खिड़की खुली हुई हैं, इन बसों कंडेक्टर व खलासी नहीं हैं, कई बस के कैमरा बंद पड़े हैं, इनमें इमरजेंशी मेडसिन किट के डिब्बे हैं



जबकि दवाइ न होने से वो डिब्बे सदा खाली रहते हैं। कई बसों खाली अग्निसामक छोटे डिब्बे लगेहैं, कई बसों बाक लाइट इंडिगेटर एवं बैक लाइट नहीं है, बस के अंद खुली तार लटके हुये हैं जिनमे करेंट के प्रवाहित से बच्चे डरा करते हैं, कई बसों के टायर खतम हैं, बस के खिड़की में पर्दा नहीं है, बैठने की उत्तम ब्य वस्था नहीं है, इन बसों में विभिन्न प्रकार की कमियां सामने दिख रहेहैं तो इनके अंदर इंजन की क्या दसा होगी..? कुछ भी सेचने कहने से परे है, जिसके बाद भी गरीब और ग्रामीण स्कूली बच्चे ऐसे बसों से स्कूल जाने के लिये मजबूर हैं। वही बसों में बच्चों को बैठने के लिये जगह न मिलने से 50 फीसदी बच्चों को खड़े खड़े ही घर से स्कूल जाना मजबूरी बना हुआ है..!

## बांधवगढ़ में बाघ शावक का मिला शव

**उमरिया (स्वतंत्रमत) ।** जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में एक बाघ शावक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। यह घटना ताला परिक्षेत्र के कथली बीट अंतर्गत आमानाला क्षेत्र में सामने आई है। बुधवार 7 जनवरी को दोपहर में गश्त कर रही टीम को शावक का शव मिला, जिसके बाद तत्काल अधिकारियों को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान शुरू किया। शावक की मौत के कारणों का प्रारंभिक तौर पर पता नहीं चल पाया है। वन विभाग इस मामले की गंभीरता से जांच कर रहा है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व



के अधिकारियों के अनुसार, डॉक्टरों की एक टीम द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम के बाद वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में शावक का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत अंतर्गत 6 दिवसीय बीमा सखी प्रशिक्षण संपन्न

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, उमरिया में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत उमरिया के अंतर्गत 6 दिवसीय बीमा सखी प्रषिक्षण संपन्न हुआ जिसमें 35 महिला प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन दिनांक 29.11.2025 को ( आरसेटी . निर्देषक ) डा. तरूण कुमार सिंह, सेवकराम सोनवानी (एलडीएम),श्री चंद्रभान सिंह(डीपीएम- एनआरएलएम), अतुल पांडे (विकास अधिकारी-एलआईसी), कामना त्रिपाठी(एनआरएलएम), माधुरी शुक्ला (एनआरएलएम)एवं पत्रकार कृष्ण कुमार शुक्ला की उपस्थिती में किया गया। अतुल पांडे ने सभी प्रषिक्षणार्थियों



को अपनी शुभकामनाएं देते हुए सभी को सतत रूप से कार्य करने के लिए कहा एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इसके बाद डीपीएम चंद्रभान सिंह द्वारा सभी प्रषिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए अपनी षुभकामनायें दी और कहा कि आपने जो बीमा सखी का कार्य इस प्रषिक्षण में सीखा है उसे यहॉ से जाने के बाद सतत रूप करना है।

# जयविलास पैलेस में आधी रात तक चला विदाई और सम्मान समारोह

### डॉ. उमेश नामदेव ने अपने सुरों से बांधा समा

उमरिया (स्वतंत्रमत)

सेवानिवृत्ति के बाद विदाई समारोह अक्सर बहुत भावुक होते हैं, क्योंकि यह एक व्यक्ति के जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय के अंत और नए, अनिश्चित चरण की शुरुआत का प्रतीक है। इसमें सालों की मेहनत, यादगार लम्हे, सहकर्मियों से बिछड़ने का दर्द और भविष्य की चिंताएँ जुड़ी होती हैं, जिससे खुशी, उदासी और कृतज्ञता का मिश्रण महसूस होता है। विदाई शब्द सुनने में ही बहुत कष्टतप्रद लगता है लेकिन परिवार और व्ही एन सिंह ने इसे यादगार बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। शहडोल के उमरिया जिले की सीमा में जयविलास पैलेस में सोमवार 5 जनवरी को सेवानिवृत्त हुए वरिष्ठ लेखापाल संतोष शुक्ला जी के विदाई और सम्मान समारोह में डॉक्टरों का हुजूम उमड़ा। समारोह में स्वास्थ्य विभाग के महकमों के साथ सभी विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे और उसमें डॉ उमेश नामदेव और मंजू वर्मा जी के मधुर स्वर और नगमों ने कार्यक्रम को चार चाँद लगा दिया। भावुक होने के मुख्य कारण



उपलब्धियों और यादों का संगम यह समारोह वर्षों के समर्पण, कड़ी मेहनत और उपलब्धियों को याद करने का मौका होता है, जो भावनात्मक हो सकता है। रिश्तों का बिछड़ना सहकर्मियों और वरिष्ठों से अलग होना, जो एक परिवार की तरह बन गए होते हैं, बहुत दुख देता है, जैसा भ्पदकनेजंद में बताया गया है। भविष्य की अनिश्चितता. सेवानिवृत्ति के बाद जीवन कैसा होगा, नई दिनचर्या क्या होगी, यह सोचकर भी व्यक्ति भावुक होता हैं। पहचान का बदलना. एक पेशेवर पहचान का खत्म होना और नई पहचान बनाना एक भावनात्मक यात्रा होती है। लोग सेवानिवृत्त व्यक्ति के योगदान के लिए आभार व्यक्त करते हैं और उनकी सेवाओं पर गर्व महसूस करते हैं। खुशी और दुख का मिश्रण. एक तरफ भविष्य के लिए शुभकामनाएं होती हैं (जैसे खुशहाल जीवन की कामना), तो दूसरी तरफ जुदाई का दर्द होता है। अश्रुपूर्ण पल. अक्सर सेवानिवृत्त व्यक्ति और उपस्थित लोग भावुक होकर रो पड़ते हैं, क्योंकि यह एक लंबी यात्रा का भावनात्मक अंत होता है। संक्षेप में, सेवानिवृत्ति के विदाई समारोह जीवन के एक महत्वपूर्ण पड़ाव के समापन का जश्न होते हैं, जो प्रशंसा, प्यार और भविष्य की आशाओं के साथ-साथ बिछड़ने के दर्द से भरे होते हैं, इसलिए ये भावुक होना स्वाभाविक है। सम्मान समारोह में डॉ. सुधा नामदेव, श्रीमती सरिता जैन बीईओ पाली, श्रीमती मंजू वर्मा खादय सुरक्षा अधिकारी उमरिया, केके शुक्ला अधिमान्य पत्रकार के साथ साथ पूरा उमरिया स्वास्थ विभाग के कर्मचारी, करकेली,मानपुर, पाली का स्टाप मौजूद रहा। वही इस सम्मान समारोह में व्ही एन सिंह वरिष्ठ एमएमएस शहडोल का विशेष योगदान रहा।

## सृजन कार्यक्रम का आयोजन

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में सृजन कार्यक्रम अंतर्गत आत्मरक्षा लैंगिक सकारात्मक कार्यों एवं नेतृत्व पहल के माध्यम से किशोर और किशोरियों के सशक्तिकरण के लिये जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें चंद्रहास पटेल एवं द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को आत्मरक्षा और सशक्तिकरण के लिए बालिकाओं को सेक्सुअल हैरेस्मेंट से बचाव, जेंडर सेंसीटाईजेशन, पॉक्सो एक्ट एवं शासन की योजनाओं के बारे में बताया गया। साथ ही वन स्टॉप सेंटर प्रशासक प्रेरणा मर्सकोले द्वारा बाल विवाह रोकथाम के बारे में बताकर छात्रों को सशक्त किया गया।

## गणतंत्र दिवस तैयारियों पर समीक्षा बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला योजना भवन में विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीना, एडिशनल एसपी शिवकुमार वर्मा सहित समस्त एसडीएम एवं विभागीय अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह, परेड, ध्वजारोहण, झांकी, विशिष्ट अतिथियों के मंच पर बैठक व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई, विद्युत, स्वास्थ्य एवं आपातकालीन सेवाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम गरिमापूर्ण, अनुशासित एवं निर्बाध रूप से संपन्न होना चाहिए। समस्त शासकीय भवनों एवं कार्यालयों में रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था, विद्यालयों में विशेष मध्यान्ह भोजन भी किया जायेगा।

## महिलाओं ने सीखा सब्जी नर्सरी प्रबंधन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान सेंट आर सेटी द्वारा जिला आजीविका मिशन के तहत ग्राम पलेहरा ब्लॉक मोहगांव में 12 दिवसीय सब्जी की खेती और नर्सरी प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर आयोजित समापन कार्यक्रम में ब्लॉक मैनेजर मुकेश नंदा, नीरज द्विवेदी, निदेशक राजेश कुमार राय, केके अवस्थी, यश मोहन उसराठे, अमित यादव उपस्थित रहे। निदेशक राजेश कुमार राय ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं भी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। इस तरह के प्रशिक्षण उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर प्रदान करते हैं। सब्जी की खेती और नर्सरी प्रबंधन जैसे कार्य महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित करने का सशक्त माध्यम देते हैं। आरसेटी द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना एवं आत्मनिर्भर बनाना रहा।

## फाउंडेशन की बैठक आज

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** हम फाउंडेशन भारत की विवेकानंद शाखा की मासिक बैठक महाराजपुर कारीकोन चौराहा में दिलीप होटल में आज दोपहर 3 बजे से आयोजित की गई है। जिसमें मकर संक्रांति में श्रद्धालुओं को नि:शुल्क चाय वितरण में चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे तथा आगामी माह में होने वाले निशुल्क स्वास्थ्य शिविर पर चर्चा की जाएगी।

## आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कु. तापेश्वरी पिता भागचंद निवासी ग्राम बरगा, तहसील निवास की 15 अगस्त 2025 को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण निकटतम वारसान को 4 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास के द्वारा मृतक के निकटतम वारसान पिता भागचंद पिता हीरालाल परते के खाते में आर्थिक सहायता की राशि प्रदाय की गई है।

## सूर्य नमस्कार संबंधी बैठक आज

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** सामूहिक सूर्य नमस्कार के आयोजन से संबंधित आवश्यक बैठक 8 जनवरी को प्रात: 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकड़े ने बताया कि 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस युवा दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस अवसर पर जिले के समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, शिक्षण संस्थाओं, आश्रम शालाओं, पंचायतों में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम एवं स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायी, शैक्षिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

# मवई के ग्रामों में हर तरफ दिख रही समस्याएं

## मूलभूत सुविधाओं को लेकर लोग हो रहे परेशान, नहीं हो रही सुनवाई

मण्डला/मवई (स्वतंत्र मत)





जिले के अंतिम छोर में बसा वनांचल आदिवासी बाहुल्य विकासखंड मवई मध्यप्रदेश की अंतिम सीमा में बसा है। इसके बाद से छत्तीसगढ़ की सीमा लग जाती है। दो प्रदेशों के बीच में बसा मवई आज भी विकास की दौड़ में पीछे है। मूलभूत सुविधाओं से यहां के वनांचल वासी वंचित है। मवई क्षेत्र में ऐसे कई दूरांचल ग्रामीण क्षेत्र है जहां मूलभूत सुविधाएं नाम मात्र की है। कहीं पहुंच मार्ग नहीं है तो कहीं आज भी अंधेरे में जीवन यापन किया जा रहा है तो कहीं शुद्ध पेयजल के लिए लोग तरस रहे है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत अन्य सुविधाएं इनके लिए एक सपनें जैसा बनकर रह गया है यहां विकास की बातें ही की जाती है लेकिन इनकी जमीनी हकीकत देखी जाए तो विकास के नाम पर शून्य है। जानकारी अनुसार जिला के अंतिम छोर में बसे विकासखंड मवई छोटा कश्मीर कहलाता है। यहां सबसे ज्यादा सरई के जंगल है जिसके कारण यहां ठंडक बनी रहती है। मवई क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि भी महत्वपूर्ण भी है। यहां के जंगल की हरियाली यहां आने वाले लोगों को लुभाती है। इस क्षेत्र में ऐसे कई पर्यटन स्थल है जिसकी ओर पर्यटक खींचे चले आते है। मवई क्षेत्र का प्राकृति नजारा देखते ही बनता है। जिसके कारण पर्यटक भी यहां की प्राकृतिक छटा को देखने दौड़े चले आते है। वहीं इस छोटा कश्मीर के कई वनांचल ग्राम आज भी मार्ग विहीन है। जहां पहुंच मार्ग नहीं बन सका है ग्राम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का बोर्ड तो लगा है लेकिन यहां मार्ग नहीं है। विकासखंड मवई मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर बसा ग्राम पंचायत चंदगांव में ग्राम खम्हरिया है। इस ग्राम के आमाटोला में आज दिनांक तक कोई सड़क की सुविधा यहां के ग्रामीणों को नहीं मिल सकी है। मवई के अधिकत्तर गांव आदिवासी बाहुल्य ग्राम है। जिसमें ग्राम खम्हरिया भी है यहां आदिवासी परिवार की संख्या ज्यादा है। खम्हरिया ग्राम के अंतर्गत तीन टोला बसे है जिनमें आमाटोला, बर्राटोला और कक्ती खेरो टोला आते है। इन टोलों में करीब 50 परिवार निवास करते है जिसकी जनसख्या करीब 300 है। बावजूद इसके इस ग्राम को मुख्य मार्ग से नहीं जोड़ा गया है। जिसके कारण इस टोला के लोगों को ग्राम खम्हरिया तक पहुंचने के लिए करीब तीन किलोमीटर कच्चा मार्ग तय करना पड़ता है। खम्हरिया ग्राम तक पूरा मार्ग कच्चा है। जिससे बारिश के दौरान यह मार्ग दलदल बन जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम चांदगांव के अंतर्गत ग्राम खम्हरिया आता है। खम्हरिया ग्राम के अंतर्गत बसे टोला की दूरी करीब तीन किलोमीटर है। इस तीन किलोमीटर का रास्ता पार करने के बाद ही खम्हरिया मुख्यालय से मार्ग पक्का मिलता है। खम्हरिया ग्राम के अंदर आमाटोला, बर्राटोला और कक्ती खेरो टोला आता है। इन टोलों के ग्रामीण पहुंच मार्ग नहीं होने के कारण परेशान हो रहे है। वहीं ग्राम के अंदर भी सीसी सड़क बनाई गई थी लेकिन वह सड़क भी बदहाल हो गई है। ग्राम के अंदर बनी सड़क भी अब उबड़ खाबड़ मार्ग में तब्दील हो गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि यहां के लोगों की परेशानी को देखते हुए यहां सड़क बनाई जाए। तीन किलोमीटर का यह मार्ग बारिश के दिनो में दलदल बन जाता है। स्थिति यह है कि सड़क से पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणो को कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान ग्रामीणों को अपना राशन लाने में भी भारी परेशानी उठानी पड़ी है। बारिश के सीजन में इस टोला तक कोई भी यात्री वाहन नहीं आता है जिसके कारण करीब तीन किलोमीटर का मार्ग पैदल ही तय करना पड़ता है। जिले के मवई ब्लॉक के ग्राम पंचायत चांदगांव के ग्राम खम्हरिया में बसे मजरे, टोला के ग्रामीण पहुंच मार्ग ना होने के कारण काफी परेशान है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दौरान हमारे बच्चे स्कूल नहीं जा पाते है जब तक मौसम साफ नहीं होता और मार्ग से पानी नहीं सूखता तब तक बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है।समय पर नहीं मिलती स्वास्थ्य सुविधा ग्रामीणों ने बताया कि यदि ग्राम में कोई बीमार हो जाए तो अस्पताल जाने के लिए बड़ी परेशानी होती है। करीब तीन किलोमीटर का मार्ग कच्चा होने के कारण बारिश के दौरान यहां एम्बुलेंस भी नहीं पहुंच पाती है। जैसे तैसे मरीज को बमुश्किल से ग्राम खम्हरिया मुख्यालय तक लाना पड़ता है। इसके बाद भी कोई वाहन या एम्बुलेंस के सहारे मरीज को उपचार के लिए यहां से लेकर जाते है। यह तीन किलोमीटर की दूरी ग्रामीणों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं है। इमरजेंसी में मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में भी काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है लेकिन स्थानीय प्रशासन और जिला प्रशासन और यहां के जनप्रतिनिधि का इस ओर बिल्कुल ध्यान नहीं है। छात्र अनुराग मसराम ने बताया कि खम्हरिया ग्राम के अंतर्गत आने वाले टोला में निवास करते है, जिसकी दूरी करीब तीन किमी की है, बारिश में सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ती है। मार्ग दलदल बन जाता है स्कूल जाने में परेशानी उठानी पड़ती है। इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। वही ग्रामीण फूलसिंह पंद्रे का कहना है कि हमारे बच्चों को बारिश के सीजन में काफी परेशानी उठानी पड़ती है, समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाते है और ज्यादा बारिश हो गई तो स्कूल नहीं जा पाते है। यह समस्या इस टोला तक मार्ग नहीं बनने के कारण बन रही है जल्द मार्ग बनाया जाए।

# कलेक्टर एसपी ने लगाया हेलमेट, किया नगर भ्रमण

मण्डला(स्वतंत्र मत)



सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति नागरिकों को जागरूक करने एवं उनका पालन करने के उद्देश्य से पुलिस लाइन से यातायात जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। रैली में कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा स्वयं बाइक पर सवार होकर शामिल हुए और आमजन को नियमों का पालन करने का सशक्त संदेश दिया। सड़क सुरक्षा नियम नहीं जीवन रक्षक उपाय हैं। इस बाईक रैली को नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बाइक रैली पुलिस लाइन मंडला से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों नेहरू स्मारक बैगा-बैगी चौक चिलमन चौक बस स्टेंड लालीपुर बिंझिया, माहिष्मती घाट महाराजपुर से होती हुई पुनः पुलिस लाइन में ही समाप्त हुई। रैली के दौरान अधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने यातायात नियमों का पालन करते हुए अनुशासित तरीके से शहर भ्रमण किया। कलेक्टर एवं एसपी ने नागरिकों से अपील की कि सड़क पर सुरक्षित यात्रा के लिए नियमों का पालन अनिवार्य है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि हेलमेट पहनना जरूरी है सीट बेल्ट अवश्य लगाएं और गति सीमा का पालन करें और नशे में वाहन न चलाएं। इस जागरूकता गतिविधियों का उद्देश्य दुर्घटनाओं में कमी लाना है। उन्होंने मीडिया से रूबरू होते हुए स्पष्ट किया कि प्रशासन द्वारा इस माह 26 जनवरी तक जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। इसके अंतर्गत जो शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी टूव्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहन से कार्यालय जाते हैं उन्हें हेलमेट एवं सीटबेल्ट लगाना अनिवार्य है। अगले सोमवार से नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी। प्रशासन का उद्देश्य दंड देना नहीं बल्कि लोगों की जान बचाना है इसलिए पहले समझाइश दी जाएगी और नियमों की अनदेखी करने पर ही दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही 26 जनवरी के बाद से आम नागरिकों पर भी यह लागू किया जायेगा। आम नागरिकों से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें। सड़क दुर्घटना में परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु पूरे परिवार के लिए आजीवन पीड़ा और कठिनाइयों का कारण बन जाती है। एक छोटी-सी लापरवाही न केवल एक व्यक्ति बल्कि पूरे परिवार के भविष्य को प्रभावित कर सकती है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एडिशनल एसपी शिवकुमार वर्मा, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीओपी पीयुष मिश्रा, थाना प्रभारी, यातायात प्रभारी सहित पुलिस विभाग का अमला मौजूद रहा।

# घाटों में विशेष स्वच्छता अभियान



मण्डला(स्वतंत्र मत)

कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद के द्वारा संगम घाट एवं माहिष्मती घाट में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है साथ ही साबुन सोडा शैंपू एवं सिंगल यूज प्लास्टिक डिस्पोजल आदि प्रतिबंधित सामग्री का उपयोग करने पर लोगों पर चालानी कार्यवाही की जा रही है साथ ही लोगों को जो घाट पर स्नान करने आते है उनको निरंतर समझाईश दी जा रही है। कि स्नान करते समय साबुन सोडा एवं शैंपू का उपयोग न करे एवं घाट किनारे धार्मिक आयोजन भंडारा करते समय बर्तन का उपयोग करें थर्माकोल से बनी थाली एवं सिंगल यूज प्लास्टिक डिस्पोजल आदि प्रतिबंधित सामग्री का उपयोग न करें पूजा पाठ से निकली निर्मल सामग्री को मां नर्मदा के जल में विसर्जित ना करें जल को साफ स्वच्छ रखने में विसर्जित ना करें में जिला प्रशासन का सहयोग करें सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न करें।

# अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही



मण्डला(स्वतंत्र मत)

कलेक्टर के निर्देशन मे जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में महाराजपुर क्षेत्र में मड़ईजर ग्राम में दबिश कि कार्यवाही की गई जिसमें मदिरा का अवैध रूप से निर्माण करने वाले अड्डो पर कार्यवाही में अलग अलग अड्डो से कुल 180 डब्बे महुआ लाहन के बरामद किए गए। प्रत्येक डब्बा में लगभग 10 किलो महुआ लाहन भरा पाया इस तरह लगभग 1800 किलो महुआ लाहन को नष्ट घटना स्थल पर किया गया एवं अड्डो पर चढ़ी भट्टी पाई गई जिसे नष्ट किया मदिरा निर्माण करने वाले अड्डो से कुल 110 लीटर कच्ची मदिरा बरामद की गई जप्त मदिरा और लाहन की कुल अनुमानित कीमत 1,96,500 है। आबकारी बल को देखकर आरोपी भाग गए अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया उक्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी उक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक शैली सैयाम सर्वेश नागवंशी, सचिन मंडलोई, मुख्य आरक्षक हरेसिंह, दुर्जन कुलेश, भानु पुसाम, आरक्षक रघुनाथ उइके, विजय कमलेश, नेतराम ककोटिया, सत्यपाल मरावी,शकुंतला सैयाम उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने बच्चों को दिए गर्म कपड़े

मण्डला(स्वतंत्र मत)



कलेक्टर ने मानवीय संवेदना और सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए ग्राम सकरी एवं बीजाडांडी आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े वितरित किए। इस अवसर पर बच्चों को स्वेटर एवं पेंट प्रदान किए जिससे कड़ाके की ठंड में उन्हें राहत मिल सके। कलेक्टर ने बच्ची को गोद में लेकर दुलार भी किया। यह कार्यक्रम ग्राम सकरी में आयोजित किया गया यह सराहनीय कार्य नारी विकास समिति के सहयोग से संपन्न हुआ। कलेक्टर ने समिति के इस समाजोपयोगी प्रयास की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन की नींव रखते हैं। कलेक्टर ने अपेक्षा व्यक्त की कि इस तरह की संवेदनशील और जनकल्याणकारी पहल हर गांव और हर आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंचे ताकि कोई भी बच्चा ठंड जैसी प्राकृतिक कठिनाइयों से प्रभावित न हो। उन्होंने समाजसेवियों स्वयंसेवी संगठनों और जागरूक नागरिकों से समाज सेवा की भावना के साथ आगे आने का आह्वान किया। इस पहल से न केवल बच्चों को ठंड से राहत मिली बल्कि समाज में सहयोग करुणा और जिम्मेदारी का संदेश भी प्रसारित हुआ। बच्चों के चेहरों पर दिखाई देती मुस्कान इस मानवीय प्रयास की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। नारी विकास समिति द्वारा यहां बुजुर्गों को कंबल भी वितरित किए गए इस अवसर पर एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती प्रतिमा शुक्ला, नारी विकास समिति सचिव श्रीमती अर्चना जैन सहित समित सदस्य और ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# निजी स्वार्थों के चलते नगर में शिक्षा माफिया सक्रिय

## मान्यता समाप्त होने के बाद किया जा रहा है विद्यालय का संचालन

नैनपुर(स्वतंत्र मत)



विद्यालयों के संचालन को अपना निजी व्यापार बनाकर शिक्षा माफिया नगर में सक्रिय हैं। मान्यता समाप्त होने के बावजूद भी विद्यालय के संचालन का ऐसा ही एक मामला सामने आया है । जहां अशासकीय आक्सफोर्ड इंग्लिस मीडियम स्कूल की मान्यता मार्च 2025 में समाप्त होने के बाद भी संचालित होना पाया गया है। यहां विद्यार्थियों के पालको को भ्रम में रखकर विधिवत कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है । जबकि विद्यालय के सभी विद्यार्थियों की ऑनलाइन टी सी भी जारी कर दी गई है। इससे यहां पढ़ने वाले बच्चे पोर्टल सूची में किसी भी विद्यालय में दर्ज नही बताये जा रहे है। इसकी जानकारी जनपद शिक्षा केन्द्र को लगाने के बाद बी आर सी बिजेंद्रधर द्विवेदी, जन शिक्षक दीपक देहले और दिनेश झारिया ने विद्यालय पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही की है। बताया जा रहा है कि अशासकीय आक्सफोर्ड इंग्लिस मीडियम स्कूल नगर के वार्ड 9 में संचालित है। विद्यालय संचालन की निहित अहर्ताओं को पूरा न कर पाने के कारण इस विद्यालय की मान्यता मार्च 2025 में ही समाप्त कर दी गई थी। जिसके लिए अक्टूबर 2025 में विद्यालय प्रबंधन के द्वारा पुनः मान्यता हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था । जिसके सत्यापन हेतु नबम्बर 2025 में जनपद शिक्षा केंद्र और 12 नबम्बर 2025 जिला शिक्षा केन्द्र से संयुक्त टीम द्वारा विद्यालय का अवलोकन कर स्कूल की मान्यता आवेदन निरस्त कर दिया गया था। विद्यालय को दोबारा सूचित करने के बाद भी बच्चो और पालकों को भ्रम में रखकर विद्यालय में अध्यापन कार्य जारी रखा गया । जांच अधिकारियों ने बताया कि पोर्टल में सभी बच्चो की टी सी जारी कर दी गई है। अतः बच्चे और पालको को जानकारी न होने के कारण पोर्टल में बच्चे किसी भी विद्यालय में दर्ज नही बताये जा रहे हैं। जिससे बच्चो के भविष्य के साथ संस्था द्वारा खिलवाड़ किया जा रहा है। जो शिक्षा के अधिकार अधिनियम नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 18 का सर्वथा उल्लंघन माना जा रहा है। कल 7 जनवरी को मौके पर जनपद शिक्षा केन्द्र नैनपुर से एक जांच दल पुनः उक्त विद्यालय पहुंचा। जिसमे बाल्कान रजिस्टर की जप्ती बनाकर अभिभावकों और अन्य की उपस्थिति में शाला संचालन के साक्ष्य प्राप्त कर प्रतिवेदन उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया गया है।

## पेंशनर का नव वर्ष मिलन समारोह

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** विगत दिवस माहिष्मती घाट के गौंड़ी पब्लिक ट्रस्ट भवन में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन का नववर्ष मिलन समारोह एवं मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बीके राय ने की विशिष्ट अतिथि केडी दुबे, एसके भदोरिया, हरीराम कछवाहा, राम कृपाल सिंह कुशराम तथा रामभजन पटेल रहे प्रारंभ में समस्त अतिथियों का पुष्पाहारों से तिलक लगाकर सम्मान किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें आरकेएस चौहान डीडी पांडे आरएल झरिया, शांताराम पटेल, सुरेश कुमार चौधरी, शैलेश गुप्ता, शिव शाह, जैबुन्निशा कुरैशी,राजेश गौतम तथा बीके राय ने देवी गीत, गीत गायन लोकगीत, गजल गाने व चुटकुले आदि से पेंशनरों को मंत्रम मुग्ध कर कार्यक्रम को मनोरंजन बना दिया द्वितीय चरण में मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निर्णय लिया गया कि सदस्यता अभियान में तेजी लाई जावे तथा आगामी दो माह में जिले की समस्त तहसीलों व विकास खंडों की मासिक बैठकों में जिले से प्रतिनिधि जाएंगे।

**कार्यालय नगर परिषद बम्हनी बंजर जिला मण्डला (म.प्र.)**

क्रमांक/2026/23 | बम्हनी बंजर दिनांक-07/01/2026

**सूचना**

**कार्यालय नगर परिषद बम्हनी बंजर जिला मंडला द्वारा कल दिनांक 06.01. 2026 को जेम बिड सूचना का प्रकाशन कराया गया। इस सूचना में भूलवश कार्यालय जावक क्रमांक एवं दिनांक अंकित नहीं हो पाई है। अतः उक्त जेम बिड सूचना क्रमशः 1.**Municipal solid waste twin shaft shredder Bid. NO.Gem / 2026 / B / 7079750 date- 06 /01/ 2026 **में जावक क्रमांक-22 दिनांक 06/01/2026 एवं 2.** Automatic fully mechanized organic waste machine Bid. NO. Gem / 2026 / B/7079045 date- 06/01/2026 **में जावक क्रमांक-21 दिनांक 06.01.2026 पढ़ा जावे।**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद बम्हनी बंजर**

संपादकीय

# महायुति में महाभारत

महाराष्ट्र के नगर निगम चुनाव ने सारे सियासी रिश्ते ही बदल डाले हैं। जो बिछड़े थे, वे गले मिले और साथ चलने लगे हैं। जो मिलजुल कर सूबे में सरकार चला रहे हैं, वे आमने सामने एक दूसरे को टक्कर दे रहे हैं, सामने से ललकार रहे हैं, भ्रष्टाचार के आरोप भी लगा रहे हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद जो रंग शिवसेना वाले एकनाथ शिंदे दिखा रहे थे, बीजेपी को वैसा ही तेवर फिलहाल एनसीपी वाले अजित पवार दिखा रहे हैं। अजित पवार के प्रति मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस साथी बीजेपी नेताओं की तरह तीखे तो नहीं बोल रहे हैं, लेकिन इशारों इशारों में चेतावनी भरे अंदाज में नसीहत जरूर दे रहे हैं। कब के बिछड़े उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे का साथ आना महायुति के लिए एक चुनौती तो है ही, लिहाजा वो मोर्चा डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे संभाल रहे हैं। वैसे स्थानीय निकाय चुनावों ने ये संकेत तो दे ही दिया है कि ठाकरे बंधु कितने पानी में हैं।

एकनाथ शिंदे फिलहाल बीजेपी के प्रति थोड़े नरम हैं, तो अजित पवार ज्यादा ही गरम नजर आ रहे हैं – कुल मिलाकर आलम यही है कि बीएमसी और नगर निगम चुनावों ने महाराष्ट्र में सत्ताधारी महायुति में महाभारत का माहौल बना दिया है। डिप्टी सीएम अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना महाराष्ट्र में सत्ताधारी गठबंधन महायुति में बीजेपी के साथ साझीदार हैं। लेकिन, बीएमसी और नगर निगम चुनाव कैंपेन के दौरान अजित पवार और बीजेपी नेता एक दूसरे पर तीखे हमले भी कर रहे हैं, और गंभीर आरोप भी लगा रहे हैं। 15 जनवरी को होने जा रहे चुनाव में तीनों गठबंधन पार्टनर बीएमसी सहित 29 नगर निगमों के चुनाव अलग अलग लड़ रहे हैं। अजित पवार ने बीजेपी पर हफ्ताखोरी जैसा इल्जाम लगा दिया था, जिस पर बीजेपी नेता उनको अपने गिरेबान में झांकने की सलाह देने लगे थे। महाराष्ट्र बीजेपी अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण तो बेहद आक्रामक नजर आते हैं, लेकिन पूर्व बीजेपी अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले चुनाव कैंपेन में सहयोगियों को निशाना बनाने से बचने की सलाह दे रहे हैं। वैसे देवेंद्र फडणवीस का बयान आने के बाद अजित पवार को सफाई भी देनी पड़ी है। अजित पवार की एनसीपी बीएमसी चुनाव महायुति से अलग होकर अकेले 92 सीटों पर लड़ रही है। और, ऐसे ही पुणे और पिंपरी चिंचवड नगर निगमों में अजित पवार अपने चाचा शरद पवार की पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं, मुकाबला बीजेपी से है। देवेंद्र फडणवीस के हिंदू मराठी मेयर वाले बयान पर भी एनसीपी की नाराजगी सामने आई है। देवेंद्र फडणवीस ने तो ये बात ठाकरे बंधुओं के मराठी मेयर के चुनावी वादे के बीच बीजेपी को बैलेंस करने के लिए कहा था, लेकिन सबसे ज्यादा नागवार गुजरा है एनसीपी को। एनसीपी नेता नवाब मलिक का कहना है, देश के नागरिक, यहां रहने वाले लोग और मुंबई के निवासी तय करेंगे कि मेयर कौन बनेगा। बीजेपी के साथ अजित पवार के टकराव के कई कारण हैं। एक बड़ी वजह नवाब मलिक भी हैं। बीजेपी चाहती थी कि नगर निगम चुनाव में नवाब मलिक की जगह अजित पवार किसी और को आगे करें, लेकिन वो नहीं माने। अब ये मामला यहां तक पहुंच चुका है कि नवाब मलिक बीजेपी के दो नेताओं के खिलाफ चुनाव बाद नोटिस भेजने की बात कर रहे हैं।

# बंगलादेशी खिलाड़ी के बहाने अभिनेता शाहरुख़ खान के विरोध का स्तर व औचित्य?

निर्मल रानी

भारतीय गोदी मीडिया ने पिछले दिनों बहस के लिये जिस सबसे ज्वलंत मुद्दे को बहस के लिये ज़रूरी समझा वह था आई पी एल की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स में एक बांग्लादेशी खिलाड़ी के ख़रीदने पर शाहरुख़ का विरोध और इस पर चर्चा करना। ग़ौरतलब है कि बंगलादेश में छात्रों और जनता के भारी विरोध प्रदर्शनों के बीच शेख़ हसीना की सरकार 5 अगस्त 2024 को गिर गई थी और उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफ़ा दे दिया था साथ ही वे बंगलादेश छोड़कर भारत आ गयी थीं। उसी समय से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक विरोधी हिंसा व प्रदर्शन लगातार हो रहे हैं। कई हिन्दुओं को लक्षित कर जान से मारा जा चुका है। ऐसे में भारतीयों में बंगला देश के विरुद्ध ग़ुस्सा स्वाभाविक है। इसी बीच प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी इंडियन प्रीमियर लीग (आई पी एल) की विभिन्न टीमों ने अनेक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को बोली लगाकर ख़रीदा। ऐसा ही एक बांग्लादेशी तेज़ गेंदबाज था मुस्तफ़िज़ुर रहमान। इस बांग्लादेशी खिलाड़ी को कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2026 की नीलामी में रिकार्ड 9.2 करोड़ रुपये की बोली लगाकर ख़रीदा था। यह आईपीएल इतिहास में किसी बांग्लादेशी खिलाड़ी की सबसे ऊंची बोली थी। कोलकाता नाइट राइडर्स अथवा KKR के मुख्य रूप से जो तीन लोग मालिक हैं उनके नाम हैं बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख़ ख़ान, अभिनेत्री जूही चावला और उनके पति जय मेहता। गोया यह तीनों ही KKR टीम के सह–मालिक हैं।

परन्तु बी सी सी आई की मर्ज़ी से इस बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफ़िज़ुर रहमान का नाम नीलामी पूल में शामिल किये जाने के बावजूद तथा शाहरुख़ के साथ साथ जूही चावला और उनके पति जय मेहता के पास भी KKR का स्वामित्व होने के बावजूद साम्प्रदायिकता में ही प्रसिद्धि तलाशने वाले कुछ पेशेवर क़िस्म के सम्प्रदायकतावादियों द्वारा अपने निशाने पर केवल शाहरुख़ ख़ान को ही लिया गया। हालांकि इस सम्बन्ध में आने वाली ताज़ा ख़बरों के अनुसार अब बीसीसीआई ने के आर के को बांग्लादेश के इस तेज़ गेंदबाज़ मुस्तफ़िज़ुर रहमान को टीम से अलग करने व इसके बदले किसी दूसरे खिलाड़ी को रखने की अनुमति दे दी है। परन्तु इस विषय पर बी सी सी आई ,जूही चावला व जय मेहता को छोड़कर केवल शाहरुख़ ख़ान के विरोध में इस्तेमाल किये गये शब्दों व उसके पीछे छुपे इरादों ने न केवल एक बार फिर सम्प्रदायवाद आधारित एक बहस को जन्म दे दिया है बल्कि इसी बहाने सोशल मीडिया पर शाह रुख़ व निहायत ही घटिया शब्दों में उनकी आलोचना करने वालों की पारिवारिक पृष्ठभूमि व देश के प्रति उनके योगदान व क़ुर्बानियों की भी तुलनात्मक चर्चा की जाने लगी है।



शाहरुख़ को किसी ने ग़द्दार कहा तो किसी ने देशद्रोही बताया जबकि कुछ लोगों ने आई पी एल में KKR बॉयकॉट की बात की। इस विरोध का कारण केवल यही था कि शाहरुख़ ख़ान मुस्लिम हैं और बंगलादेशी खिलाड़ी मुस्तफ़िज़ुर रहमान भी मुस्लिम हैं। जबकि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख़ हसीना इन दिनों भारत में पनाह लिये हुये हैं। किसी स्वयंभू राष्ट्रवादी को कोई आपत्ति नहीं है। पिछले दिनों बांग्लादेश के इस बिगड़े हिंसक साम्प्रदायिक माहौल के बीच पूर्व प्रधानमंत्री ख़ालिदा ज़िया की मृत्यु पर विदेश मंत्री ने शिरकत की और भारत बांग्लादेश संबंधों को सामान्य बनाने का सन्देश दिया। न किसी धर्मात्मा को बुरा लगा न किसी राष्ट्रवादी नेता को। इन्हें बस सबसे बड़ा अपराधी यदि कोई नज़र आया तो वह शाहरुख़ ख़ान? वह शाहरुख़ ख़ान जो सैकड़ों करोड़ आयकर का प्रतिवर्ष भुगतान कर देश की अर्थव्यवस्था में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। उन्हें उनके लंबे और शानदार फ़िल्मी कैरियर में कई प्रमुख राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मान और पुरस्कार मिल चुके हैं। वे बॉलीवुड के सबसे सफल अभिनेताओं में से एक हैं और उन्होंने 15 फ़िल्म फ़ेयर अवॉर्ड्स सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते हैं। शाहरुख़ को 2025 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिल चुका है। यह उनका पहला राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार है। इसके अलावा उन्हें कई स्क्रीन अवॉर्ड्स, ज़ी सिने अवॉर्ड्स, आईआईएफए अवॉर्ड्स और प्रोड्यूसर्स गिल्ड अवॉर्ड्स हासिल हो चुके हैं।

भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए उन्हें देश का सर्व प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार 2005 में भारत सरकार द्वारा दिया जा चुका है। इसी तरह 2007 में फ़्रांस सरकार द्वारा ऑर्ड्रे दे आर्ट्स एट दे लेट्र्स अवार्ड मिला जबकि 2014 में फ्रांस की सबसे ऊँचा नागरिक सम्मान लीजन ऑफ़ ऑनर भी मिल चुका है। उन्होंने 2018 में विश्व आर्थिक मंच द्वारा महिलाओं और बच्चों के अधिकारों के लिए नेतृत्व करने हेतु क्रिस्टल अवॉर्ड प्राप्त किया। जबकि 2011 में बच्चों की शिक्षा के लिए दान कार्य हेतु यूनेस्को का पिरामाइड कॉन मार्नी अवॉर्ड हासिल किया। शाहरुख़ ख़ान को एडिनबरा यूनिवर्सिटी, बेडफ़ोर्डशायर यूनिवर्सिटी, ला ट्रोब यूनिवर्सिटी आदि से डॉक्टरेट की कई मानद मिल चुकी हैं। इसी तरह 2024 में उन्हें लोकर्नो फ़िल्म फ़ेस्टिवल (स्विट्ज़रलैंड) पार्डो आला कारिएरा का लाइफ़ टाइम अचीवमेंट अवार्ड हासिल हो चुका है।

शाहरुख़ ख़ान ने 2013 में मीर फ़ाउन्डेशन के नाम से एक ग़ैर –लाभकारी समाज सेवी संस्था गठित की हुई है। जिसके माध्यम से वे एसिड अटैक सर्वाइवर्स, शिक्षा, स्वास्थ्य और आपदा राहत,पुनर्वास और व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसी कई सामाजिक सेवाओं में सक्रिय योगदान देते रहते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि वे इस काम के लिये ख़ामोशी से और बिना किसी प्रचार व दिखावे के दान करते हैं। उनकी ये सेवाएँ महिलाओं सशक्तिकरण और बच्चों के कल्याण पर केंद्रित हैं। इसी मीर फाउंडेशन ने पंजाब बाढ़ में हज़ारों बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत किट्स, भोजन, स्वच्छ पानी आदि मुहैया कराया और सैकड़ों क्षतिग्रस्त मकानों के पुनर्निर्माण में अपना सहयोग दिया। उनके द्वारा कोविड–19 के दौरान स्वास्थ्य उपकरण दान किए गए। केरल व चेन्नई की बाढ़ में आर्थिक सहायता दी गई । शाहरुख़ ख़ान नानावती अस्पताल में अपनी मां के नाम पर कैंसर विभाग चलाते हैं तथा बच्चों के कुपोषण के ख़िलाफ़ अभियान चलाते हैं। बाल साक्षरता और अस्पताल निर्माण में सहयोग करते हैं। वे मेक–ए–विश फ़ाउंडेशन संस्था के माध्यम से बच्चों की इच्छाएं भी पूरी करते हैं।

जहाँ तक शाहरुख़ ख़ान को ग़द्दार या देशद्रोही कहने का प्रश्न है तो ऐसी भाषा का इस्तेमाल करने वाले ज़हरीले लोगों को अपने पारिवारिक संस्कारों की तुलना भी शाहरुख़ ख़ान के पारिवारिक संस्कारों से ज़रूर करनी चाहिये। ग़ौरतलब है कि आज़ाद हिन्द फ़ौज के मेजर जनरल शाहनवाज़ ख़ान शाहरुख़ ख़ान की मां लतीफ़ फ़ातिमा को अपनी बेटी के समान समझते थे। यहाँ तक कि शाहरुख़ के पिता मीर ताज मोहम्मद ख़ान से लतीफ़ फ़ातिमा की शादी भी शाह नवाज़ ख़ान के बंगले में ही हुई थी। यह साबित करता है कि कर्नल शाहनवाज़ ख़ान का शाहरुख़ के परिवार से गहरा आत्मीय रिश्ता था। इसीलिये यह भी कहा जाता है कि शाहरुख़ ख़ान की माँ लतीफ़ फ़ातिमा को आज़ाद हिन्द फ़ौज के मेजर जनरल शाह नवाज़ ख़ान ने गोद लिया था या वे उनके लिए पिता–तुल्य थे। ऐसे संस्कारों में परवरिश पाने वाले शाहरुख़ ख़ान को ग़द्दार व देशद्रोही जैसी उपाधियाँ देने वालों को अपने पारिवारिक संस्कारों व देश के प्रति शाहरुख़ की क़ुर्बानियों व सेवाओं की तुलना ज़रूर करनी चाहिए।

# योगी सरकार की अच्छी पहल



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

देश में बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है। अक्सर देखा जाता है कि भर्ती परीक्षाओं में धांधली होती है। परीक्षाएं रद्द की जाती हैं। परीक्षाओं में देरी होती है जिससे परीक्षा की तैयारी करने वाले अनेक युवाओं की उम्र सरकारी नौकरी के लिए तय आयु सीमा को पार कर जाती है और वह हताश होकर बैठ जाते हैं। व्यवस्था की गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ता है। इस समय रोजगार क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तनों की जरूरत है और यह काम राज्य सरकारें ही कर सकती हैं और वह नीतिगत परिवर्तन कर राज्य की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को नई दिशा दे सकती है। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की उपलब्धियों में एक बड़ी उपलब्धि राज्य में बेरोजगारी दर का कम होना शामिल है। उत्तर प्रदेश में पहले जहां बेरोजगारी दर 19 फीसदी तक पहुंच गई थी, सरकारी आंकड़ों के मुताबिक अब यह घटकर 2.4 फीसदी रह गई है।

सरकार की रोजगार नीतियां निवेश बढ़ाने के प्रयास और कौशल विकास कार्यक्रमों ने पूरे राज्य में सकारात्मक परिणाम दिए हैं। राज्य की जीसीसी नीति 2025 में 2 लाख से अधिक नई नौकरियां सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने यूपी पुलिस भर्ती में जो अभ्यर्थी ओवर ऐज होने की वजह से आवेदन करने से बाहर हो गए थे उनको बड़ी सौगात दी है। राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए पुलिस भर्ती में सभी वर्गों के लिए आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट देने का ऐलान कर दिया है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रो उन्नति बोर्ड ने आरक्षी नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती के तहत कुल 32679 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की है। इस बार अधिकतम आयु सीमा में सभी वर्गों को?एक मुश्त तीन साल का शिथिलीकरण कर दिया गया है।

दरअसल आयु सीमा में छूट का मसला काफी जटिल बना हुआ था। खुद सत्तारूढ़ भाजपा और योगी सरकार के सहयोगी दल आयु सीमा में छूट देने की मांग कर रहे थे। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में भर्तियों में लगातार देरी हुई। कोरोना काल, परीक्षा प्रक्रियाओं और प्रशासनिक कारणों से कई भर्तियां समय पर नहीं निकल पाईं। इसका सबसे ज्यादा नुकसान उन युवाओं को हुआ जो सालों से फिजिकल ट्रेनिंग, लिखित परीक्षा और मानसिक तैयारी में लगे थे। भाजपा के कई विधायकों ने इस मुद्दे को सरकार के सामने मजबूती से उठाया। खास तौर पर देवरिया से बीजेपी विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर सामान्य वर्ग के युवाओं को भी उम्र में छूट देने की मांग की थी। युवा सिर्फ उम्र सीमा पार होने की वजह से भर्ती से बाहर हो गए हैं।

ये वही युवा हैं जो सालों से पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे थे। दौड़, फिजिकल और पढ़ाई सब कुछ किया लेकिन भर्ती देर से आने के कारण उनका मौका छिन गया। उन्होंने इसे न सिर्फ युवाओं बल्कि उनके परिवारों के लिए भी बेहद दुखद बताया और मानवीय आधार पर कम से कम 3 साल की उम्र में छूट देने की मांग की थी, जिसे अब सरकार ने मान लिया है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी जैसे विपक्षी दल भी आयु सीमा बढ़ाने की मांग कर रहे थे। सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर हजारों युवा भी अपनी आवाज बुलंद कर रहे थे। उनका तर्क था कि सामान्य वर्ग की आयु सीमा 18 से 22 साल रखना अन्याय है। सालों से तैयारी कर रहे छात्र अब ओवर ऐज हो रहे हैं। 2019 के बाद सिर्फ 2023 में ही मौका मिला है। पिछली 60 हजार कांस्टेबल भर्ती में परीक्षार्थियों को आयु सीमा में छूट दी गई थी।

एक अभ्यर्थी ने तर्क दिया बिहार कांस्टेबल में 18–25 वर्ष आयु है, एमपी कांस्टेबल में 18–33 वर्ष आयु है. हरियाणा कांस्टेबल में 18–25 वर्ष आयु है, परंतु यूपी पुलिस में ही 22 वर्ष की आयु में युवा बूढ़ा मान लिया जाता हैज्.। एक अन्य अभ्यर्थी ने लिखा, 'एक ही गुहार है– यूपी कांस्टेबल पीएसी भर्ती में आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट दी जाए !! यूपी पुलिस की भर्ती में सामान्य वर्ग के छात्र 22 साल में ओवर ऐज हो जाएंगे, रिजर्व कैटेगरी में आयु सीमा 27 वर्ष जा रही है। क्या कोविड से केवल आरक्षित वर्ग ही प्रभावित हुआ था? एक ने लिखा पिछले 7 सालों से पीएसी भर्ती न आने के कारण हजारों अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में है। बच्चों की सिर्फ एक ही मांग यूपी कांस्टेबल पीएसी भर्ती में 3 साल की आयु सीमा में छूट! अंततः योगी सरकार ने आयु सीमा में सभी वर्गों को राहत दे दी है।

# कार्तिगई दीपम विवाद पर मद्रास हाईकोर्ट का फैसला सनातन विरोधियों की करारी हार

नीरज कुमार दुबे

मद्रास हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी के दीपथून पर कार्तिगई दीपम जलाने की अनुमति को बरकरार रखा है। अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह परंपरा सदियों पुरानी है और इसे रोकने का कोई संवैधानिक या कानूनी आधार नहीं है। अदालत ने साथ ही राज्य सरकार द्वारा कानून व्यवस्था के नाम पर लगाए गए प्रतिबंधों को निराधार और कल्पनाजन्य करार दिया। न्यायालय ने कहा कि जिस स्थान पर दीपम जलाया जाता है वह मंदिर से जुड़ी पारंपरिक धार्मिक व्यवस्था का हिस्सा रहा है। केवल आशंका के आधार पर किसी धार्मिक परंपरा को रोका नहीं जा सकता। अदालत ने यह भी रेखांकित किया कि धार्मिक स्वतंत्रता केवल निजी पूजा तक सीमित नहीं है बल्कि सामूहिक और सार्वजनिक धार्मिक अभिव्यक्तियां भी इसके अंतर्गत आती है

हम आपको बता दें कि इस मामले में राज्य सरकार ने दलील दी थी कि दीपम जलाने से सामाजिक तनाव और कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है। कोर्ट ने इस तर्क को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि प्रशासन का दायित्व भय पैदा करना नहीं बल्कि निष्पक्ष और साहसिक ढंग से कानून व्यवस्था बनाए रखना है। अदालत ने यह भी कहा कि यदि हर परंपरा को संभावित विवाद के नाम पर रोक दिया जाए तो संविधान में प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता केवल कागज पर रह जाएगी। हम आपको बता दें कि याचिकाकर्ताओं की ओर से यह तर्क रखा गया था कि कार्तिगई दीपम केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। इसे रोकने का प्रयास समाज में अनावश्यक विभाजन और असंतोष को जन्म देता है। कोर्ट ने इस तर्क से सहमति जताई और आदेश दिया कि परंपरागत रीति से दीपम जलाने की अनुमति दी जाए। देखा जाये तो मद्रास हाईकोर्ट का यह निर्णय उस मानसिकता पर करारा प्रहार है जो हर हिंदू परंपरा को कानून व्यवस्था के नाम पर कटघरे में खड़ा करने की आदी हो चुकी है। आज सवाल यह नहीं है कि दीपम जलेगा या नहीं। सवाल यह है कि क्या बहुसंख्यक समाज की सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को हर बार डर और शक के चश्मे से देखा जाएगा? तमिलनाडु की द्रमुक सरकार का तर्क कि दीपम जलाने से अशांति फैल सकती है, दरअसल प्रशासनिक असफलता को छिपाने का तरीका है। अगर हर धार्मिक आयोजन से पहले सरकार को डर लगने लगे तो फिर शासन चलाने का नैतिक अधिकार किस बात का रह जाता है? अदालत ने ठीक ही कहा कि कल्पित भय के आधार पर मौलिक अधिकारों को कुचला नहीं जा सकता।

देखा जाये तो यह मामला उस व्यापक प्रवृत्ति का हिस्सा है जहां हिंदू धार्मिक परंपराओं को बार बार रोकने और सीमित करने का प्रयास किया जाता है। कभी शोर का बहाना बनाया जाता है, कभी पर्यावरण का तो कभी कानून व्यवस्था का। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से यही तर्क अन्य समुदायों के मामलों में अचानक गायब हो जाते हैं। यह दोहरा मापदंड समाज में असंतोष और अविश्वास को जन्म देता है। कार्तिगई दीपम का सामाजिक महत्व केवल आस्था तक सीमित नहीं है। यह पर्व सामूहिकता का प्रतीक है। पहाड़ी पर जलता दीप दूर दूर तक दिखाई देता है और समाज को जोड़ने का काम करता है। जब ऐसी परंपराओं को रोका जाता है तो संदेश जाता है कि बहुसंख्यक समाज की भावनाएं गौण हैं। यही भावना धीरे धीरे आक्रोश में बदलती है और फिर वही आक्रोश सामाजिक तनाव का रूप ले लेता है।

इस फैसले का सबसे बड़ा सामाजिक प्रभाव यह है कि लोगों का यह विश्वास और प्रबल हुआ है कि न्यायपालिका संविधान की आत्मा को समझती है। अदालत के आदेश ने यह स्पष्ट कर दिया कि धर्मनिरपेक्षता का अर्थ यह नहीं है कि राज्य केवल एक धर्म के प्रति कठोर हो जाए और बाकी के प्रति नरम। सच्ची धर्मनिरपेक्षता सभी परंपराओं के साथ समान व्यवहार की मांग करती है। यह निर्णय प्रशासन के लिए भी चेतावनी है। उसे समझना होगा कि परंपराओं को दबाने से शांति नहीं आती बल्कि असंतोष भीतर ही भीतर सुलगता रहता है। बहरहाल, अगर आज अदालत ने दीपम जलाने के अधिकार की रक्षा नहीं की होती तो कल कोई और परंपरा इसी तरह प्रतिबंधों की भेंट चढ़ जाती। वैसे यह फैसला केवल एक धार्मिक जीत नहीं है। यह सांस्कृतिक आत्मसम्मान की पुनर्स्थापना है। यह संदेश है कि डर के नाम पर अधिकार छीने नहीं जा सकते। यह आदेश यह भी संदेश देता है कि अगर समाज चुप रहा तो उसकी परंपराएं एक एक कर खत्म कर दी जाएंगी। दीप तो अब जल जायेगा लेकिन समाज की चेतना की लौ भी जलती रहनी चाहिए क्योंकि संभव है राह में रोड़े अटकाने वाले दूसरा प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार बैठे हों।

# कैलाश सोनी: तपस्वी एवं संघर्षशील व्यक्तित्व



जन्म दिवस 8 जनवरी पर विशेष

वस्तुत आज नर्मदांचल व मध्यप्रदेश के एक ऐसे तपस्वी, संघर्षशील व्यक्तित्व व सागर से भी कहीं ज्यादा गहरे कृतित्व की चर्चा करने में गर्व महसूस कर रहा हूं, जिनकी राजनीतिक साधना के स्तंभ साहित्य, संस्कृति और समाज को लेकर अडिग खड़े हैं।

मेरा अभिप्राय अपनी प्राथमिक उम्र में नव जागृति मंडल का गठन कर गणेशोत्सव आयोजित करने वाले उत्सव धर्मी श्री कैलाश जी सोनी को भली–भांति जानने से है। उनके नेतृत्व में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत रंगमंच व अखिल भारतीय कवि सम्मेलन तथा विभिन्न साहित्यिक समारोह प्रमुख हैं। माध्यमिक व उच्चतर कक्षाओं में आते– आते प्रखर वक्ता व रंगकर्मी के लिए प्रतिष्ठित हो चुके कैलाश जी महाविद्यालयीन जीवन में परिपक्व राजनीतिज्ञ के रूप में प्रदेश भर में जाने गए। सन् 1971 के लोकसभा चुनाव से ही संविधानवेत्ता पूर्व सांसद श्री हरि विष्णु कामथ के विश्वासपात्र बनकर राज्य और देश की राजनीति में पदार्पण किया।

करेली नगर पालिका के चुनाव में तीसरा मोर्चा गठित कर उसे भारी मतों से विजय दिलाते हुए सक्रिय राजनीति की जोरदार दस्तक दी। सामान्य परिवार में पले बढ़े कैलाश जी ने समाज के प्रत्येक वर्ग से नजदीकियां कायम की। जन सरोकारों हेतु संघर्षों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में उन्होंने अनेक जेल यात्राएं की। इनके साथ–साथ अटल जी के नेतृत्व में बांगलादेश की मान्यता के लिए 10 अगस्त 1971 में तिहाड़ जेल दिल्ली की यात्रा उल्लेखनीय है। भाजपा के नैनपुर अधिवेशन के संयोजन में अटल जी के पूरे प्रवास भर साथ रहने का सुअवसर उन्हें मिला, उनके विचारों से और जुड़ाव हुआ। जिले व महाकौशल संभाग में संपन्न अटल जी की अनेक सभाओं का कुशल संचालन कैलाश जी द्वारा किया गया, जो लोगों को आज भी जुबानी याद है। दरअसल अटल जी से कैलाश जी का सीधा जुड़ाव व परिचय रहा है, वे कैलाश जी को सीधे नाम से जानते थे।

सन् 1972– 1973 में अखिल भारतीय युवा सम्मेलन आयोजित कर तत्कालीन राजनीतिज्ञों का ध्यान उनकी सच्ची लगन और कठोर परिश्रम की ओर आकृष्ट हुआ। इन आयोजनों में देश के जो युवा सम्मिलित हुए उनमें सुषमा स्वराज, अरुण जेटली, शरद यादव, रघु ठाकुर, रामेश्वर नीखरा इत्यादि प्रमुख थे। सन् 1975 में इंदिरा गांधी ने जब स्वयं की राजनीतिक प्रतिष्ठा बनाए रखने हेतु आपातकाल घोषित किया, तब कैलाश जी को सर्व प्रथम जेल में डाला गया। प्रदेश में सर्वाधिक मीसाबंदी नरसिंहपुर जिले के उन्हीं के नेतृत्व में थे। कैलाश जी को सन् 1977 के लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद ही रिहाई मिली थी। उनकी जनता पार्टी के गठन से लेकर भारतीय जनता पार्टी के बंबई अधिवेशन में गठन हेतु उजली तपस्या विशेष उल्लेखनीय रही है। आपातकालीन डेढ़ साल से भी अधिक जेल यात्रा के दौरान देश के वरिष्ठ राजनीतिज्ञों के सत्संग से ऐसी सक्रिय राजनीति का गहन अध्ययन किया जिसमें बाल्यावस्था से प्राप्त संघ के संस्कारों में तपने का सुअवसर मिला। आपातकाल के उपरांत आपने नगर, तहसील, जिला, संभाग, प्रदेश और देश स्तर पर लोकतंत्र सेनानी संघ स्थापित कर लोकतंत्र सेनानियों के हित में अनेक निर्णय लिये। आज यह संगठन देश में निरंतर सक्रिय है, यही कारण है कि अनेक राज्यों के लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान निधि मिल रही है। लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाते अनेक अधिवेशन जिले से लेकर दिल्ली में आज भी उनके मार्गदर्शन में आयोजित किए जाते हैं।

सन् 1977 के लोकसभा चुनाव में हरि विष्णु कामथ जी के चुनाव प्रभारी के रूप में आपकी संगठन क्षमता को देश– प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं ने पहचाना। इसीलिए दल ने जिला भाजपा के अध्यक्ष का दायित्व अनेक बार दिया। भाजपा के सभी संगठनों में उनकी राजनीतिक सूझ–बूझ की सराहना आज भी सभी करते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी, राजमाता सिंधिया, कुशाभाऊ ठाकरे, लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, वीरेंद्र सखलेचा, कैलाश जोशी, सुन्दरलाल पटवा, मेघराज जैन, बाबूराव परांजपे जैसी हस्तियों के सन्निकट रहकर देश और दल की स्तुत्य सेवा में निरंतर रत हैं। आज के दौर की राजनीतिक विचारधाराओं से सुपरिचित राष्ट्रवादी कैलाश जी ने को– ऑपरेटिव बैंक के जिला अध्यक्ष व अपेक्स बैंक के पहले डायरेक्टर फिर उपाध्यक्ष पद पर आसीन रहकर अनेक उल्लेखनीय कार्य करते हुए राज्यसभा सांसद के रूप में जन सामान्य के विषय प्रस्तुत कर अपनी वजनदारी बनाए रखी।

बाबूजी के आत्मीय संबोधन से सुप्रतिष्ठित कैलाश जी ने लंबे समय तक वकालत करते हुए क्षेत्र और प्रदेश में अपनी गहरी पैठ बनाई। उनकी स्मरण शक्ति श्लाघनीय है। तभी तो छात्र जीवन के मित्रों से लेकर गांव–गांव के कार्यकर्त्ताओं के नाम उन्हें जुबानी याद हैं। हमें गर्व है कि पार्टी व देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृह मंत्री माननीय अमित शाह के सानिध्य में रहते हुए राज्यसभा काल के महत्त्वपूर्ण निर्णयों में तीन तलाक़ और जम्मू कश्मीर से 370 हटाना जैसे उल्लेखनीय क्षण में श्री कैलाश जी की सक्रिय भागीदारी रही। क्षेत्र वासियों से निरंतर संपर्क में रहने वाले कैलाश जी देश में भी सभी के सुख–दुख में सम्मिलित रहते हैं। उनके इस प्रेमातिरेक आत्मीय और स्पष्ट वक्ता के स्वभाव से जो भी परिचित हैं सभी आत्माभिभूत हैं। कैलाश जी सुधी पाठक हैं, उन्होंने अनेक राजनीतिक, आर्थिक, आध्यात्मिक विचारकों की पुस्तकों के अलावा विभिन्न काल के साहित्यकारों की पुस्तकें गहराई से पढ़ी हैं।

जन्मदिन के अवसर पर मेरे कविता संग्रह कविता की सरलतम इबारत में संकलित रचना प्रस्तुत करने का लोभ मैं संवरण नहीं कर पा रहा हूं, जो उन्हीं को समर्पित है...

## तो लीजिए– ढाई अक्षरों में कैलाश सोनी कविता

वे/ सुदूर अंचल तक/ फैले रेगिस्तान में/ हरियाली की तरह/ जहां अंकित रहते हैं/ पानी तलाशते/ श्रम साधकों के पांव/ वे/ अबोध बच्चों में/ मुस्कान की तरह/ जो प्रफुल्ल कर देते हैं/ अपरिचित बटोही को भी/ वे जल तरंग की तरह/ जिनमें झंकृत होता है/ तरलनाद/ जिनका मेल बन जाता है/ राग तिलक कामोद/ वे/ पोनी की तरह/ जो घूमते चरखे से बनते जाते हैं धागा/ विभिन्न सुमनों की माला गूंथने के लिए और वह फकीर जो/ किसी लकीर की सीमा में नहीं/ रामचरित मानस के/ अखंड पाठ हेतु/ वे आते हैं अकेले और फिर टोलियों सहित जाते हैं– अगले निर्वहन के लिए/ किसी शहीद के/ स्मारक पर/ भरने वाले मेले में/ समर्पित श्रद्धालु की तरह/ जहां पहुंच गीता के अक्षरों का/ खींचते हैं/वृत्त चित्र/जीवन के द्वंद्व में खड़े/मित्रों के लिए/ढाई अक्षरों की परिधि/उन्हें समाज है/और घर फुंक जाना/बाजार की परिभाषा/दरवाजे के ऊपर/उछारे गये स्वास्तिक/उनकी परंपराएं हैं/और कर्मकांड/जरूरतों की पंक्तियों के/आखिरी अक्षर की/मधुर मुस्कान है।

आयु के 75 वर्ष की पूर्ति पर निरंतर उल्लेखनीय लंबे जीवन की मेरे अग्रज माननीय श्री कैलाश जी को अशेष शुभकामनाएं व अनेक आत्मीय बधाईयां।



नारायण श्रीवास्तव, वरिष्ठ साहित्यकार

# वेनेज़ुएला दो अरब अमेरिकी डॉलर कीमत का कच्चा तेल अमेरिका को भेजेगा : ट्रंप

वॉशिंगटन, (वार्ता)

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका और वेनेजुएला एक समझौते पर पहुंच गये हैं, जिसके तहत वेनेजुएला लगभग दो अरब डॉलर कीमत का कच्चा तेल अमेरिका भेज सकता है। श्री ट्रंप ने कहा कि यह समझौता इस बात का प्रमाण है कि वेनेजुएला अमेरिकी तेल कंपनियों के लिए अधिक पहुंच प्रदान करने की उनकी मांग का पालन कर रहा है। इससे पहले उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र को नहीं खोलने पर वेनेजुएला को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि वेनेजुएला में हालिया सैन्य अभियान का एक मुख्य उद्देश्य देश के तेल क्षेत्र को अमेरिकी नियंत्रण में लाना और अमेरिकी तेल कंपनियों को वहां पुनर्निर्माण की क्षमता देना था।





श्री ट्रंप ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि वेनेजुएला की अंतरिम राष्टपति देश के संसाधनों तक %पूर्ण पहुंच% प्रदान करें। उन्होंने एयर फोर्स वन विमान पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, हमें पूर्ण पहुंच की आवश्यकता है। हमें तेल और उनके देश की अन्य चीजों तक पहुंच चाहिए, जो हमें उनके देश का पुनर्निर्माण करने की अनुमति दें।अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि डेल्सी रोड्रिग्ज वाशिंगटन के साथ सहयोग कर रही हैं और उनका प्रशासन उन लोगों के साथ जुड़ रहा है जिन्होंने अभी शपथ ली है। जब सुश्री रोड्रिग्ज की स्थिति के बारे में पूछा गया, तो श्री ट्रंप ने कहा कि वह शायद मादुरो से भी बदतर स्थिति का सामना करेंगी। अमेरिकी राष्ट्रपति की यह घोषणा दिसंबर के मध्य में वेनेजुएला पर लगायी गयी अमेरिकी निर्यात नाकेबंदी के बाद आई है, जिसके कारण बड़ी मात्रा में वेनेजुएला का कच्चा तेल टैंकरों और भंडारण में फंसा रह गया था। यह नाकाबंदी वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की सरकार पर व्यापक अमेरिकी दबाव का हिस्सा थी, जिसका समापन अमेरिकी सेना द्वारा श्री मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़ने के साथ हुआ।

श्री ट्रंप ने यह भी कहा कि वेनेजुएला 3 करोड़ से 5 करोड़ बैरल प्रतिबंधित तेल उपलब्ध कराएगा, जिसे बाजार की कीमतों पर बेचा जाएगा तथा इसकी आय उनके प्रशासन द्वारा नियंत्रित की जाएगी ताकि वेनेजुएला और अमेरिकियों दोनों के लिए लाभ सुनिश्चित हो सके। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट को ऑपरेशन की निगरानी करने का निर्देश दिया है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि तेल जहाजों से सीधे अमेरिकी बंदरगाहों तक पहुंचाया जाए।

## भारत ने वेनेज़ुएला की स्थिति पर चिंता जताई, संवाद और शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान किया

**लक्जमबर्ग, (वार्ता)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वेनेजुएला के हालिया घटनाक्रम पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि भारत का मुख्य ध्यान वेनेजुएला के लोगों के कल्याण और उनकी सुरक्षा पर केंद्रित है। उन्होंने सभी पक्षों और संबंधित हितधारकों से संवाद का रास्ता अपनाने तथा नागरिकों की सुरक्षा के लिए शांतिपूर्ण समाधान खोजने का आह्वान किया। लक्जमबर्ग के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री जेवियर बेटटेल के साथ बातचीत में श्री जयशंकर ने वेनेजुएला के साथ भारत के दीर्घकालिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि वह वेनेजुएला के घटनाक्रम को लेकर वास्तव में चिंतित हैं और वह इसमें शामिल सभी पक्षों से आग्रह करते हैं कि वे एक साथ बैठें और ऐसी स्थिति पर पहुंचें जो वेनेजुएला के लोगों के कल्याण और सुरक्षा के हित में हो।भारत के विदेश मंत्रालय ने भी एक बयान जारी कर वेनेजुएला की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है और बातचीत के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान की अपील की है। मंत्रालय ने वेनेजुएला के लोगों के प्रति अपना समर्थन दोहराया और संकट के समाधान के लिए शांतिपूर्ण संवाद पर जोर दिया। इसके साथ ही मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों के लिए एक यात्रा परामर्श भी जारी किया है, जिसमें उन्हें वेनेजुएला की गैर–जरूरी यात्रा से बचने और काराकस के भारतीय दूतावास से संपर्क बनाए रखने का सुझाव दिया गया है। उल्लेखनीय है कि वेनेजुएला पर हुयी एक अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद राष्टपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस न्यूयॉर्क के ब्रूकलिन में मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में अमेरिकी हिरासत में हैं। उन पर कथित तौर पर नार्को–टेररिज्म यानी नशीली दवाओं के आतंकवाद में शामिल होने के आरोपों के तहत मुकदमा चलाया जा रहा है। इस दंपति ने सोमवार को नशीले पदार्थों और हथियारों से जुड़े आरोपों में खुद को निर्दोष बताया है।



## वेनेज़ुएला में मादुरो को पकड़ने के अभियान के दौरान सात अमेरिकी सैनिक हुए थे घायल

**वाशिंगटन, (वार्ता)।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के अभियान के दौरान अमेरिका के सात सैन्यकर्मी घायल हो गए थे। अमेरिकी मीडिया फॉक्स न्यूज ने एक अनाम अमेरिकी अधिकारी के हवाले से यह खबर दी है। इसमें कहा गया है इन सात में से पांच सैनिक वापस ड्यूटी पर लौट आए हैं जबकि दो अभी भी स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वेनेजुएला में अभियान के दौरान घायल हुए सभी अमेरिकी बेहतर स्थिति में हैं। हालांकि घायलों की आधिकारिक संख्या और उनकी स्थिति के बारे में अभी कोई विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। एनबीसी की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि जब अमेरिकी सुरक्षा बल श्री मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को उनके आवास से ले जा रहे थे, तब किसी दीवार या दरवाजे से टकराने के कारण वे दोनों भी चोटिल हो गए। रिपोर्ट के अनुसार ये चोटें मादुरो और उनकी पत्नी के अमेरिकी विशेष बल डेल्टा के सैनिकों के संपर्क में आने से पहले लगी थीं। उनके शरीर पर खरोंच और नील के निशान पाए गए हैं जो किसी दरवाजे या दीवार से टकराने के कारण हो सकते थे। एक अन्य सूत्र ने जानकारी दी कि बाद में विमान में सवार होने के दौरान इस दंपत्ति का चिकित्सकीय परीक्षण भी किया गया।

## नरम पड़ा मेक्सिको, कहा अमेरिका से बातचीत को तैयार

**मेक्सिको सिटी, (वार्ता)।** मेक्सिको की राष्टपति क्लाउडिया शिनबाम ने कहा है कि मेक्सिको के अपने सिद्धांत हैं, जिन पर वह चलता है लेकिन वह हमेशा अमेरिका के साथ अपने मसले सुलझाने के लिए बातचीत का पक्षधर है।सुश्री शिनबाम की यह प्रतिक्रिया अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप के उस हालिया सुझाव के बाद आयी है, जिसमें उन्होंने नशीली दवाओं की तस्करी से निपटने में मदद के लिए अमेरिकी सैनिकों को भेजने की बात कही थी। उन्होंने देश में किसी भी तरह के विदेशी हस्तक्षेप को मंगलवार को सिरे से खारिज कर दिया।

अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान सुश्री शिनबाम ने मादक पदार्थों की तस्करी से प्रभावी ढंग से लड़ने के लिए साझा जिम्मेदारी और राष्टीय संप्रभुता के प्रति अटूट सम्मान के ढांचे के भीतर बातचीत और द्विपक्षीय सहयोग की वकालत की।मेक्सिको प्रमुख के अनुसार वह वाशिंगटन के साथ आपसी बातचीत के रास्ते बंद किये बिना एक दृढ़ और सैद्धांतिक रुख बनाये हुए है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी अन्य चीज से ऊपर बातचीत को प्राथमिकता देती हैं और हमेशा अमेरिकी सरकार के साथ वार्ता की पक्षधर हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक साथ काम करने का उचित तरीका यही है कि राजनयिक माध्यमों को मजबूत किया जाये और आपसी सम्मान तथा अंतरराष्टीय सहयोग के सिद्धांतों पर आधारित समझौतों के साथ आगे बढ़ा जाये। मेक्सिको संगठित अपराध से निपटने में अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह निभाता है लेकिन इसके साथ ही अमेरिका को भी अपने क्षेत्र में हथियारों की तस्करी, नशीली दवाओं के वितरण और धन शोधन को रोकने के लिए अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

## संघर्ष विराम के बाद अपने सैनिकों को यूक्रेन भेजेंगे : मैक्रों

**पेरिस,(वार्ता)।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने कहा है कि रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम होने के बाद वह यूक्रेन में शांति बरकरार रखने के लिये हज़ारों फ्रांसिसी सैनिक तैनात कर सकते हैं। उन्होंने यहां मंगलवार को पश्चिमी और यूरोपीय देशों की एक बैठक के दौरान फ्रांस–2 टीवी चैनल के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि फ्रांस संघर्ष विराम पर हस्ताक्षर होने के बाद रूस–यूक्रेन सीमा की देखरेख के लिये अभियानों में हिस्सा लेगा। उन्होंने यह भी साफ किया कि फ्रांसिसी सैनिक यूक्रेन में युद्ध के लिये नहीं जायेंगे। फ्रांस की भूमिका यूक्रेनी सेना के पुनर्निर्माण तक ही सीमित होगी। श्री मैक्रों ने कहा कि यूक्रेन, यूरोपीय देशों और अमेरिका के बीच बातचीत हुई है और यही देश फैसला करेंगे कि सीमा का उल्लंघन हुआ है या नहीं। उल्लेखनीय है कि 30 पश्चिमी और यूरोपीय देशों ने मंगलवार को यहां एक बैठक में इस बात पर सहमति जताई कि भविष्य का कोई भी शांति समझौता यूक्रेन के लिये मज़बूत और बाध्य सुरक्षा गारंटियों के बिना नहीं होगा। सभी देशों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि वे संघर्ष विराम होने के बाद वे एक राजनीतिक और कानूनी तौर पर बाध्य गारंटियों की व्यवस्था लागू करने के लिये तैयार हैं। इसमें अमेरिका के नेतृत्व वाले संघर्ष विराम की निगरानी व्यवस्था में हिस्सा लेना, यूक्रेन को सैन्य समर्थन देना और दीर्घकालिक रक्षा सहयोग शामिल होगा।



## सुकमा में 26 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा, (वार्ता)

छत्तीसगढ़ में माओवादी संगठन ताश की पत्तों की तरह बिखरने लगा है बुधवार को फिर सुकमा जिले में 26 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिनमें सात महिला नक्सली शामिल हैं। इन नक्सलियों पर 64 लाख रुपयों का ईनाम घोषित था। छत्तीसगढ़ के साथ ही आसपास के अन्य राज्यों में भी सक्रिय नक्सलियों ने तात्कालिक विस्फोटक उपकरण (आईईडी) विस्फोट के जरिए, गोलीबारी करके और घात लगाकर हमलों को अंजाम देकर सुरक्षा बलों के 56 जवानों की जानें ली हैं। सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक अर्ध सैनिक बल के बहुत से बटालियन (केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 02, 159, 212, 217, 226 और कोबरा 201) की आसूचना शाखा के जरिए नक्सलियों को आत्म समर्पण के मनाया जा रहा था, सीआरपीएफ , डीआरजी और अन्य बलों की मेहनत के कारण आज आखिरकार राज्य पुलिस को इस काम में सफलता हाथ लगी है। लाली उर्फ मुचाकी आयते, मुरिया आदिवासी डिप्टी कमांडर रैंक की नक्सली है, इस पर दस लाख रुपये का ईनाम घोषित किया गया था। वर्ष 2005 से अब तक यानी कि बीस वर्षों में यह नक्सली आठ छोटे बड़े नक्सल घटनाओं में शामिल थी। यह नक्सली एके 47 लेकर चला करती थी, ग्राम सोनाबेड़ा से कोरापुट मार्ग में साल 2017 में सुरक्षा बल के एक वाहन को आईईडी लगाकर उड़ा दिया गया था।

## इसरो 12 जनवरी को भेजेगा पीएसएलवी-सी62 मिशन

चेन्नई, (वार्ता)

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 12 जनवरी को पूर्वाह्न 10:17 बजे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) के शार रेंज से पीएसएलवी–सी62 मिशन अंतरिक्ष में भेजेगा। इसरो ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में घोषणा की, पीएसएलवी–सी62 मिशन का प्रक्षेपण 12 जनवरी 2026 को पूर्वाह्न 10:17 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के शार रेंज से निर्धारित है। पीएसएलवी सी–62 भारत के भरोसेमंद 'पोलर सेटेलाइट लॉन्च व्हीकल' की 64वीं उड़ान होगी। यह मिशन प्राथमिक पेलोड के रूप में ईओएस–एन1 को ले जाएगा, जो रणनीतिक उद्देश्यों के लिए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित एक 'अर्थ ऑब्जर्वेशन इमेजिंग सेटेलाइट' है। ईओएस–एन1 के अलावा, यह अभियान 25 किलोग्राम के फुटबॉल के आकार के एक केस्ट्रेल इनिशियल डिमॉन्स्ट्रेटर को भी ले जाएग, जिसे स्पेन स्थित स्टार्टअप ऑर्बिटल डिमॉन्स्ट्रेटर द्वारा विकसित किया गया है। यह मिशन साथ ही लगभग 18 उपग्रहों को भी कक्षा में स्थापित करेगा, जिनका कुल वजन 200 किलोग्राम है। ये पेलोड भारत, मॉरीशस, लक्जमबर्ग, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, यूरोप और अमेरिका के स्टार्टअप और अनुसंधान संस्थानों के हैं। अधिकारियों ने कहा कि पीएसएलवी–सी62/ईओएस–एन1 मिशन न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड के समर्थन से भेजे जाने वाला यह अभियान मुख्यत: अर्थ ऑब्जर्वेशन मिशन है, साथ ही इसमें भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों उपयोगकर्ताओं के कई पेलोड भी शामिल हैं।

## थाईलैंड के साथ शांति बहाल करने के लिये कंबोडिया प्रतिबद्धः सीनेट अध्यक्ष हून सेन

**फ्नोम पेन्ह, (वार्ता/ शिन्हुआ)।** कंबोडिया की सत्ता पर काबिज़ कंबोडियन पीपल्स पार्टी (सीपीपी) के अध्यक्ष सैमडेक टेको हून सेन ने बुधवार को कहा कि उनका देश थाईलैंड के साथ संघर्षविराम लागू करने और दोनों देशों के बीच शांति बहाल करने के लिये प्रतिबद्ध है।

श्री हून सेन ने कहा कि कंबोडिया और थाईलैंड के बीच शांति बहाल होने से पूरे क्षेत्र में अमन, सुरक्षा, स्थिरता और खुशहाली को भी बढ़ावा मिलेगा। श्री हून सेन सत्तारूढ़ दल के अध्यक्ष होने के साथ–साथ कंबोडिया की सीनेट के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा, शांतिपूर्ण समाधान हासिल करने में भागीदारी निभाने और सक्रिय सहायता देने के लिये कंबोडिया सभी मैत्री देशों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के प्रति गहरा आभार व्यक्त करता है, खासकर अमेरिका, चीन और मलेशिया की अध्यक्षता में आसियान सदस्य देशों के प्रति। उल्लेखनीय है कि कंबोडिया और थाईलैंड ने तीन हफ्तों तक चले संघर्ष के बाद 27 दिसंबर 2025 को तत्काल संघर्षविराम पर हामी भरी थी।

## मनरेगा का नाम बदलना योजना को खत्म करने की गोपनीय साजिशः अखिलेश

नयी दिल्ली, (वार्ता)

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने की कोशिश इस प्रमुख ग्रामीण रोजगार योजना को धीरे–धीरे खत्म करने की एक गोपनीय साजिश रची गयी है।

गौरतलब है कि पिछले संसदीय सत्र में पारित नया कानून – विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन –ग्रामीण (वीबी–जीरामजी) अधिनियम, 2025, मनरेगा की जगह ले रहा है। इस नए कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के मजदूरी रोजगार की गारंटी दी गई है। इसका ध्यान बुनियादी ढांचे और परिसंपत्तियों के निर्माण पर है, जिसमें तकनीक का उपयोग, मजदूरी के लिए केंद्र–राज्य के बीच 60:40 का नया वित्तीय अनुपात, पारदर्शिता (बायोमेट्रिक/जियो–टैगिंग) और पीएम गति शक्ति जैसे राष्टीय लक्ष्यों से ग्रामीण कार्यों को जोड़ने का प्रावधान है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा एक सरकारी योजना थी, जो ग्रामीण परिवारों को प्रति वर्ष 100 दिनों के अकुशल मजदूरी कार्य की कानूनी गारंटी देती थी। इसका उद्देश्य आजीविका सुरक्षा बढ़ाना और सड़कों, तालाबों और जल संरक्षण संरचनाओं जैसे ग्रामीण बुनियादी ढांचे का निर्माण करना था। यह न्यूनतम मजदूरी, पुरुष–महिला को समान वेतन और 15 दिनों के भीतर काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता सुनिश्चित करती थी।



श्री यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर एक बयान पोस्ट करते हुए कहा कि मनरेगा का नाम बदलने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा, बल्कि यह भाजपा की उस मंशा को दर्शाता है जिसके तहत इस योजना को गुपचुप तरीके से खत्म करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा, मनरेगा का नाम बदलने से कुछ नहीं बदलेगा। असल में यह मनरेगा को धीरे–धीरे खत्म करने की भाजपा की गुप्त साजिश है।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार कई तरीकों से इस योजना को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा, एक तरफ भाजपा सरकार लगातार मनरेगा का बजट घटा रही है, दूसरी तरफ उसने राज्यों पर ऐसा वित्तीय दबाव बना दिया है कि केंद्र से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) मुआवजे में देरी और कमी के कारण पहले से खाली खजाने वाले राज्य यह सोचने को मजबूर हैं कि अतिरिक्त धन कहां से लाएं। श्री यादव ने दावा किया कि इससे राज्य अंतत: इस योजना को सीमित करने या छोड़ने को मजबूर हो जाएंगे।

सपा अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र ने सैकड़ों ग्राम सभाओं को %शहरी श्रेणी% में डालकर मनरेगा को एक और झटका दिया है, जिससे वे ग्रामीण रोजगार निधि से वंचित हो गई हैं। उन्होंने कहा, कई ग्राम सभाओं को शहरी श्रेणी में डालकर भाजपा सरकार ने उनका मनरेगा बजट भी छीन लिया है। श्री यादव ने कहा, भाजपा का असली लक्ष्य सिर्फ मनरेगा का नाम बदलना नहीं, बल्कि उसे पूरी तरह राम–राम कह देना है भाजपा की प्राथमिकताओं पर तंज कसते हुए उन्होंने जोड़ा, भाजपा अपने अलावा किसी और का पेट भरते देख नहीं सकती।

विपक्षी दल लंबे समय से केंद्र पर मनरेगा के लिए अपर्याप्त बजट आवंटन और मजदूरी भुगतान में देरी के आरोप लगाते रहे हैं, हालांकि सरकार इन आरोपों को खारिज करती रही है और कहती है कि आवंटन मांग–आधारित है तथा आवश्यकता के अनुसार धन जारी किया जाता है। इस मुद्दे को गरीबों के अधिकारों से जुड़ी बड़ी लड़ाई बताते हुए सपा अध्यक्ष ने कहा, आज के गरीबों को भाजपा की जरूरत नहीं है। उन्होंने संकेत दिया कि आगामी चुनावों से पहले मनरेगा और कल्याणकारी खर्च विपक्ष के हमलों का प्रमुख मुद्दा बने रहेंगे।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**


## 69 वर्ष की हुई रीना रॉय

बॉलीवुड की जानी–मानी अभिनेत्री रीना रॉय आज 69 वर्ष की हो गयी। 07 जनवरी 1957 को जन्मीं रीना रॉय को सर्वप्रथम बी.आर.इशारा की फिल्म नई दुनिया नए लोग में काम करने का प्रस्ताव मिला। इस फिल्म में रीना रॉय के अपोजिट डैनी थे लेकिन कुछ कारणो से यह फिल्म रुक गई। बाद में यह फिल्म वर्ष 1973 में प्रदर्शित हुई लेकिन सफल नहीं रही। बी.आर. इशारा ने एक बार फिर से रीना रॉय और डैनी को अपनी फिल्म जरूरत में काम करने का अवसर दिया। वर्ष 1972 में प्रदर्शित फिल्म जरूरत यूं तो टिकट खिड़की पर कोई खास करिश्मा नहीं दिखा सकी लेकिन रीना रॉय फिल्म इंडस्ट्री में जरूरत गर्ल के नाम से मशहूर हो गई। वर्ष 1973 में रीना रॉय को जीतेन्द्र के साथ फिल्म जैसे को तैसा में काम करने का अवसर मिला, जो उनके करियर की पहली सुपरहिट फिल्म साबित हुई।वर्ष 1976 रीना रॉय के करियर के लिये अहम वर्ष साबित हुआ। इस वर्ष उनकी नागिन और कालीचरण जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुई। राजकुमार कोहली के निर्देशन में बनी फिल्म नागिन में रीना रॉय ने इच्छाधारी नागिन की दमदार भूमिका निभाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इस फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये रीना रॉय सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए भी नामांकित की गई। नागिन की ब्लॉकबस्टर कामयाबी के बाद रीना रॉय इंडस्ट्री की टॉप अभिनेत्रियों में शुमार हो गई। फिल्म नागिन की सफलता के बाद रीना रॉय, राजकुमार कोहली की प्रिय अभिनेत्री बन गई। राज कुमार कोहली ने रीना रॉय को मुकाबला, जानी दुश्मन, बदले की आग और राजतिलक जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम करने का अवसर दिया। वर्ष 1977 में प्रदर्शित फिल्म अपनापन रीना रॉय के करियर की उल्लेखनीय फिल्मों में शमिल है। इस फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का फिल्म फेयर पुरस्कार दिया गया। रीना रॉय की जोड़ी शत्रुघ्न सिन्हा और सुनील दत्त के साथ काफी पसंद की गई। वर्ष 1983 में रीना रॉय ने पाकिस्तानी क्रिकेटर मोसिन खान के साथ शादी की। हालांकि वर्ष 1992 में उन्होंने मोसिन खान से तलाक ले लिया।



रीना रॉय ने सत्तर और अस्सी के दशक में अपनी बोल्ड अदाओं से दर्शकों को अपना दीवाना बनाया। वर्ष 2000 में प्रदर्शित जे.पी.दत्ता की फिल्म रिफ्यूजी में रीना राय ने आखिरी बार काम किया है। रीना रॉय ने अपने करियर में 100 से अधिक फिल्मों में काम किया। उनके करियर की उल्लेखनीय फिल्मों में कुछ अन्य है–जमी, विश्वनाथ, बदलते रिश्ते, कर्मयोगी, गौतम गोविन्दा, आशा, सौ दिन सास के, नसीब, हथकड़ी, सनम तेरी कसम, धर्मकांटा, बेजुबान, दर्द का रिश्ता, नौकर बीबी का, गुलामी, आदमी खिलौना है आदि।

## पुलकित ने फिल्म राहु केतु में काम करने की वजह बताई



बॉलीवुड अभिनेता पुलकित सम्राट ने फिल्म राहु केतु में काम करने की वजह बताई है। पुलकित सम्राट ने हाल ही में अपनी नई फिल्म राहु केत को हाँ कहने के पीछे की असली वजहों और अपने सफ़र में माँ की अहम भूमिका को लेकर खुलकर बात की। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने यह प्रोजेक्ट सिर्फ़ वरुण और विपुल के साथ जुड़ाव के कारण साइन किया, तो पुलकित का जवाब कहीं ज़्यादा निजी और भावनात्मक था। एक पंक्ति में कहें तो यह उनके बचपन के सपनों, फैंटेसी फिल्मों के प्रति प्यार और परिवार के सहारे से जुड़ा हुआ था। पुलकित सम्राट के लिए %ाहु केतु सिर्फ़ एक फिल्म नहीं है, बल्कि इमोशन है। उनकी माने तो जैसे ही उन्होंने इसकी स्क्रिप्ट सुनी, फैंटेसी वाला एंगल उन्हें तुरंत भा गया। बचपन में देखी फैंटेसी फिल्मों को याद करते हुए उन्होंने कहा, अजूबा और छोटा चेतन जैसी फिल्मों ने मुझ पर गहरी छाप छोड़ी है और ज़िंदगी में कुछ पल ऐसे होते हैं, जिन्हें लगता है जैसे आप पहले ही अपने बचपन में जी चुके हैं। उन फिल्मों के ज़रिए फैंटेसी के प्रति जगे इसी लगाव ने बहुत कम उम्र में मेरे अंदर फैंटेसी सिनेमा के प्रति खास आकर्षण पैदा कर दिया था। गौरतलब है कि फैंटेसी फिल्म का हिस्सा बनना पुलकित का लंबे समय से संजोया हुआ सपना रहा है। जब यह स्क्रिप्ट उनके पास आई, तो उन्हें लगा कि यही वह मौका है, जिसका उन्हें इंतज़ार था। फिल्ममेकर विपुल विग और को–स्टार वरुण के साथ एक बार फिर काम करने का अवसर पाकर उनका भरोसा और मज़बूत हो गया। पुलकित ने अपनी माँ के अटूट विश्वास और समर्थन पर भी दिल से बात की। अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा, जब पूरा परिवार मेरे मुंबई जाने के फैसले के ख़िलाफ़ था, तब मेरी माँ ही थीं जो मजबूती से मेरे साथ खड़ी रहीं।

## 47 वर्ष की हुयी विपाशा बसु

बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री बिपाशा बसु आज 47 वर्ष की हो गयी। 07 जनवरी 1979 को दिल्ली में जन्मी विपाशा बसु ने अपनी शुरुआती पढ़ाई कोलकाता से पूरी की है। उन्होंने अपने मॉडलिंग करियर की शुरुआत वर्ष 1996 में कोलकता से ही की थी। मॉडलिंग करियर के दौरान उनकी मुलाकात अर्जुन रामपाल की पत्नी और मॉडल मेहर जासिया से हुई। उन्होंने उन्हें गोदरेज सिंथोल सुपर मॉडल में भाग लेने को कहा, और बिपासा बसु इस इसकी विजेता भी बनी। बॉलीवुड में विपाशा बसु ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 2001 में प्रदर्शित फिल्म अजनबी से की।इस फिल्म में विपाशा बसु के अपोजिट अक्षय कुमार थे।फिल्म में विपाशा का किरदार ग्रे शेड्स लिये हुये था।बावजूद इसके विपाशा ने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को रोमांचित कर दिया।इस फिल्म के लिये विपाशा को फिल्म फेयर की ओर से डेब्यू पुरस्कार भी दिया गया । वर्ष 2002 में विपाशा बसु को विक्रम भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म राज में काम करने का अवसर मिला।थ्रिलर से भरपूर राज भी दर्शको को बेहद पसंद आयी साथ हीं विपाशा अपने दमदार अभिनय के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिये नामांकित की गयी। वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म जिस्म विपाशा बसु के करियर की मत्वपूर्ण फिल्मों में शामिल है।इस फिल्म में विपाशा बसु ने एक बार फिर से नेगेटिव किरदार निभाया था।जिस्म में विपाशा बसु के अपोजिट जॉन अब्राहम थे।विपाशा और जॉन की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।इस फिल्म की सफलता के बाद विपाशा और जॉन की जोड़ी ने कई फिल्मों में साथ काम कर दर्शकों का मनोरंजन किया।



विपाशा बसु ने अपने सिने करियर में अबतक लगभग 55 फिल्मों में काम किया है।हिंदी फिल्मों के अलावा विपाशा ने तमिल.तेलगु और बंगला फिल्मों में भी अपने अभिनय का जलवा बिखेरा है।बिपाशा ने वर्ष 2016 में करण सिंह ग्रोवर के साथ शादी कर ली। विपाशा इन दिनों फिल्मों में सक्रिय नहीं है।

# कांग्रेस से जुड़े सम्यक अभियान चले रामराज्य की ओर इंदिरा ज्योति यात्रा का आगमन

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)



बुधवार को कांग्रेस से जुड़े सम्यक अभियान चले रामराज्य की ओर, इंदिरा ज्योति अभियान के तहत इंदिरा ज्योति यात्रा का आगमन हुआ। इस दौरान जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में सुप्रसिद्ध विचारक, लेखक भास्कर राव रोकडे ने बताया कि यह अभियान 2 मई 2022 से संचालित है। रोकड़े ने बताया कि हम चाहते हैं कि रामराज्य की स्थापना हो जिसमें सभी एक दूसरे के साथ सामानता और भाईचारे के साथ रहें। श्री रोकड़े ने पत्रकारों को इंदिरा गांधी से जुड़े कई संस्मरण और उनकी उपलब्धियों और उनके साहस को बताया। पत्रकारवार्ता के दौरान पूर्व सांसद एवं प्रदेश समिति अध्यक्ष सुरेन्द्र ठाकुर ने यात्रा के उद्देश्यों को बताया। पूर्व विधायक सुनील जायसवाल ने नरसिंहपुर जिले में इस अभियान की गतिविधियों की जानकारी दी। वहीं लेखक भास्कर राव रोकड़े ने बताया कि सम्यक अभियान के 9 मुद्दे हैं जिसमें केंद्र व राज्य शासन के सभी अधिकारियों, कर्मचारियो की सेवानिवृत्ति आयु अधिकतम 58 वर्ष केंद्र व राज्य शासन के सभी विभागों व उपक्रमों तथा निजी कंपनियों में आउटसोर्सिंग प्रणाली से प्रक्रिया पर रोक लगाना, भर्ती की प्रक्रिया पर पूर्णतः रोक लगाकर नियमित नौकरियों की व्यवस्था सुनिश्चित करना, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के समान ही प्रशिक्षित व शिक्षित वर्ग के कर्मचारियों हेतु न्यूनतम वेतन अधिनियम लागू कराके शासकीय व निजी क्षेत्र में समान कार्य के लिए एक-समान वेतन व्यवस्था सुनिश्चित करना, शासकीय व निजी क्षेत्र के उपक्रमों व उद्योगों में अधिकतम 8 घंटे की शिफ्ट ड्यूटी का प्रावधान तथा निजी क्षेत्र के कार्य-पद्धति से युक्त प्लेसमेंट डिपार्टमेंट स्थापित करना कर्मचारियों की अंधाधुंध छटनी के अधिकार कंपनी मालिको के पास न रहे, यह सुनिश्चित करने हेतु पारदर्शी, हर वर्ग के लिए आबादी के अनुपात में आरक्षण सुनिश्चित करने हेतु जातिगत जनगणना कराना तथा अर्हकारी व प्रतियोगी परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक लाने वालो के लिए वर्ग-मुक्त उत्कृष्ट श्रेणी बनाकर, उत्कृष्ट श्रेणी के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करना, आधुनिक दौर में परंपरागत पेशा छीन जाने से सर्वाधिक पिछड़ी परंपरागत पेशेवर जातियों जैसे ढीमर, मांझी, बाथम, रैकवार, केवट, निषाद, नाई-सेन-नापित, रजक-धोबी, गोवारी, धनगर, गडरिया पॉल, बंजारा, कुम्हार-प्रजापति, कीर, पनिका, लोहार, विश्वकर्मा, सिलावट-कुमावत आदि के लिए अलग से अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) बनाकर उन्हे परंपरागत पेशे के अनुरूप औद्योगिक प्रशिक्षण देकर, अतिरिक्त सुविधाएं देकर मुख्यधारा से जोडना, दूसरे राज्य में बसने पर भी मिलना चाहिए, यह सुनिश्चित करना, जन्म-स्थान या पुश्तैनी निवास में जिस वर्ग में जाति रही हो, उसी वर्ग का लाभ नौकरी, पेशे या विवाह के कारण सेंट्रिक, किसानों को कृषि क्रांति से जोडने हेतु इंडस्टी-कम्युनिटी फार्मिंग सिस्टम विकसित करना तथा उनके पास जो रियासतकालीन अकूत संपत्ति है, उसे सरकारी संपत्ति घोषित करना आदि शामिल हैं। उक्त मौके पर पूर्व सांसद सुरेन्द्र ठाकुर, पूर्व ऊर्जा मंत्री एनपी प्रजापति, पूर्व विधायक संजय शर्मा, सुनील जायसवाल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत, दीवान शैलेन्द्र सिंह, यात्रा में आए हेमराज सनकुले, डॉ. वेद आदि



## कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने म.प्र. लिपिक शासकीय कर्मचारी संघ कैलेंडर का किया विमोचन

**नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बुधवार को मध्यप्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ नरसिंहपुर के वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन कलेक्टर चैम्बर में किया। इस अवसर पर म.प्र. लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र अहिरवार, जिला सचिव श्री रामकुमार ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष श्री पुरषोत्तम मेहरा, अधीक्षक श्रीमती सुमित्रा धुर्वे, रीडर श्री आरके सोनी, श्री रामेश्वर सिंह राजपूत, श्री वैभव तिवारी, श्री पंकज नाग सिंगोतिया, श्रद्धा पाण्डे, श्वेता श्रीवास्तव एवं अन्य लिपिक कर्मचारी संघ के सदस्य मौजूद थे।

# नर्मदा परिक्रमावासियों का किया अभिनंदन



नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

नर्मदा परिक्रमा कर 16 दिन बाद आए सभी नर्मदा परिक्रमावासियों का जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष विवेक पटेल के निवास स्थान पर स्वागत सम्मान कर भंडारा किया गया। इस दौरान अनेक नर्मदा परिक्रमावासियों ने यात्रा के अनुभव एवं नर्मदा परिक्रमा के महत्व को बताते हुए संपूर्ण व्यवस्था के साथ यात्रा कराने वाले समाजसेवी मनीष जाट के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एमपी यूथ गेम्स का आयोजन

**नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।** खेल एवं युवक कल्याण विभाग के द्वारा मिली जानकारी अनुसार खेलो एम पी यूथ गेम्स का आयोजन जनवरी 2026 में किया जाना है । जिसमें 19 वर्ष से कम उम्र की हॉकी टीम का जिला स्तर पर गठन किया जाना है, जो भोपाल में 28 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेगी। जिले के अंडर 19 वर्ष के वे सभी खिलाड़ी जिनकी जन्म तिथि 1 जनवरी 2007 की या उसके बाद की हो वे इस प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र होंगेद्ध अधिक जानकारी हेतु खेल युवक कल्याण विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

# उमरिया में तीन दिवसीय आवासीय व्यावसायिक बकरी पालन एवं प्रबंधन प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)



जिले के शासकीय बकरी पालन प्रक्षेत्र उमरिया में तीन दिवसीय आवासीय व्यावसायिक बकरी पालन एवं प्रबंधन प्रशिक्षण का शुभारंभ बुधवार को हुआ। प्रशिक्षण की शुरुआत जबलपुर की अतिरिक्त उपसंचालक डॉ. मीता दास एवं जबलपुर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. विवेकानंद मिश्रा ने मां सरस्वती के पूजन-अर्जन के साथ किया। आवासीय प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लगभग 70 पशुपालकों ने अपना पंजीयन कराया है। इस अवसर पर जबलपुर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. विवेकानंद मिश्रा ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि बकरी पालन को केवल परंपरागत व्यवसाय न मानकर इसे लाभदायी धंधा बनाने की आवश्यकता है। प्रशिक्षण में सिखाई जाने वाली सभी तकनीकी बातों को ध्यान से सुनें और उनके नोट्स बनाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक पशुपालक वैज्ञानिक पद्धतियों को नहीं अपनाएंगे, तब तक व्यवसाय में गुणोत्तर वृद्धि संभव नहीं है। पशुओं के प्राथमिक उपचार, नस्ल सुधार और बेहतर प्रबंधन के पहलुओं को गहराई से समझने पर विशेष बल दिया। प्रशिक्षण के पहले दिन नरसिंहपुर के डॉ. संजय मांझी ने भारतीय नस्लों की पहचान और उनकी विशेषताओं, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. सुनील बृजपुरिया ने जेनेटिक्स और उच्च गुणवत्ता वाले ब्रीडर चयन के वैज्ञानिक तरीकों और डॉ. आरके बमनेले ने राष्ट्रीय पशुधन मिशन- एनएलएम व विभागीय योजनाओं के माध्यम से आर्थिक मदद प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ. बीके मुड़िया के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणार्थियों के लिए आवास एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। आगामी दो दिनों में टीकाकरण और आहार प्रबंधन जैसे विषयों पर प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान एव्हीएफओ श्री लक्ष्मण कौरव एवं श्रीमती छाया मुड़िया सहित अन्य प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।

## जिला स्तर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार 12 जनवरी को

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस युवा दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का वृहद आयोजन 12 जनवरी को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में प्रातः 9 बजे से प्रातः 10.30 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिला स्तरीय समिति का गठन कर दायित्व सौंपे हैं। उक्त समस्त अधिकारी/ लोकसेवकों को सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन करते हुए कार्यक्रम की तैयारी के लिए 11 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे और 12 जनवरी को प्रातः 8 बजे से अपनी उपस्थिति उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में देना सुनिश्चित करें। जारी आदेश के अनुसार सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम के सफल एवं सुचारू आयोजन के लिए अतिथि स्वागत, समारोह की सम्पूर्ण व्यवस्था एवं मॉनीटरिंग, मंचीय व्यवस्था, मंच संचालन, योग प्रदर्शन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था, साफ- सफाई एवं स्वच्छ पेयजल व चूना लाइन आदि व्यवस्था, प्रचार- प्रसार, मैदान व्यवस्था, बालक वर्ग व बालिका वर्ग प्रभारी, स्वल्पाहार एवं पेयजल व्यवस्था व सहयोग, डाटा फीडिंग और आभार प्रदर्शन के लिए अधिकारी/ लोकसेवकों को दायित्व सौंपे गए हैं।

# कार्यकर्ताओं को सौंपे गये दायित्व



मण्डला(स्वतंत्र मत)

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला में संगठन विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया जिला मंत्री ललित हिडाऊ के मार्गदर्शन में मंडला नगर सह मंत्री हेमंत दुबे द्वारा महाराजपुर खंड की रचना कर नवदायित्वों का वितरण किया गया यह संगठनात्मक बैठक महाराजपुर आंगन तिराहा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में श्रद्धा और अनुशासन के साथ संपन्न हुई बैठक में संगठन की कार्यप्रणाली दायित्वों की स्पष्टता और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई इस अवसर पर हर्ष खंड मंत्री पवन सह मंत्री हर्षित संयोजक सागर सह संयोजक सुजल गौ रक्षा प्रमुख मनीष सेवा प्रमुख आदर्श प्रचार प्रसार प्रमुख देव सत्संग प्रमुख तथा अजय सहित अन्य कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपी गई कार्यक्रम में नगर संगठन मंत्री सुरेन्द्र जी की उपस्थिति रही जिनके मार्गदर्शन से कार्य कर्ताओं में उत्साह और संगठन के प्रति समर्पण की भावना और अधिक सुदृढ़ हुई।

# उद्यमों तथा आत्मनिर्भर भारत की भावना को किया प्रोत्साहित

## एक्जीविशन स्वयं आयोजित होगा

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)



सभी स्वलंवीय और आत्मनिर्भर बने इस दिशा में सरकार अनेक कदम उठा रही है। केन्द्र सरकार की मंशा के अनुरूप नई सोच हमारी कल्पना महिला मंडल द्वारा अनेक कार्य किए जा रहे हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य है स्वयं के लिए, स्वयं और स्वयं हेतु कार्य को प्रोत्साहित करना है। इसे लेकर नरसिंहपुर में एक्जीविशन स्वयं आयोजित होगा। उक्त जानकारी नई सोच हमारी कल्पना महिला मंडल की अध्यक्ष डॉ. कल्पना मिश्रा ने पत्रकारों को देते हुए बताया कि आयोजित एक एक्जीविशन जिसका नाम स्वयं दिया गया है उद्देश्य है स्वयं का स्वयं के लिए, स्वयं के द्वारा, जिसका आयोजन 16 से 19 जनवरी को जिला पंचायत ग्राउंड पर आयोजित किया जायेगा। जिसमें अनेक स्टाल लगाए जायेंगे। जो स्टाल लगाना चाहते हैं वे हमसे संपर्क कर सकते हैं। मंडल की उपाध्यक्ष दीपिका कपूर एवं चाहत पचौरी व भारती ठाकुर ने बताया कि यह प्रदर्शनी एम.एस.सी. एमएसएमई सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित की जा रही है। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों, स्थानीय उद्यमों तथा आत्मनिर्भर भारत की भावना को प्रोत्साहित करना है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से महिला उद्यमिता, नवाचार, हस्तशिल्प, घरेलू उद्योगों तथा लघु व्यवसायों से जुड़े विभिन्न उत्पादों को एक ही मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। यह आयोजन न केवल उद्यमियों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर देगा, बल्कि आम जनता को भी गुणवत्तापूर्ण एवं स्वदेशी वस्तुओं से रूबरू होने का सुअवसर प्रदान करेगा।




# बीआरसी ने किया शालाओं का अवलोकन

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

गत दिवस जनपद शिक्षा केंद्र साईखेड़ा के बीआरसी संदीप स्थापक ने ब्लॉक साईखेड़ा के अंतर्गत विभिन्न शालाओं का अवलोकन कर शालेय व्यवस्थाओ का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम कैलकच्छ में प्राथमिक शाला भवन के निर्माण कार्य को देखा एवं माध्यमिक शाला का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम चामचोन की शासकीय माध्यमिक शाला में गणित एवं बगदरा की माध्यमिक शाला में अंग्रेजी विषय के अध्यापन को देखा एवं सायंकालीन सभा में शामिल हुए। अवलोकन के दौरान श्री स्थापक ने एटग्रेड अभ्यास पुस्तिकाओ के नियमित रूप से जांच किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में शैक्षणिक गुणवत्ता का विकास हो एवं उनमे विषय के प्रति समझ विकसित हो ऐसा उद्देश्य लेकर सभी कार्य करें। निरीक्षण के दौरान जनशिक्षक बनवारी लाल नागवंशी,शालेय स्टॉफ एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही ।

# चीचली में विकासखंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक संपन्न

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)



गत दिवस चीचली विकासखंड के जनपद शिक्षा केंद्र में विकासखंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट तथा उल्लास नवभारत साक्षरता की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक को सम्बोधित करते हुए बीआरसी चीचली डी के पटैल ने आगामी 16 एवं 17 जनवरी को होने वाली द्वितीय चरण की ओलंपियाड परीक्षा में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति, परीक्षा पे चर्चा में रजिस्ट्रेशन, विकासखंड स्तरीय गणित विज्ञान सामाजिक विज्ञान पर्यावरण प्रदर्शनी के आयोजन, माध्यमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास का संचालन, मेंटरिंग, बैगलेस डे की गतिविधि आयोजित करना , एफएलएन अभ्यास पुस्तिका पर कार्य, खाद्यान्न उठाव, ड्रॉप बॉक्स, पीएम पोषण आहार मॉनिटरिंग, आईवीआरएस मैसेज, आरएसके पोर्टल पर अर्धवार्षिक परीक्षा के अंकों की प्रविष्टि, निर्माण कार्य इत्यादि बिंदुओं पर विस्तृत निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित बीएसी अरुण दुबे ने युवा दिवस पर होने वाले सूर्य नमस्कार कार्यक्रम, विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति, शाला संचालन में मुस्कान एप कंटेंट से संबंधित संवाद, अध्यापन में टीएलएम का उपयोग, ड्रॉपबॉक्स कार्य संबंधी चर्चा की। उल्लास नवभारत साक्षरता के समन्वयक लेखराम गौतम तथा सत्यम ताम्रकार द्वारा ने आगामी 15 जनवरी तक ग्राम, वार्ड, बसाहटों के असाक्षरों के शत प्रतिशत सर्वे, सामाजिक चेतना के संचालन, आदर्श सामाजिक चेतना केंद्र में आवश्यक सामग्री की व्यवस्था, अक्षर साथी चिन्हांकन, मॉनिटरिंग तथा सामाजिक चेतना पंजी के सतत अद्यतन की बात की। इस बैठक मे अरुण दुबे, खुशबू ब्रिजपुरिया, प्रमोद साहू, सत्यम ताम्रकार, अजय नामदेव, संजय सोनी, हरिओम स्थापक, हेमंत पटैल, ललित पाराशर, हेमंत पटैल, हरीश गुप्ता, नरेश मेहरा, देवकरण रजक, वीरेंद्र रघुवंशी, संजय सिंह राजपूत, अजेश कुमरे, नेतराम कौरव, अभिषेक पाराशर, कैलाश कहार इत्यादि की उपस्थिति रही।

# हाईवे पर फिर सक्रिय हुआ धान चोर गिरोह

## स्लीमनाबाद के पास देर रात ट्रकों से हो रही चोरी



कटनी (स्वतंत्रमत)

धान खरीदी शुरू होने के साथ ही एक बार फिर धान चोर गिरोह सक्रिय हो चुका है। देर रात धान परिवहन करने वाले ट्रकों से धान उतारने और फिर उन्हें ठिकाने लगाने का खेल शुरू हो गया है। धान चोरी से संबंधित कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस पूरे गिरोह में शहर के ही कुछ लोगों का संरक्षण प्राप्त है। यह खेल बड़े पैमाने पर खेला जा रहा है। सरकारी धान की चोरी रोकने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा किए जा रहे प्रयास पर्याप्त नहीं है। सरकारी धान की चोरी जिले में पुरानी है। धान की चोरी अब जिले में खुलेआम लूट में तब्दील हो चुकी है। धान खरीदी के बाद परिवहन में लगे ट्रकों से रात के अंधेरे में सरकारी धान उतारकर बेचा जा रहा है और हैरानी की बात यह है कि यह सब हाईवे पर बेखौफ तरीके से हो रहा है। स्लीमनाबाद से अग्रवाल ढाबा और पिपरौंध तक का पूरा इलाका अवैध धान कारोबार का गढ़ बन चुका है। सूत्रों के मुताबिक धान से भरे ट्रकों को जानबूझकर हाईवे किनारे रोका जाता है और बिना नंबर की पिकअप गाड़ियों से बोरे उतारकर चोरी की जाती है। बीती रात सामने आए वीडियो ने पूरे सिस्टम की पोल खोल दी है, जिसमें साफ दिख रहा है कि कैसे सरकारी धान सड़क किनारे उतारकर खुलेआम ठिकाने लगाया जा रहा है। इस पूरे खेल में कुछ ट्रांसपोर्टर और ट्रक ड्राइवरों की मिलीभगत सामने आई है। सरकारी धान को कौड़ियों के दाम बाजार में खपाया जा रहा है और शासन को लाखों करोड़ों का नुकसान पहुंचाया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि एक युवक बिना नंबर की पिकअप लेकर अपने गिरोह के साथ रात में धान चोरी का नेटवर्क चला रहा है। सवाल यह है कि इतनी बड़ी गतिविधि पुलिस और प्रशासन की आंखों से कैसे बच रही है या फिर सब कुछ जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है। क्या पुलिस और प्रशासन इस लूट पर लगाम लगाएंगे या फिर सरकारी धान की यह खुली डकैती यूं ही चलती रहेगी।

# सिर्फ पाठशालाओं में मिलती है व्यवहारिकता की शिक्षा

## मुनिश्री पदम सागर महाराज का बंगला जैन मंदिर से बिहार



कटनी (स्वतंत्रमत)

मुनि पदम सागर का बंगला जैन मंदिर से गत दिवस बिहार हो गया। इस दौरान बड़ी संख्या में बंगला जैन मंदिर परिवार एवं बाहुबली कॉलोनी सहित जैन समाज के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इसके पहले बांग्ला जैन मंदिर में सागर पाठशाला से आए बच्चों को मुनि श्री ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि स्कूली शिक्षा तो जीवन का निर्वाह कर सकती है, लेकिन जो धार्मिक शिक्षा होती है, वह जीवन का निर्वाह तो करती है लेकिन जीवन के निर्वाह के साथ जीवन के निर्माण को भी प्राप्त कर देती है। उन्होंने अभिभावकों से आव्हान किया कि बच्चो को पाठशाला भेजें, जिससे वो सीखें, कैसे बैठे, कैसे उठे, कैसे खाएं, कैसे बड़ों से वार्तालाप करें। उन्हें किताबी शिक्षा तो स्कूल में मिल रही है लेकिन व्यवहारिकता की शिक्षा भी जरूरी है, वो सिर्फ पाठशालाओ से ही मिल सकती है। महाराज ने कहा कि यहां हमने चातुर्मास किया। हमने अपने जीवन में ऐसा चातुर्मास नहीं किया, जो कटनी नगर में हुआ। बंगला जैन मंदिर जो हुकुमचंद ने बनवाया था, जो भव्य मंदिर का रूप ले चुका है, इसी परिवार के दामाद सिंगापुर में संत निवास के लिए जमीन और उसमे भवन निर्माण कर देंगे। मंदिर प्रवचन में बंगला मंदिर अध्यक्ष विजय जैन, राकेश जैन कक्का, सुधीश पप्पू जैन, पंचम जैन, विमल जैन, राजकुमार जैन, रज्जन जैन, पवन जैन, आराधना जैन, पूर्वी जैन, रोशनी जैन, आभा जैन उपस्थित रहे। इस अवसर पर सागर से आए भक्त जन कल्पना शास्त्री, अभिलाष जैन, सुनीता वाधवानी, नेहा जैन, शिखा जैन, कविता जैन, विमल जैन, बसंत जैन सहित बड़ी संख्या में सागर पाठशाला से आये बच्चे उपस्थित रहे।

# चोरों ने शहर के चार मंदिरों में धावा बोला



कटनी (स्वतंत्रमत)

गत रात्रि शहर में जोरदार ठंड पड़ने पर चोरो ने फायदा उठाते हुए शहर में एक बार फिर चोरों ने आस्था को निशाना बनाते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीती रात चार मंदिरों में चोरी की कोशिश की गई, जिसमें दो स्थानों पर चोर सफल होते नजर हो गए जानकारी के मुताबिक सबसे पहले चोरों ने गणेश चौक स्थित गणेश मंदिर में चोरी का प्रयास किया जहां से चोरों ने अंदर रखा कटोरा और थाली पर हाथ साफ किया इसके बाद सिविल लाइन कल्याणी दुर्गा मंदिर को भी अपना निशाना बनाना चाहा और गेट का कुंडा काटने की कशिश की गई लेकिन चोर विफल हो गए वही गायत्री नगर मैंन रोड स्थित राम मंदिर को निशाना बनाया, जहाँ चोर ताला तोड़ कर भगवान राम के मुकुट और माला जो आर्टिफिशियल बताई जा रही हैं भगवान राम के मुकुट पर चांदी का अर्क चढ़ा हुआ था जिसे चांदी समझ कर चोर ले गए। इसके बाद चोरों ने बाबा घाट स्थित हनुमान मंदिर में देर रात दस्तक दीजो मुख्य सड़क से थोड़ा अंदर स्थित है, वहाँ चोर को पर्याप्त समय मिल गया और उन्होंने मंदिर परिसर में घुर हनुमान जी का चांदी का मुकुट एवं छत्र चोरी कर लिया जं लगभग एक पाव चांदी का बताया जा रहा है। इस पूरे मामले में कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडे ने बताया कि गणेश मंदिर और राम मंदिर में केवल ताला तोड़ने की कोशिश की गई, जबकि बाबा घाट मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी हुआ है। लगातार हो रही इन घटनाओं से शहरवासियों में दहशत का माहौल है। और पुलिस की गश्त व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। अब देखना होगा कि पुलिस चोरों तक कब तक पहुँच पाती है।



# पुलिस के विशेष चेकिंग अभियान में 6 वाहनों पर कार्रवाई

कटनी (स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के निर्देशन में एवं देवेंद्रनगर थाना प्रभारी राम आसरे सोनकर के मार्गदर्शन में देवेंद्रनगर थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे 39 राइस मिल के पास पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान लगाया गया जिसके अंतर्गत नियम तोड़ने वाले वाहन चलाने पर कार्रवाई की गई जिसमें बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चलाना एवं बिना सीट बेल्ट कार चलना एवं हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट ना होना एवं अत्यधिक तेज रफ्तार से वाहन चलाना जिस पर चेकिंग लगाकर चालानी कार्रवाई की गई। 6 वाहनों पर की गई चालानी कार्रवाई, जिसमें 3000 की राशि अर्जित हुई जिसे शासन के मद में जमा किया गया। इस चालानी कार्रवाई में राजेंद्र नामदेव, प्रधान आरक्षक अशोक कुमार एवं आरक्षक राकेश सिंह एवं सैनिक शामिल रहे।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत 10 वर्षीय अपहृत बालक सकुशल दस्तयाब

## आरपीएफ कटनी के सहयोग से कटनी रेलवे स्टेशन से की गई दस्तयाबी



कटनी (स्वतंत्रमत)

पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित विशेष ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत अपहृत बालक/बालिकाओं की सकुशल दस्तयाबी हेतु पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ़ वीरेन्द्र धार्वे के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी बरही निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। थाना बरही के अप.क्र. 17/2026 धारा 137(2) बीएनएस में दर्ज 10 वर्षीय अपहृत बालक की तलाश हेतु टीम द्वारा निरंतर प्रयास किए गए। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण, डॉग स्क्वॉड की सहायता, वन विभाग एवं रेलवे विभाग से समन्वय, सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर-बैनर, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया एवं व्हाट्सएप ग्रुप्स के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। इन सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप 06 जनवरी को अपहृत बालक कटनी रेलवे स्टेशन पर एक गणमान्य व्यक्ति जो कटनी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से बाहर जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहे थे जिनके द्वारा सोशल मीडिया में उक्त बच्चे की फोटो देखी थी जो बच्चे को देखकर समझ गए कि यह वही बच्चा है जो बरही से घूम गया है गणमान्य व्यक्ति के द्वारा बरही थाना सूचना दी गई चुकी इनको ट्रेन से बाहर जाना था इस कारण आरपीएफ थाने में बच्चे को सुरक्षित बैठाकर थाना बरही पुलिस के द्वारा बालक को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। दस्तयाबी उपरांत बालक को विधिसम्मत कार्यवाही कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। अपने बालक को सकुशल पाकर परिजनों के चेहरे पर प्रसन्नता एवं संतोष की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी बरही निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह यादव, उप निरीक्षक विनोद कांत सिंह, प्रधान आरक्षक अतुल तिवारी, आरक्षक विवेक श्रीवास्तव की सराहनीय भूमिका रही।

# महाविद्यालय में आर्ट्स एंड क्राफ्ट कार्यशाला का सफल आयोजन



कटनी (स्वतंत्रमत)

नालंदा विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में दो दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। महाविद्यालय में 05 एवं 06 जनवरी को आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला में कई तरह के क्राफ्ट आइटम बनाये गये। इस कार्यशाला में कन्या छात्राओं के साथ-साथ लड़को ने भी बढ़-चढ़ कर सहभागिता की। बी.एड. एवं डी.एल.एड. के छात्रों को क्राफ्ट आइटम का प्रशिक्षण जबलपुर से आई 2 फाइन आर्ट के प्रशिक्षको प्रियंका और नीतू मैडम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला में पेंटिंग, जूट बैग, लकड़ी की ट्रे पर आर्ट वर्क, टेबिल क्लाथ पर फेबरिक पेंटिंग, स्टोन आर्ट आदि बनाये गये। छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह पूर्वक इन आइटमों को तैयार किया। इस कार्यशाला को सफल बनाने में महाविद्यालय प्रबंधन और स्टॉफ का सहयोग अति प्रशंसनीय रहा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संध्या श्रीवास्तव द्वारा जबलपुर के दोनों प्रशिक्षको को धन्यवाद प्रेषित किया, उनके प्रशिक्षण से छात्रों को अत्यंत लाभ प्राप्त हुआ।

# फिर बढ़ेंगी बिजली की दरें, उपभोक्ताओं को लगेगा करंट

## जिले के ढाई लाख उपभोक्ताओं की कटेगी जेब

## 150 यूनिट से अधिक खपत करने वालों का बढ़कर आएगा बिल

कटनी (स्वतंत्रमत)

जिले में घरेलू उपभोक्तओं को बिजली एक बार फिर करंट मारने जा रही है। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली की दरों में किए जाने से जिले के ढाई लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं की जेब ढीली होगी। महंगाई के इस दौर में जब हर चीज के दाम आसमान छू रहे हैं, तब बिजली की दरों में वृद्धि किए जाने का सीधा असर मध्यम और निम्न वर्गीय उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। बिजली कंपनियों बिजली का प्रस्तावित टैरिफ लागू हुआ तो पहली बार 150 यूनिट से अधिक खपत करने वालों का बिल सात रुपए प्रति यूनिट से ज्यादा की दर से बनेगा। अभी 150 यूनिट तक बिजली खपत पर प्रति यूनिट 6.53 रुपए की दर से बिल बनता है। नई प्रस्तावित दर 7.31 रुपए प्रति यूनिट है। कटनी की बात करें तो बड़ी तादात में उपभोक्ता 150 यूनिट बिजली खपत के दायरे में है। ऐसे में इन्हें हर माह करीब अतिरिक्त बिजली बिल भुगतान करना होगा। तय टैरिफ के अनुसार फिस चार्ज में प्रदेश सरकार की इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी समेत सुरक्षा प्रभार को शामिल किया जाता है। नए टैरिफ में कंपनियों ने स्मार्ट मीटर का खर्च भी जोड़ा है। यानि ये फ्री नहीं रहेंगे। इनके नाम से भी बिल में चार्ज जोड़ा जाएगा। ऐसे में समझ सकते हैं कि किस तरह बिजली का झटका लगने वाला है। इसका सबसे अधिक नुकसान मध्यम वर्ग के उन उपभोक्ताओं को होगा, जो सब्सिडी के दायरे से बाहर आते हैं। अगर यह टैरिफ लागू हुआ तो कटनी जिले में उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ सकता है। विदित हो कि मध्यप्रदेश में एक बार फिर बिजली बिल की कीमतें बढ़ने जा रही हैं। बिजली कंपनियों ने इसके लिए मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग को प्रस्ताव भेज दिया है। बिजली कंपनियों ने मध्य प्रदेश में बिजली दरों में बढ़ोत्तरी के लिए टैरिफ तैयार किया है, इसके लिए मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग को प्रस्ताव भेज दिया गया है। अगर प्रस्ताव पास होता है तो बिजली की नई दरें जल्द ही लागू हो सकती हैं। बिजली की नई कीमतें अगर लागू होती है तो मध्यमवर्गीय परिवार को मंहगाई का झटका लगेगा।

# खेतों में फिर लौटी हरियाली, किसानों की सूनी आंखों में जगी उम्मीद

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** विजयराघवगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत गुडेहा-लुकामपुर के किसानों के लिए बीते दिन किसी परीक्षा से कम नहीं थे। जला हुआ कृषि ट्रांसफार्मर, सूखते खेत और आंखों के सामने डूबती फसलें हर किसान के मन में चिंता भय और बेबसी साफ झलक रही थी। मेहनत से बोई गई फसल नष्ट होने की कगार पर थी और उम्मीदें टूटने लगी थीं। इसी पीड़ा और संकट के बीच किसानों ने अपनी व्यथा विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के समक्ष रखी। किसानों की आवाज सुनते ही प्रधानसेवक जनप्रतिनिधि विधायक पाठक ने बिना किसी देरी के निर्णय लेते हुए लुकामपुर में 100 केवी, का कृषि ट्रांसफार्मर तत्काल बदलवाने के निर्देश दिए। यह निर्देश उन्होंने अपने व्यक्तिगत विद्युत विभाग प्रभारी अर्जुन तिवारी को दिया। विधायक के आदेश को प्राथमिकता देते हुए अर्जुन तिवारी ने विद्युत मंडल के अधिकारी विजय धुर्वे से समन्वय स्थापित किया और महज 24 घंटे के अंदर नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया। जैसे ही खेतों तक फिर से बिजली पहुंची वैसे ही किसानों के सूखे चेहरों पर राहत की चमक लौट आई। हमारी फसल नहीं हमारा भविष्य बचा है किसानों की भावुक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि संजय सत्येंद्र पाठक केवल भाषण देने वाले नेता नहीं हैं बल्कि वे जमीन से जुड़कर किसानों के दुख-दर्द को अपना समझने वाले व्यक्ति हैं। वे समस्या सुनकर चुप बैठने वाले नहीं बल्कि तुरंत कदम उठाकर राहत पहुंचाने वाले जनसेवक हैं। किसानों ने बताया कि यह कोई साधारण कार्य नही था बल्कि हमारी पूरी मेहनत हमारा पसीना और हमारे परिवारों की आजीविका खतरे में थी। विधायक की तत्परता ने हमारी फसल ही नहीं बल्कि हमारे बच्चों का भविष्य भी बचा लिया। अंत में लुकामपुर के सभी किसानों ने एक स्वर में विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधि ही किसानों के सच्चे संरक्षक होते हैं जो विपत्ति में ढाल बनकर खड़े रहते है।

# समस्या लेकर 139 लोग पहुंचे कलेक्ट्रेट

## जनसुनवाई में अफसरों ने जाना दुख दर्द



कटनी (स्वतंत्रमत)

प्रभारी कलेक्टर हरसिमरनप्रीत कौर की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में अधिकारियों ने यहां पहुंचे 139 आवेदकों की समस्यायें व शिकायते सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर नीलाबर मिश्रा, संयुत कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर द्वय विंकी सिंह, मारे उईके और ज्योति लिल्हारे एवं एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी मौजूद रहे।

*पीएम किसान निधि की राशि दिलाएं*- जनसुनवाई में ग्राम बंदा पोस्ट निवार तहसील स्लीमनाबाद निवासी ललिताबाई ने अपनी शिकायत में बताया कि मुझे पीएम किसान निधि की राशि नहीं मिल रही है। पटवारी से शिकायत करने एवं सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बावजूद अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। इस पर तहसीलदार कटनी ग्रामीण को पात्रतानुसार योजना का लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिये गये।

*भविष्य निधि की राशि दिलाएं*- जनसुनवाई में सुधा विश्वकर्मा ने अपनी शिकायत में बताया कि मेरे पति स्वर्गीय भेदराज विश्वकर्मा बिजली विभाग में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। वर्ष 2024 में उनकी मृत्यु के उपरांत ईपीएफओ की राशि तो प्राप्त हो रही है, परंतु भविष्य निधि की राशि नहीं मिल पाई है। भविष्य निधि की राशि दिलवा दीजिए ताकि बच्चों का पालन पोषण हो सके। इस पर बिजली विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

*विद्युत बिल माफ कराएं*- जनसुनवाई के दौरान ग्राम धरवारा थाना स्लीमनाबाद निवासी भूखन लाल साहू ने आवेदन देते हुये कहा कि मेरा बिजली का बिल बहुत ज्यादा आ गया है। जिसे चुकाने में मैं असमर्थ हूं। मैं अकेले रहता हूं एवं मेरी आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब है। इस पर बिजली विभाग को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

# टंकियों एवं सम्पवेल की नियमित हो सफाई

कटनी (स्वतंत्रमत)

ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र लिखकर आवश्यक निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत सीईओ ने समस्त ग्राम पंचायतों में हैंड पंपों के आसपास साफ-सफाई रखते हुए नियमित अंतराल पर लीचिंग पाउडर छिड़कने हेतु निर्देशित किया है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्र./776 A /विद्युत विभाग/2025/26 — कटनी, दिनांक : 30/12/2025

**// निविदा सूचना //**

निम्मलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रमाणी में पंजीकृत ठेकेदारों/ निर्माताओं/ अधिकृत विक्रेताओं से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_ 472557-1 | मदन मोहन चौबे वार्ड क्रमांक 27 स्थित शा.प्रा.शा. पानी टंकी के पास एवं अकरम रेता वाले के मकान के पास ऑक्टागोनल पोल एवं एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईन 150 वॉट स्थापना कार्य। | 30 दिवस लागत 352512/- | 2,000/- 3525/- | 17/01/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री (वास्ते-आयुक्त)**
**नगर पालिक निगम, कटनी**

# वैभव ने तोड़ा 13 साल पुराना वर्ल्ड रिकॉर्ड

## विश्व कप विजेता कप्तान उन्मुक्तचंद के कीर्तिमान को किया ध्वस्त

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका)।

अब तक बल्ले से धमाल मचाते आ रहे वैभव सूर्यवंशी कप्तानी में भी हिट रहे। उनके नेतृत?व में भारतीय अंडर-19 टीम ने साउथ अफ्रीका अंडर-19 टीम 3 वनडे मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप किया। इसके साथ ही वैभव ने 13 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़कर इतिहास रच दिया है। वह अंडर 19 वनडे की द्विपक्षीय सीरीज में क्लीन स्वीप करने वाले सबसे युवा भारतीय कप्तान बन गए हैं। उन्होंने उन्मुक्त चंद के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। साल 2012 में भारतीय अंडर 19 टीम के कप्तान उन्मुक्त चंद ने ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम को 5 मैचों की वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप किया था। जब चंद ने यह कारनामा किया था तब उनकी आयु 17 साल थी। अब वैभव ने इस रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। वैभव सूर्यवंशी ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे अंडर-19 वनडे में 63 बॉल पर शतक लगाया। वैभव सूर्यवंशी ने इस सीरीज में कप्तानी भी की। 14 साल के वैभव ने 74 बॉल पर 127 रन की पारी खेली। उन्होंने इस दौरान 10 छक्के और 9 चौके लगाए। वैभव ने आरोन जॉर्ज के साथ 227 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। आरोन जॉर्ज ने 118 रन की पारी खेली। बेनोनी के विलोमूर पार्क




स्टेडियम में भारत ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 393 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीकी टीम 35 ओवर में 160 रन पर ऑलआउट हो गई। किशन सिंह ने 3 विकेट झटके। वैभव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वे प्लेयर ऑफ द सीरीज भी रहे।

### सूर्यवंशी अब विराट से महज 5 रन पीछे

वैभव सूर्यवंशी अंडर-19 वनडे क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की सूची में विराट कोहली से महज 5 रन पीछे हैं। वे 18 मैचों में 973 रन बना चुके हैं। जबकि कोहली ने 28 मैचों में 46.57 के एवरेज से 978 रन बनाए हैं। अब तक वैभव का एवरेज (54.05) विराट से अच्छा है इस सूची में सबसे ज्यादा विजय जोल ने बनाए हैं। विजय के नाम 36 मैचों में 1404 रन हैं। यशस्वी जायसवाल (1386 रन) दूसरे और तन्मय श्रीवास्तव (1316 रन) तीसरे नंबर पर हैं। उन्मुक्त चंद, सरफराज खान और शुभमन गिल भी इस लिस्ट में वैभव से ऊपर हैं।

### भारतीय टीम में 2 बदलाव

भारतीय टीम ने इस मैच में अपनी प्लेइंग 11 में दो बदलाव किए हैं। इस मैच में दीपेश देवेंद्रन और खिलन पटेल को आराम दिया गया है। उनकी जगह उद्धव मोहन और हेनिल पटेल की प्लेइंग 11 में जगह मिली है।

### दूसरे वनडे में 19 बॉल पर फिफ्टी लगाई थी

इससे पहले वैभव ने सोमवार को साउथ अफ्रीका की अंडर-19 टीम के खिलाफ 19 बॉल पर फिफ्टी बनाई थी। उन्होंने 24 बॉल में 68 रन की पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 10 छक्के और एक चौका भी जमाया था। इस तरह उन्होंने 68 में से 64 रन बाउंड्री से बनाए थे। भारत तीन मैच की सीरीज में 2-0 से आगे है। टीम ने पहला मैच 25 रन और दूसरा मैच 8 विकेट से जीता था।

# पीवी सिंधु, सात्विक-चिराग की विजयी शुरुआत



**कुआलालम्पुरी (वार्ता)।** चार महीने की चोट के बाद वापसी कर रही पीवी सिंधु ने मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के महिला सिंगल्स के पहले राउंड का मैच चीनी ताइपे की कम रैंकिंग वाली सुंग शुओ युन के खिलाफ 21-13, 22-20 से जीता। यह मैच 51 मिनट तक चला। सिंधु को मैच में जमने में समय लगा, पहले गेम में वह 1-6 से पीछे थीं क्योंकि उन्हें अपनी लय खोजने और परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में मुश्किल हो रही थी। हालांकि, एक बार जब उन्हें अपनी रेंज मिल गई, तो स्मैश और पंच क्लियर शॉट लगने लगे। 1-6 से पीछे होने के बाद, सिंधु ने बढ़त बनाते हुए 11-9 की बढ़त ले ली, और मिड-गेम इंटरवल में दो अंकों की बढ़त बना ली। उस बिंदु के बाद सिंधु ने पीछे मुड़कर नहीं देखा, क्योंकि सिंधु ने रैलियों पर हावी होना शुरू कर दिया और सुंग को कोई वास्तविक नियंत्रण नहीं दिया। दुनिया में 31वें नंबर की चीनी ताइपे की शटलर को रैलियों को फ्लैट रखने में मुश्किल हो रही थी - एक ऐसा तरीका जिससे वह प्रतिस्पर्धी बनी रह सकती थीं और उन पर आने वाले आक्रामक शॉट्स की बौछार से बच सकती थीं। आखिरकार सुंग को सिंधु की कमजोरियों का पता चलने लगा, हालांकि जितनी देर में उन्हें पता चला, वह शायद उन्हें पसंद नहीं आया होगा। जब सिंधु दूसरे गेम में 14-9 से आगे थीं, तो ऐसा लग रहा था कि वह आसानी से सीधे गेम में जीत हासिल कर लेंगी। हालांकि, सुंग ने अपना लेवल बढ़ाया, गैप कम किया और आखिरकार 20-20 से बराबरी कर ली। उस स्टेज पर, सिंधु ने खुद को संभालने और मैच खत्म करने के लिए अपने बड़े अनुभव का इस्तेमाल किया, और सीधे गेम में जीत हासिल की। यह सिंधु के लिए एक बहुमूल्य वर्कआउट साबित हुआ, जो चार महीने से ज़्यादा समय तक प्रतियोगी बैडमिंटन न खेलने के बावजूद काफी शार्प दिखीं। सिंधु को अगले राउंड में और भी कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जब वह आठवीं सीड टोमोका मियाज़ाकी, जो पूर्व जूनियर वर्ल्ड नंबर वन हैं, से भिड़ेंगी।

# बालशॉ पर रोमांचक जीत के बाद दक्षिणेश्वर क्वार्टरफाइनल में



बेंगलुरु (वार्ता)।

भारत के टीनएजर दक्षिणेश्वर सुरेश ने सेंटर कोर्ट पर तीन सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में फ्रांस के फेलिक्स बालशॉ को 6-3, 1-6, 7-6 से हराकर बेंगलुरु ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। मैच में सब कुछ था- मोमेंटम स्विंग, तेज सर्व और नर्वसनेस की टेंशन भरी लड़ाइयाँ। दक्षिणेश्वर ने शुरू में ही माहौल बना दिया, पहले सेट में 6-3 से दबदबा बनाया। उनकी दूसरी सर्व रॉक-सॉलिड थी, जिससे उन्हें अपने 75त्न सर्विस पॉइंट जीतने और दोनों ब्रेक पॉइंट बचाने में मदद मिली। नेट पर तेज, उन्होंने सात में से पाँच पॉइंट लिए और सिर्फ़ 11 अनफोर्स्ड गलतियों के मुकाबले 21 विनर लगाए। देखने वालों ने टीनएजर के कॉन्फिडेंस और टैक्टिकल अवेयरनेस की तारीफ़ की, यह देखते हुए कि हर शॉट सावधानी से प्लान किया गया लग रहा था। डिसाइडर बहुत ड्रामैटिक था। दोनों खिलाड़ियों ने ज़बरदस्त सर्व किए, हर पॉइंट एक टेंशन वाली छोटी लड़ाई थी। दक्षिणेश्वर प्रेशर में शांत रहे, उन्होंने अपने 63 परसेंट सर्विस पॉइंट जीते, अपने आधे ब्रेक पॉइंट बदले, और 17 विनर दिए।

# गॉफ, हैरिसन ने अमेरिका को सेमीफाइनल में पहुंचाया

पर्थ (वार्ता)।

कोको गॉफ और क्रिश्चियन हैरिसन ने बुधवार को पर्थ में यूनाइटेड कप मिक्स्ड डबल्स में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए संयुक्त राज्य अमेरिका को मिक्स्ड टीमों के टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचाया। प्रेरित स्टेफानोस सितसिपास और मारिया सकारी के खिलाफ एक सेट से पिछड़ने के बाद, गॉफ और हैरिसन ने अपना लगातार तीसरा लाइव मिक्स्ड मैच 4-6, 6-4 10-8 से जीता, अपने तीसरे मैच प्वाइंट पर देश की पिछले चार सालों में तीसरा यूनाइटेड कप खिताब जीतने की उम्मीदों को जिंदा रखा। संयुक्त राज्य अमेरिका अब सिडनी जाएगा और पोलैंड-ऑस्ट्रेलिया क्वार्टर फाइनल के विजेता से खेलेगा। पर्थ में आज के दूसरे क्वार्टर फाइनल में स्विट्जरलैंड अर्जेंटीना से खेलेगा। एक उतार-चढ़ाव भरे क्वार्टर फाइनल में, गॉफ ने सकारी पर 6-3, 6-2 से जीत के साथ अमेरिकियों को शुरुआती बढ़त दिलाई। लेकिन सितसिपास ने वर्ल्ड नंबर 9 टेलर फ्रिट्ज पर 6-4, 7-5 से जीत हासिल करके जवाब दिया - 18 महीने से अधिक समय में यह उनकी पहली टॉप 10 जीत थी। 18 महीने से




अधिक समय में अपनी पहली टॉप 10 जीत हासिल करते हुए, 27 वर्षीय पूर्व वर्ल्ड नंबर 3 ने शानदार सर्विस के दम पर 6-4, 7-5 से जीत हासिल की, जिससे कोको गॉफ की मारिया सकारी पर पहले की जीत के बाद टाई बराबर हो गया। पहले सेट में 84 प्रतिशत फर्स्ट सर्व को खेलने से ग्रीक खिलाड़ी आक्रामक मूड में आ गया। उसने दूसरे सेट में 4-5 पर सेट पॉइंट बचाने के लिए एक ऐस मारा और अगले गेम में फ्रिट्ज को हराकर जीत पक्की की। उसने मैच में 80 प्रतिशत फर्स्ट सर्व जीते।

सितसिपास ने यूनाइटेड कप में सिंगल्स में अपना रिकॉर्ड 9-2 कर लिया। यह 2024 रोलेक्स मोंटे-कार्लो मास्टर्स जीतने के बाद उसकी पहली टॉप 10 जीत थी, जिसमें उसने नंबर 5 अलेक्जेंडर ज़्वेरेव, नंबर 2 जानिक सिनर और नंबर 10 कैस्पर रूड को हराया था। इससे पहले गॉफ ने आरएसी एरिना में एक घंटे और 26 मिनट में मारिया सकारी को 6-3, 6-2 से हराकर अमेरिकियों को मुकाबले में शुरुआती बढ़त दिलाई। गॉफ का प्रदर्शन और भी प्रभावशाली इसलिए था क्योंकि वह हाल की यादों में अपने सबसे खराब प्रदर्शनों में से एक के बाद खेल रही थी, खासकर सर्व पर। पर्थ के धूप वाले आसमान के नीचे वे दिक्कतें कहीं नहीं दिखीं, क्योंकि 21 साल की खिलाड़ी ने शुरू से आखिर तक बढ़त बनाए रखी।

गॉफ ने सर्विस लाइन से काफी बेहतर प्रदर्शन किया, उन्होंने अपनी पहली सर्विस में से 68 प्रतिशत सही जगह पर डालीं और उन पॉइंट्स में से 76 प्रतिशत जीते। सिर्फ दो दिन पहले 14 डबल फॉल्ट करने के बाद, उन्होंने सकारी के खिलाफ जीत के रास्ते में इसे घटाकर सिर्फ छह कर दिया। गॉफ की जीत सकारी पर उनकी लगातार तीसरी जीत है, जिससे अमेरिकी खिलाड़ी को उनके हेड-टू-हेड मुकाबले में 6-5 की बढ़त मिल गई है।

# आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप 2026 क्वालीफायर का शेड्यूल कन्फर्म



**दुबई (वार्ता)।** आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप क्वालीफायर 2026 के पूरे फिक्स्चर, जिसमें सुपर सिक्स स्टेज भी शामिल है, कन्फर्म हो गए हैं। नेपाल में 18 जनवरी से 1 फरवरी तक होने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली 10 टीमें जून-जुलाई में इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप 2026 के लिए चार क्वालिफिकेशन स्पॉट के लिए मुकाबला करेंगी। वार्म-अप मैच 14 और 16 जनवरी को तीन जगहों पर होंगे - त्रिभुवन यूनिवर्सिटी क्रिकेट ग्राउंड, अपर मुलपानी क्रिकेट ग्राउंड और लोअर मुलपानी क्रिकेट ग्राउंड। 18 जनवरी से ग्रुप स्टेज शुरू होने के बाद त्रिभुवन यूनिवर्सिटी क्रिकेट ग्राउंड और अपर मुलपानी क्रिकेट ग्राउंड में ही कॉम्पिटिटिव मैच खेले जाएंगे। सुबह के मैचों (9 बजे लोकल टाइम) में नेपाल का मुकाबला थाईलैंड से होगा, जबकि बांग्लादेश का सामना यूएसए से होगा। दोपहर (1 बजे लोकल टाइम) में जिम्बाब्वे का मुकाबला नीदरलैंड्स से और आयरलैंड का मुकाबला पापुआ न्यू गिनी से होगा। स्कॉटलैंड और नामीबिया अपने पहले मैच 20 जनवरी को खेलेंगे, ग्रुप स्टेज के दौरान हर दूसरे दिन चार मैच होंगे, जो 26 जनवरी को खत्म होगा। ग्रुप ए और ग्रुप बी की टॉप तीन टीमें सुपर सिक्स में जाएंगी। ये मैच, जिनसे चार क्वालिफाई करने वाले देशों का फैसला होगा।

# दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से लुढ़के प्रमुख सूचकांक

मुंबई (वार्ता)।

विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को दिग्गज कंपनियों में बिकवाली देखी गयी और प्रमुख सूचकांक लगातार तीसरे दिन लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 102.20 अंक (0.12 प्रतिशत) टूटकर 84,961.14 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 37.95 अंक यानी 0.14 प्रतिशत उतरकर 26,140.75 अंक पर रहा। दोनों प्रमुख सूचकांकों में आज बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया। मंगलवार को 85,063.34 अंक पर बंद होने वाला सेंसेक्स करीब 443 अंक की गिरावट में खुला। यह नीचे 84,617.49 अंक और ऊपर 85,075.99 अंक तक गया। निफ्टी-50 का दिन का निचला स्तर 26,067.90 अंक और अधिकतम स्तर 26,187.15 अंक रहा। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने पैसा लगाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.36 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.39 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ।

आईटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, स्वास्थ्य, फार्मा, दूरसंचार और रसायन सेक्टरों के सूचकांकों में तेजी रही। ऑटो, तेल एवं गैस, रियलिटी और बैंकिंग सेक्टर गिरावट में रहे। सेंसेक्स में मारुति सुजुकी का



शेयर पौने तीन फीसदी टूट गया। पावरग्रिड, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, हिंदुस्तान यूनीलिवर, भारतीय स्टेट बैंक और भारती एयरटेल के शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा टूटे। महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, इंडिगो, बजाज फिनसर्व, अडानी पोर्ट्स, एनटीपीसी और आईटीसी के शेयर भी लाल निशान में रहे। टाइटन में करीब चार प्रतिशत की तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर दो प्रतिशत चढ़ा। टेक महिंद्रा, इंफोसिस, सनफार्मा, टीसीएस और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए। इटरनल, एलएंडटी, बीईएल और ट्रेंट के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशियाई और यूरोपीय बाजारों में मिलाजुला रुख है।

## टीपी सोलर ने नौ महीने में बनाये 2.8 गीगावाट सोलर सेल

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** टाटा समूह की कंपनी टीपी सोलर ने चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में 2.8 गीगावाट के डीसीआर सोलर सेल और 2.9 गीगावाट के सोलर मॉड्यूल का निर्माण किया है। टाटा पावर रिन्यूअबल एनर्जी लिमिटेड की इकाई टीपी सोलर ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 2.9 गीगावाट के सोलर मॉड्यूल में भी 2.4 गीगावाट डीसीआर मॉड्यूल हैं और 0.5 गीगावाट एएलएमएम मॉड्यूल हैं। उसने बताया कि अक्टूबर से दिसंबर 2025 की तीसरी तिमाही में सोलर सेल के उत्पादन में सालाना आधार पर जबरदस्त वृद्धि देखी गयी। सोलर सेल का उत्पादन 196 मेगावाट की तुलना में लगभग पांच गुना होकर 940 मेगावाट पर पहुंच गया। वहीं, सोलर मॉड्यूल का उत्पादन सात फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 990 मेगावाट रहा। टीपी सोलर का विनिर्माण संयंत्र तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में है।

# चावल नरम, गेहूं, चीनी सुस्त तेलों, दालों में घट-बढ़

नयी दिल्ली (वार्ता)।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गये। वहीं, गेहूं और चीनी में टिकाव रहा जबकि खाद्य तेलों तथा दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 18 रुपये घटकर 3,848 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं 2,849 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत भी कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही रही। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव देखा गया। मसूर दाल की औसत कीमत 19 रुपये और मूंग दाल की 14 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी। वहीं, तुअर दाल तीन रुपये और चना दाल दो रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल के भाव स्थिर रहे। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 45 रिंगिट चढ़कर 4,035 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.05 प्रतिशत की बढ़त में 49.92 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 36 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल और वनस्पति की कीमत 26-26 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। सूरजमुखी तेल 24 रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल और सोया तेल में भी 10-10 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट



रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव लगभग अपरिवर्तित रहे। चीनी के भाव में भी कोई बदलाव नहीं हुआ।दाल चना 7800.03 रुपये, मसूर काली 8149.76 रुपये, मूंग दाल 10088.20 रुपये, उड़द दाल 10399.85 रुपये, तुअर दाल 10616.59 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.30 रुपये और चावल 3847.65 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3298.77 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी एस 4299.55 रुपये और गुड़ 4990.21 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17642.78 रुपये, मूंगफली तेल 17850.96 रुपये, सूरजमुखी तेल 15834.81 रुपये, सोया तेल 13776.69 रुपये, पाम ऑयल 12453.38 रुपये और वनस्पति 14488.30 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## इंडिगो के बेड़े में शामिल हुआ देश का पहला ए321एक्सएलआर विमान

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो के बेड़े में देश का पहला ए321एक्सएलआर विमान बुधवार को शामिल हो गया। लंबी दूरी की उड़ान भरने में सक्षम एयरबस कंपनी का यह विमान आज दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। कंपनी इसका परिचालन मुंबई-एथेंस मार्ग पर 23 जनवरी से और दिल्ली-एथेंस मार्ग पर 24 जनवरी से करेगी। यह विमान एक बार ईंधन भरने के बाद 8,700 किलोमीटर तक उड़ान भर सकता है। इसमें ईंधन की बचत भी होगी। एयरलाइंस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इसमें इंडिगोस्ट्रेच की 12 सीटें और इकोनॉमी श्रेणी की 183 सीटें हैं। इंडिगो ने कुल चालीस ए321एक्सएलआर विमानों के ऑर्डर दिये हैं जिनमें से नौ की डिलीवरी इस साल होने की उम्मीद है। उसने बताया कि अन्य विमानों का इस्तेमाल तुर्की के इस्ताम्बुल और बाली के देनपसार की उड़ानों के लिए किया जायेगा।

# चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** सेवा क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन और घरेलू उपभोग तथा निवेश की मांग के समर्थन से चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर 7.4 प्रतिशत रहने और इसके पहली बार 200 लाख करोड़ के पार पहुंचने की संभावना है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने बुधवार को इस साल 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी का पहला अग्रिम अनुमान जारी किया। इसमें कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष में जीडीपी 201.90 लाख करोड़ रुपये पर रहने का अनुमान है। पहली बार ऐसा होगा कि जीडीपी 200 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को छुएगा। इस तरह चालू वित्त वर्ष में भी भारत विश्व की सबसे तेजी से वृद्धि कर रही अर्थव्यवस्था बना रहेगा। आम बजट से पहले जारी अनुमानों के अनुसार, इस वर्ष पूंजी निर्माण में 7.8 प्रतिशत और निजी खपत में सात प्रतिशत की वृद्धि की संभावना है।

अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ जीडीपी 187.97 लाख करोड़ रुपये था। उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी में 7.8 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। रिजर्व बैंक ने पूरे वित्त वर्ष में विकास दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। भू-राजनैतिक चुनौतियों, अमेरिका द्वारा 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने और रुपये के ऐतिहासिक निचले स्तर तक उतरने के बावजूद




यह वृद्धि दर वास्तव में देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शाता है।

सरकार के उपभोग बढ़ाने के उपायों का असर भी अर्थव्यवस्था पर देखा जा रहा है। सरकार ने इसके लिए आयकर में छूट की सीमा बढ़ाकर 12 लाख रुपये सालाना कर दी है। साथ ही ज्यादातर सामानों पर वस्तु एवं सेवा कर की दरों में 22 सितंबर से कटौती की गयी है। जीडीपी की अनुमानित वृद्धि में सेवा क्षेत्र का सबसे अधिक योगदान है। एनएसओ की रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष में सेवा क्षेत्र में 9.1 प्रतिशत की दर से वृद्धि होगी। वहीं, द्वितीयक क्षेत्र यानी विनिर्माण के 6.6 प्रतिशत और प्राथमिक क्षेत्र यानी कृषि, वानिकी, पशुपालन तथा खनन के 2.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। वित्त वर्ष के दौरान सरकारी खपत के 5.2 प्रतिशत बढ़कर 17,96,419 करोड़ रुपये पर पहुंचने की संभावना है जो जीडीपी का 8.9 प्रतिशत होता है। यह लगातार दूसरा साल होगा जब जीडीपी में सरकारी खपत के हिस्से में कमी आयेगी। यह 2023-24 में 9.5 प्रतिशत और पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में 9.1 प्रतिशत रहा था। निजी खपत भी सात प्रतिशत बढ़ने के बावजूद जीडीपी में उसकी हिस्सेदारी 56.5 प्रतिशत से घटकर 56.3 प्रतिशत रह जायेगी। अनुमान है कि 2025-26 में निजी खपत 1,13,67,565 करोड़ रुपये रहेगी। पूंजी निर्माण के 7.8 प्रतिशत बढ़कर 68,28,576 करोड़ रहने की संभावना है। निर्यात के 6.4 प्रतिशत बढ़कर 43,27,569 करोड़ रुपये पर और आयात के 14.4 प्रतिशत बढ़कर 48,40,195 करोड़ रुपये पर रहने का अनुमान है। अग्रिम अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष के दौरान लोक प्रशासन, रक्षा एवं अन्य सेवाओं की और वित्तीय, रियल एस्टेट एवं पेशेवर सेवाओं की वृद्धि दर 9.9 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है। इसके बाद व्यापार, होटल, परिवहन, संचार एवं प्रसारण सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहने की संभावना है। अनुमान के अनुसार, विनिर्माण और निर्माण क्षेत्रों की वृद्धि दर सात-सात फीसदी रहेगी। कृषि, वानिकी और पशुपालन क्षेत्र में 3.1 प्रतिशत और बिजली, गैस, जलापूर्ति एवं अन्य यूटिलिटी सेवाओं की वृद्धि दर 2.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। सिर्फ खनन क्षेत्र ही ऐसा है जिसमें गिरावट की संभावना जतायी गयी है।

# होम लोन सस्ता होने के बावजूद पिछले साल मकानों की बिक्री घटी: रिपोर्ट

नयी दिल्ली (वार्ता)।

कीमतों में भारी उछाल के कारण देश के आठ बड़े शहरों में साल 2025 में मकानों की बिक्री एक प्रतिशत घटकर 3.48 लाख रह गयी। रियल एस्टेट सलाह कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि होम लोन पर ब्याज की दरों में नरमी के बावजूद यह गिरावट देखी गयी है। यह रिपोर्ट प्राथमिक आवास बाजार के आंकड़ों के आधार पर तैयार की गयी है। रिपोर्ट के अनुसार, रियल एस्टेट कंपनियों ने बताया कि होम लोन पर ब्याज दरों में कमी, मजबूत आर्थिक विकास और मुद्रास्फीति में कमी के कारण पिछले साल मकानों की बिक्री में गिरावट पर लगाम रही। आठ बड़े शहरों में शामिल मुंबई महानगरीय क्षेत्र में मकानों की बिक्री पिछले साल एक प्रतिशत बढ़कर 97,188 इकाई पर पहुंच गयी। वहीं औसत कीमत सात प्रतिशत बढ़कर 8,856 रुपये प्रति वर्ग फुट पर पहुंच गयी। बेंगलुरु में 55,373 इकाई की के साथ बिक्री लगभग स्थिर रही और औसमत कीमत 12 प्रतिशत बढ़कर 7,388 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गयी। पुणे में बिक्री तीन प्रतिशत घटकर 50,881 इकाई रही जबकि कीमत पांच प्रतिशत बढ़कर 5,016 रुपये प्रति वर्ग फुट पर पहुंच गयी। दिल्ली-एनसीआर में बिक्री में नौ प्रतिशत की सबसे बड़ी गिरावट देखी गयी।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 3. | 6. |
| 1. | 2025_UAD_473756-1<br>PRO - 743<br>07/01/2026 | स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड में विभिनन स्थानों पर डामरीकरण कार्य। | 03 माह<br>25.41/- लाख | 5,000/-<br>19057/- | 23/01/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, जबलपुर

# गांवों की तस्वीर बदल देगी विकसित भारत जी-राम-जी योजना : डॉ. यादव

## गांवों, गरीबों और किसानों का समग्र कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गांवों, गरीबों और किसानों का समग्र कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इन्हें समृद्ध और सशक्त बनाना ही हमारा मूल लक्ष्य है। इसके लिए हम वर्ष 2026 को कृषि कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे है। इस वर्ष कृषि आधारित उद्योगों के विकास के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। हम सभी विभागों और कृषि क्षेत्र में कार्य करने वाले स्वयंसेवी संगठनों, संस्थाओं और व्यक्तियों के साथ मिलकर किसानों के कल्याण के लिए हर जरूरी कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के 15 से अधिक बड़े विभाग कृषि वर्ष मनाने में सक्रिय भूमिका निभायेंगे। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के नेतृत्व में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य पालन, जल संसाधन, सहकारिता, ऊर्जा, राजस्व, वन, कुटीर एवं ग्रामोद्योग, लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन सहित मंडी बोर्ड, बीज निगम, कृषि अभियांत्रिकी, एमपी एग्रो, दुग्ध संघ, मार्कफेड, एमपी वेयर हाऊसिंग एंड लॉजीस्टिक्स निगम और ग्रामीण आजीविका विकास मिशन विभिन्न रोजगार आधारित विकास गतिविधियों के जरिए किसानों के कल्याण के लिए संयुक्त रूप से प्रभावी प्रयास करेंगे।

### क्या है विकसित भारत जी-राम-जी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के सभी गांवों, गरीबों और किसानों के चहुमुखी विकास एवं जरूरतमंदों को ग्राम स्तर पर रोजगार दिलाने के लिए ही केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अर्थात वीबी जी-राम-जी अधिनियम 2025 लागू किया गया है। हर हाथ को काम मुहैया कराने के लिए इस अधिनियम में एक ग्रामीण परिवार को अब 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है। मनरेगा अधिनियम में रोजगार की यह गारंटी मात्र 100 दिन की थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वीबी जी-राम-जी योजना देश के सभी गांवों की तस्वीर बदल देगी है। यह गरीबों, खेतीहर मजदूरों, किसानों सभी के लिए बेहद लाभकारी है। इस योजना से गांवों के विकास को भी मजबूती मिलेगी।




### पहले कृषि से जुड़े कामों के लिए श्रमिक ही नहीं मिलते थे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पहले किसानों को कृषि से जुड़े कामों के लिए श्रमिक ही नहीं मिलते थे, पर वीबी जी-राम-जी योजना में कृषि के व्यस्ततम समय, विशेषकर बुवाई और कटाई के समय पर्याप्त मात्रा में कृषि श्रमिकों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है। इस अधिनियम में राज्यों को एक वित्त वर्ष में कुल 60 दिन की अवधि अधिसूचित करने का प्रावधान किया गया है, बीज बुवाई एवं फसल कटाई की व्यस्ततम समयावधि को भी रोजगार उपलब्ध कराने की अवधि में शामिल किया जा सकेगा। प्रावधान के अनुसार इस अवधि में अधिनियम के अंतर्गत सम्मिलित अन्य कार्य नहीं किए जाएंगे।

### कार्य योजना बनाकर मिशन को देंगे गति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए हम समुचित कार्य योजना बनाने जा रहे हैं। इससे मिशन को गतिपूर्वक संचालित किया जाएगा। इसमें गोपालन को बढ़ावा दिया जाएगा, साथ ही कई अन्य सुधार भी इस अधिनियम के दायरे में रहकर किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हर जिले में स्टॉल्स, मार्केट आदि लगाने की व्यवस्थाएं भी की जाएगी। हमने तय किया है कि हर जिले में स्टॉल्स के माध्यम से किसानों के प्राकृतिक उत्पाद आमजन को उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए हम सभी किसानों को आवश्यकतानुसार अनुदान भी दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में पहले 6 प्रतिशत प्रशासनिक अमला तैनात किया गया था। विकसित भारत जी-राम-जी योजना में इस कार्यकारी अमले की तादाद बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दी गई है। इससे योजना के क्रियान्वयन में जवाबदेहिता बढ़ेगी, साथ ही सभी गतिविधियों को पूरी पारदर्शिता से अंजाम दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन के लिए केन्द्र सरकार तय मानकों के आधार पर देश के हर राज्य को एक निश्चित राशि भी देगी। अधिनियम में ग्रामीण आजीविका निर्माण के स्थाई स्रोत विकसित करने पर जोर दिया गया है। इससे ग्रामीणों के देशज ज्ञान, कौशल, उद्यमिता और उनमें निहित कला प्रतिभाओं को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

### बेरोजगारी भत्ता भी दिया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इस अधिनियम में बेरोजगारी भत्ता और विलम्बित मजदूरी देने का प्रावधान भी रखा गया है। इसमें तहत यदि किसी ग्रामीण परिवार को उसके मांग करने के बावजूद तय समय सीमा के भीतर काम नहीं दिया जाता है, तो राज्य सरकार तय की गई दरों एवं शर्तों के अनुसार संबंधित मांगकर्ता परिवार को बेरोजगारी भत्ता देने के लिए भी बाध्य होगी। इसी तरह काम पूरा कर लेने के बाद भी यदि किसी कारणवश मजदूर को उसकी निर्धारित मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है, तो मुआवजे के तहत उसे विलम्बित मजदूरी के रूप में अतिरिक्त राशि देने का प्रावधान भी इस अधिनियम में है।

### पंचायती राज संस्थाओं की होगी पूरी जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हितग्राहीमूलक रोजगार कार्यों के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, गैर अधिसूचित जनजातियां, खानाबदोश, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, महिला मुखिया परिवार, दिव्यांग मुखिया परिवार, भूमि सुधार के हितग्राही, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं वन अधिकार अधिनियम के हितग्राही, छोटे और सीमान्त किसानों को इस अधिनियम में प्राथमिकता दी जायेगी। अधिनियम में पंचायती राज संस्थाओं - ग्रामसभा, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत तथा राज्य रोजगार गारंटी परिषद को भी स्पष्ट जिम्मेदारियां दी गई हैं। अधिनियम में विकसित भारत जी-राम-जी स्कीम में शुरु किए गए निर्माण कार्यों की जियो-टैगिंग, डिजीटल रिकॉर्डिंग एवं सूचना प्रबंधन प्रणाली तथा नियोजित किए गए सभी मजदूरों को तेजी से समुचित भुगतान देने के लिए डिजीटल तथा बायोमैट्रिक भुगतान प्रणाली और ग्रामसभा द्वारा सोशल ऑडिट द्वारा योजना की पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि अधिनियम में पंचायती राज संस्थाओं के विभिन्न स्तरों पर एक समयबद्ध एवं शिकायत निवारण तंत्र तथा कुछ दंडात्मक प्रावधान भी किए गए हैं। इसके लिए शिकायतों के निवारण में पारदर्शिता और इसकी मॉनिटरिंग के लिए शिकायत प्रबंधन सूचना प्रणाली की डिजीटल व्यवस्था स्थापित की जाएगी।



# युवा विकसित भारत निर्माण के कर्णधार : पटेल

## राज्यपाल ने राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए दी शुभकामनाएं

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि देश के युवाओं में अनंत ऊर्जा और असीम संभावनाएं है। युवा ही विकसित भारत के निर्माण के कर्णधार हैं। आप सभी मध्यप्रदेश के प्रतिभावान, जागरूक युवा प्रतिनिधि हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष विचार प्रस्तुत करने का गौरवपूर्ण अवसर मिला है। यह क्षण आप सबके साथ संपूर्ण मध्यप्रदेश के लिए भी गर्व का विषय है। राज्यपाल श्री पटेल बुधवार को 29वें राष्ट्रीय युवा उत्सव और विकसित भारत यंग लीडर्स संवाद कार्यक्रम नई दिल्ली के लिए चयनित मध्यप्रदेश के युवा प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय कार्यक्रम में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। लोकभवन के बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग भी मौजूद थे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि युवा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन से प्रेरणा लें। राष्ट्र निर्माण का ध्येय बनाए। आप एक ऐसे मंच पर जा रहे हैं, जहाँ आपके विचारों को देश के शीर्ष नेतृत्व के सामने रखने का प्रत्यक्ष मौका मिलेगा। अपनी प्रतिभा के अनुसार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का स्वप्न प्रधानमंत्री जी का महान विज़न है। इस विजन को आप जैसे ऊर्जावान और प्रतिभाशाली युवा ही साकार करेंगे। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि हर भारतीय के जीवन स्तर को ऊपर उठाने, देश को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक रूप से मजबूत बनाने का व्यापक खाका है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में दिल्ली में आयोजित हो रहा विकसित भारत यंग लीडर्स संवाद देश के नवनिर्माण में युवाओं की सक्रिय सहभागिता के आह्वान का कार्यक्रम है।

उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश से चयनित सभी प्रतिभागियों को सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। राज्यपाल मंगुभाई पटेल का कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत और स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया। स्वागत उद्बोधन संचालक राकेश गुप्ता ने दिया। प्रतिभागियों की ओर से आध्या जैन और सोमेश ने विचार रखे। आभार सजल ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, अपर सचिव उमाशंकर भार्गव, माय भारत की उप संचालक तारा पारगी और चयनित प्रतिभागी उपस्थित थे।

# दमोह जिले में 10 जनवरी को होगा युवा सम्मेलन

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** जिले में आगामी 10 जनवरी को आयोजित होने वाले युवा सम्मेलन के लिए आज तहसील ग्राउंड दमोह में विधिवत भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह युवा सम्मेलन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में भालचंद नातू, घुमंतू जाति कार्य संयोजक, महाकौशल प्रांत उपस्थित रहे। उन्होंने विधिविधान से भूमिपूजन कर कार्यक्रम की सफ्लता की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं युवाओं को संबोधित करते हुए भालचंद नातू ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और



विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और उनका संदेश आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति एवं सेवा भाव से जुड़ा हुआ है। उन्होंने जिले के सभी युवाओं से 10 जनवरी को आयोजित युवा सम्मेलन में अधिकाधिक में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान वीरेंद्र प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, कमलेश पटेल जिला कार्यवाह, महेंद्र पटेल सह कार्यवाह, भैयन कुमार जिला प्रचारक एवं दीपक तिवारी, विभाग प्रचार प्रमुख, सुरेन्द्र करोसिया नगर कार्यवाह, अभिनव यादव सह नगर कार्यवाह, जागेश्वर रजक जिला महाविद्यालयीन कार्य प्रमुख, अनिल अहिरवाल नगर महाविद्यालयीन कार्य प्रमुख, सौरभ दुबे नगर सह महाविद्यालयीन कार्य प्रमुख सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बकाया बिलों में सर्च की छूट के लिए चलाया जा रहा अभियान

***हटा ( स्वतंत्र मत )।*** *मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बकाया बिल वसूली के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है जिसमें बकाया उपभोक्ताओं को बिलों में लगाए गए सरचार्ज में छूट प्रदान की जा रही है। दमोह जिले के अधीक्षण अभियंता दमोह व्रत के निर्देशन में विद्युत बकायादारों को योजना का लाभ प्रदान करने हटा हिनौता मड़ियादो हटा ग्रामीण आदि क्षेत्रो के विभिन्न ग्रामों में अधिकारियों की टीम द्वारा योजना के लाभ बताए जा रहे हैं। हटा विद्युत मंडल के प्रभारी सहायक अभियंता आरके सहाय द्वारा सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि समाधान योजना का लाभ लेते हुए बिल के बकाए का भुगतान करें।*

# बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कोतवाली पुलिस ने जिला अस्पताल से एक कर्मचारी की बाइक चुराने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपों का नाम शंभू बंसल बताया गया है। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की दो बाइक बरामद की हैं। उसे मंगलवार शाम कोर्ट में पेश किया गया। जिला अस्पताल की डायलिसिस यूनिट में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत अनिल पटेल की बाइक 3 जनवरी की शाम 6 बजे चोरी हो गई थी। यह पूरी घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पीड़ित अनिल ने कोतवाली में बाइक चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी और सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया था। पुलिस ने खोजबीन तेज की। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहे आरोपी के हुलिए के आधार पर पुलिस ने एक व्यक्ति से पूछताछ की। उसने अपनी पहचान शंभू बंसल 28 वर्ष पिता



चोखेलाल बंसल निवासी बांसा तारखेड़ा दमोह के रूप में बताई। पूछताछ में शंभू बंसल ने जिला अस्पताल से कर्मचारी की बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। उसने यह भी बताया कि उसने 2024 में मिशन अस्पताल दमोह से भी एक बाइक चुराई थी। पुलिस ने आरोपी से दोनों चोरी की बाइक बरामद कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# एसडीएम ने सीएमओ के साथ पानी की शुद्धता जांची

हटा (स्वतंत्र मत)।

इंदौर में प्रदूषित पानी के उपयोग से काल कवलित होने पर पूरे प्रदेश में नगरीय निकायों द्वारा पेयजल सप्लाई की जांच के आदेश हुए है सभी स्थानीय संस्था, साफ स्वच्छ पेयजल प्रदाय की समीक्षा कर रही है। हटा एसडीएम राकेश सिंह मरकाम ने भी बुधवार को नगर पालिका क्षेत्र में पेयजल सप्लाई के लिए तैयार तीनों फिल्टर प्लांट्स का निरीक्षण किया। उन्होंने गौरीशंकर मन्दिर के पास निर्मित फिक्टर प्लांट और बस स्टैंड में किले के पास नगर पालिका द्वारा संधारित पुराने फिल्टर प्लांट का



निरीक्षण किया और उपस्थित प्रभारियों से पानी फिल्टर किये जाने की प्रक्रिया का परीक्षण कर पानी फिल्टर करने के बाद सप्लाई के निर्देश दिए। किले के पास स्थित पुराने फिल्टर की सफाई के बाद ही जल प्रदाय के निर्देश जल प्रभारी को दिए गए। एसडीएम श्री मरकाम ने सीएमओ को नीर्देश दिए कि पाइप लाइन से प्रदाय होने बाले पानी का नियमित परीक्षण कराया जाए और रिपोर्ट प्राप्त कर अवगत कराएं। इस दौरान सीएमओ राजेन्द्र खरे, उपयंत्री दीपक श्रीवास्तव के साथ जल प्रदाय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नाली से निकासी न होने पर सड़क में आ रहा घरों का गंदा पानी

## राहगीरों की बनी समस्या

पथरिया (स्वतंत्र मत)।

स्वच्छता की कसौटी पर खरा उतरने समस्त जिला कलेक्टर अपने जिलों में मेहनत कर रहे है। पर अब भी दमोह जिले की पथरिया तहसील के कुछ वार्डो में स्वक्षता एक बड़ी जन समस्या बनी हुई है। दरअसल वार्ड नंबर 15 की रेलवे स्टेशन सीसी सड़क का निर्माण तो काफी समय पहले करा दिया गया था परंतु वहां दोनों साइड नालियों के अभाव से घरों का गंदा पानी मुख्य सड़क पर बहता दिखाई देता है। जिससे आवागम कर रहे राहगीरों को समस्या का सामना करना पड़ता है।



जबकि यह रास्ता और रास्तों की अपेक्षा ज्यादा चलता है क्योंकि यहां से रोजाना सैंकड़ों लोग स्टेशन के लिए आवागम करते है। यहां से रोजाना अपडाउन कर रहे मोनू रैकवार ने बताया कि में पथरिया से सागर काम के लिए रोजाना जाता हूं। और सुबह सुबह घर से नहाकर निकलता हूं परंतु जैंसे ही स्टेशन के पास आने वाला होता हूं तो कभी गंदे पानी से पैर खराब हो जाते है। तो कभी तेज रफ्तार वाहन निकलने से कपड़े जबसे में अपडाउन कर रहा हूं। तबसे अब तक दर्जनों बार इस समस्या का सामना मुझे करना पड़ता है। वहीं पर रहने वाले अमित ताम्रकार ने बताया में काफी समय से सड़क के किनारे से खेती कर रहा हूं और में कई बार नगर परिषद में तो कई उच्च अधिकारियों से नाली समस्या की शिकायत भी कर चुका हूं परंतु अधिकारियों द्वारा बाताखानी के कर कोई कार्यवाही नहीं की जाती गंदे बहते पानी से कई लोगों को असंतोष है। परंतु इसका अबतक कोई निराकरण नहीं निकला।

### इनका कहना है

आपके द्वारा सूचना प्राप्त हुई है और अभी कुछ दिनों बाद अधूरी पड़ी सड़कों का भी काम होना है। उसी के साथ इसका काम भी करा देंगे।

**ऋतु पुरोहित, मुख्य नगर परिषद अधिकारी पथरिया**

## शुद्ध पेयजल सभी को उपलब्ध हो यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : कलेक्टर

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** शुद्ध पेयजल सभी को उपलब्ध हो यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इस सिलसिले में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने राजनगर तालाब का जायजा लिया था। कलेक्टर ने जुझार घाट का जायजा लिया और वहां पर पानी की टेस्टिंग भी कराई। कलेक्टर ने बताया सिविल वार्ड 4 जहां से पानी की शिकायत आई थी वहां पर भी जाकर देखा है, वहां का पानी प्रदूषित था, वहां के निवासियों को कहा गया है इस पानी का बिलकुल भी उपयोग ना करें। उन्होंने कहा नगर पालिका की पूरी टीम वहां पर एक्टिव है और नालियों की सफाई भी की जा रही है, साथ में जहां से यह लीकेज प्वाइंट है, उसे ढूंढ़ा जा रहा है और उसी पर काम किया जा रहा है।

# इंदौर में जहरीले पानी से 20 मौतें

## भाजपा सरकार की आपराधिक लापरवाही के खिलाफ 11 जनवरी को प्रदेश स्तरीय न्याय यात्राः मुकेश नायक

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** इंदौर में ज़हरीला एवं दूषित पानी पीने से अब तक 20 निर्दोष नागरिकों की मृत्यु हो चुकी है तथा 1000 से अधिक लोग गंभीर रूप से बीमार हुए हैं। यह स्थिति पूरे प्रदेश को झकझोर देने वाली है, लेकिन इसके बावजूद भाजपा सरकार न तो संवेदनशीलता दिखा रही है और न ही जवाबदेही तय कर रही है।

श्री नायक ने कहा कल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पीड़ित परिवारों से मिलने पहुँचे और उनका दुख-दर्द साझा किया। पीड़ित परिवारों का दर्द यह सवाल खड़ा करता है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश को किस दिशा में धकेल दिया है, जहाँ निर्दोष लोगों को पीने के लिए ज़हरीला पानी दिया जा रहा है और उसके चलते 20 से अधिक लोगों की जान चली गई, इसके बावजूद मात्र 4 पीड़ित परिवारों को ही 2-2 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं इंदौर के प्रभारी मंत्री हैं, इसके बावजूद अब तक न



कोई ठोस जवाब सामने आया है और न ही किसी जिम्मेदार पर कार्रवाई की गई है। दूसरी ओर भाजपा सरकार की असंवेदनशीलता तब और उजागर हो जाती है, जब बदजुबान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पत्रकारों को गालियाँ देकर लोकतंत्र और मीडिया का अपमान करते हैं। भागीरथपुरा सहित इंदौर के कई क्षेत्रों में दूषित पानी से हुई मौतों के वास्तविक आँकड़े भाजपा सरकार द्वारा दबाए जा रहे हैं, जो इस पूरे मामले को और भी गंभीर बनाता है।उन्होंने आगे कहा इसके साथ ही यह भी सामने आया है कि वहाँ हैजा का बैक्टीरिया मिलने की पुष्टि हुई है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या इसकी जानकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन को भेजी गई है? यदि हैजा के बैक्टीरिया की पुष्टि के बावजूद इसकी सूचना नहीं दी गई, तो यह अत्यंत गंभीर विषय है। प्रदेश सरकार को इसका जवाब देना चाहिए और केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग तथा मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग-दोनों को इसका तत्काल संज्ञान लेना चाहिए।

कांग्रेस पार्टी की स्पष्ट मांग है कि इंदौर के नाकारा महापौर पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर आपराधिक मुकदमा चलाया जाए और उन्हें तुरंत बर्खास्त किया जाए। बदजुबान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से तत्काल इस्तीफा लिया जाए। मृतकों के परिजनों को 2 लाख नहीं बल्कि 1 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। इसी जनविरोधी रवैये और निर्दोष नागरिकों की मौतों के विरोध में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा दिनांक 11 जनवरी 2026 (रविवार) को सुबह 11 बजे से बड़ा गणपति मंदिर, इंदौर से राजवाड़ा चौक स्थित मां अहिल्याबाई की प्रतिमा स्थल तक प्रदेश स्तरीय न्याय यात्रा / पैदल मार्च का आयोजन किया जाएगा। यह प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम है, जिसमें प्रदेश कांग्रेस के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/2025
दिनांक 07/01/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अमित कुमार तिवारी पिता स्व. श्री सुदामा प्रसाद तिवारी ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाषचंद बैनर्जी के भवन क्रमांक 21/2 समदड़िया बिहार के पास सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000399418 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 200 व.फु. दुकान पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री विकास अग्रवाल पिता मदनलाल अग्रवाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/2025
दिनांक 07/01/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति निधि मिश्रा पति श्री पंकज दत्त मिश्रा ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानीअवंती बाई के भवन क्रमांक प्लॉट नं. 25 जानकी विला मौजा कटियाघाट सम्पत्ति के पिन क्रमांक 2000008400 पर पर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 1000 व.फु. जिस पर निर्मित निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज राजेश सोनकर पिता श्री मेवालाल सोनकर का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

# जबलपुर समेत 8 शहरों में बढ़ा प्रदूषण



नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की सेंट्रल जोन की भोपाल बैंच ने जबलपुर, भोपाल-इंदौर समेत 8 शहरों में बढ़ते प्रदूषण पर चिंता जताई है। इसे लेकर सरकार से 8 सप्ताह के अंदर रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

## एनजीटी ने मांगी रिपोर्ट, 18 मार्च को होगी अगली सुनवाई

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

एनजीटी ने माना कि भोपाल में वायु गुणवत्ता तय मानकों से बहुत ज्यादा नीचे है। एक्यूआई बहुत खराब से गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। यह गंभीर पर्यावरणीय एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए संकट है। आवेदक राशिद नूर खान की याचिका पर बुधवार को एनजीटी ने यह आदेश दिया। आवेदक की ओर से अधिवक्ता हर्षवर्धन तिवारी ने पक्ष रखा। एनजीटी ने आदेश में कहा है कि जबलपुर, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, देवास, सागर और सिंगरौली को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नॉन-अटेनमेंट सिटी घोषित किया है, क्योंकि इन शहरों में पिछले पांच वर्ष से अधिक समय से पीएम10 और और पीएम2-5 के स्तर राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों से लगातार अधिक बने हुए हैं। आदेश में यह स्पष्ट किया गया कि यह प्रदूषण किसी एक कारण से नहीं, बल्कि पराली जलाने, निर्माण एवं विध्वंस कार्यों से उड़ती धूल, वाहनों के उत्सर्जन, खुले में कचरा जलाने, लैंडफिल आग, पटाखों के उपयोग और औद्योगिक गतिविधियों के संयुक्त प्रभाव से उत्पन्न हो रहा है।

### राज्य सरकार को नोटिस जारी

एनजीटी ने यह भी कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली-एनसीआर के लिए अपनाए गए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान और एयर-शेड आधारित नीति के बावजूद मध्यप्रदेश में अब तक ऐसा कोई प्रभावी राज्यस्तरीय तंत्र लागू नहीं किया है। जिससे वायु प्रदूषण की समस्या और अधिक गंभीर होती जा रही है। एनजीटी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार एवं संबंधित विभागों को नोटिस जारी किया है।

### ज्वाइंट कमेटी का गठन

एनजीटी ने एक ज्वाइंट कमेटी का गठन किया। इसमें पर्यावरण विभाग के प्रमुख सचिव, इप्को के प्रतिनिधि, नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य, सीपीसीबी के पूर्व अतिरिक्त निदेशक डॉ. रविप्रकाश मिश्रा आदि शामिल किए गए हैं। समिति को 6 सप्ताह के भीतर स्थिति का आंकलन कर तथ्यात्मक एवं की गई कार्रवाई पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है। मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी।

## पेंशनर्स के लिए एम.पी. ट्रांसको की एक और डिजिटल पहल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने अपने पेंशनर्स की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक और महत्वपूर्ण डिजिटल पहल की है। कंपनी की आईटी सेल एवं पेंशन विभाग की संयुक्त टीम के प्रयासों से अब एम.पी. ट्रांसको के तकरीबन 4500 पेंशनर्स, चाहे वो किसी भी बैंक से पेंशन प्राप्त करते हों, कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अपनी पेंशन स्लिप ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगे। एम.पी. ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल मेहरोत्रा ने बताया कि अब तक केवल यूनियन बैंक से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनर्स को ही वेबसाइट पर पेंशन स्लिप उपलब्ध कराने की सुविधा थी। लेकिन अब भारतीय स्टेट बैंक सहित अन्य बैंकों से पेंशन लेने वाले पेंशनर्स के लिए भी यह व्यवस्था सफलतापूर्वक विकसित कर ली गई है।

## आवारा कुत्तों के शरीर पर 40 प्रतिशत तक खतरनाक कीटाणुओं का खतरा

### ऐसे श्वान जल, भूमि आदि कर रहे हैं दूषित



### नगर निगम की लापरवाही पड़ रही भारी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)


विश्वविख्यात मेडिकल जर्नल में प्रकाशित शोध के अनुसार आधारा कुत्तों के शरीर पर 40 प्रतिशत तक किटानुओं को अतिरिक्त लोड रहता है। ऐसे श्वान शहर तथा गावों की भूमि एवं जल दूषित कर रहे है। अतः संख्या घटाना जरूरी है। अधारा कुत्तों के संख्या घटाना इस कारण भी जरूरी हो गया है की दिनों दिन डॉग बाईट के केसेस बढ़ रहे है। लेकिन नगर निगम महापौर तथा आयुक्त से लगातार बैठकें एवं चर्चा करने के बावजूद भी कोई ठोस एक्शन प्लान बनाकर उस पर कार्य किया नहीं जा रहा है।

### शहर में नहीं हुई आवारा श्वानों की गिनती

डॉ. जी.जी. नाजपांडे ने बताया की सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद भी जबलपुर में अभी तक आवारा कुत्तों की गिनती नहीं की गई है। महापौर तथा आयुक्त ने 22 सितंबर, 8 नवंबर तथा 30 दिसंबर को चर्चा के दौरान यह आश्वासन दिया था की नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जायेगी। महापौर ने यह भी घोषणा की थी की सेंट्रल तथा वार्ड समितियों गठित की जायेगी, लेकिन यह केवल घोषणायें ही रह गयी हैं। उन्होंने यह भी मांग की के आवारा कुत्तों के शरीर पर खतरनाक किटानुओं का लोड 40 प्रतिशत पाये जाने के बाद उन्हें स्कूलों एवं अस्पतालों से तत्काल हटाया जाये, अन्यथा वे बच्चों एवं मरीजों के लिये घातक होंगे।

## बिजली के रेट में बढ़ोत्तरी से किसान परेशान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



सीलिंग पीड़ित किसान समिति ने किसानों के बिजली के रेट में जो सरकार द्वारा बढ़ोत्तरी की गई है, उससे किसान की आर्थिक स्थिति और खराब हो रही है और किसान वैसे ही मौसम की मार से परेशान है और दूसरा बिजली कम्पनियों द्वारा बिजली के रेट में अनाप-शनाप बढ़ोत्तरी करके किसानों और आमजनता को परेशानी में डाल दिया है। इससे व्यथित होकर किसान ने घंटाघर कॉफी हाउस में 8 जनवरी 2026 को दोपहर 1 बजे बैठक का आयोजन किया है एवं जिसमें अधिक से संख्या में उपस्थित होकर बिजली के रेट में बढ़ोत्तरी के विरोध रणनीति तैयार की जायेगी। बैठक में उपस्थिति की अपील डॉ. पी.जी. नाजपांडे, राजेश गिदरोनिया, कैलाश पटेल, जवाहर जायसवाल, राजेश सेंगर, गेंदालाल कुशवाहा, प्रवीण पटेल, पन्नालाल पटेल, जगदीश पटेल, शंकर सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र पटेल, सुभाष कोरी, कोमल चक्रवर्ती, लटोरी कोरी आदि ने की है।

## सांदिपनी विद्यालय का निरीक्षण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत ने मझौली विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीताल और सांदिपनी विद्यालय मझौली का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपलब्ध स्टाफ, उपस्थित शिक्षक, विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता, खेल-कूद की गतिविधियां, मध्यान्ह भोजन आदि की जानकारी लेकर विद्यार्थियों से संवाद भी किया। सांदिपनी विद्यालय में विज्ञान प्रयोगशाला को देखा साथ ही विद्यालय की साफ-सफाई व विद्यार्थियों से शैक्षणिक चर्चा की। उन्होंने सांदिपनी विद्यालय के हेंडओव्हर रजिस्टर का अवलोकन कर निर्माण एजेंसी से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये।

## पावर जनरेटिंग कंपनी के सहायक अभियंता को एनपीटीआई में दिया जा रहा प्रशिक्षण

### केमिस्ट थर्मल और हायडल पावर स्टेशन के कार्यों में हासिल करेंगे महारत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के नवनियुक्त 16 सहायक अभियंताओं (प्लांट) व केमिस्ट के प्रथम बैच का का 6 सप्ताह का प्रशिक्षण राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) नागपुर में प्रारंभ हुआ। छह सप्ताह के प्रशिक्षण में सहायक अभियंताओं को थर्मल व हाइड्रो पावर प्लांट के ऑपरेशन व मेंटेनेंस का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। अभियंताओं को दो सप्ताह का विशेष सुपर-क्रिटिकल सिम्युलेटर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। केमिस्ट को प्रशिक्षण के अंतर्गत जल रसायन, कोल टेस्टिंग, पर्यावरण कारकों का परीक्षण आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत में एनपीटीआई नागपुर के प्रमुख निदेशक रामचन्द्र उकिरदे ने कहा कि सत्र का पाठ्यक्रम इस प्रकार तैयार किया गया है कि सहायक अभियंता ताप व जल विद्युत गृहों के संचालन व संधारण के कार्यों में समान रूप से महारत हासिल कर सकेंगे। प्रशिक्षण में सहायक अभियंताओं व केमिस्ट को विद्युत उत्पादन की नई तकनीक के साथ पर्यावरण की बारीरकियों व मापदंडों से परिचित करवाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन एनपीटीआई के सहायक निदेशक शशांक शुक्ला ने किया।

## निरीक्षण करने पिपरिया धान खरीदी केन्द्र पहुंचे कलेक्टर



### किसानों से की चर्चा, प्रभारियों को दिए निर्देश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने बुधवार को मझौली विकासखंड के धान खरीदी केन्द्र श्री जी वेयर हाउस पिपरिया का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों का रकबा, पंजीयन, स्लॉट बुकिंग, खरीदी गई धान और किसानों की संख्या के बारे में जानकारी ली और किसानों से भी चर्चा की। कलेक्टर ने उपार्जन में पारदर्शिता रखने के लिये खरीदी प्रभारियों से कहा कि बिचोलियों की बातों में न आएं, अगर संदिग्ध आदमी दिखे तो तुरंत एसडीएम को सूचित करें। उन्होंने खरीदी केन्द्र पर बोरी को तौल कराया। साथ ही कहा कि किसानों से तौल के नाम पर पैसे न लिए जाएं। जहां कहीं भी गड़बडी की आशंका है तो तुरंत सूचित करें। कलेक्टर श्री सिंह ने गोदाम का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, सिहोरा एसडीएम पुष्पेन्द्र अहके के साथ संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## नर्सिंग कॉलेजों में पुरुषों की भर्ती का रास्ता साफ

### हाईकोर्ट ने कहा- अब महिला उम्मीदवारों को 100 प्रतिशत आरक्षण नहीं मिलेगा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




मध्य प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और ट्यूटर के कुल 286 पदों पर अब महिला उम्मीदवारों को 100 प्रतिशत आरक्षण नहीं मिलेगा। एमपी हाईकोर्ट ने पुरुष उम्मीदवारों की याचिका पर बुधवार को सुनवाई की। मंगलवार को कर्मचारी चयन मंडल ने भर्ती के लिए संशोधित विज्ञापन जारी किया था। सुनवाई के दौरान जस्टिस विशाल धगट की कोर्ट में बोर्ड की ओर से बताया गया कि विज्ञापन मंगलवार (6 जनवरी) रात को ही संशोधित कर दिया गया है। अब महिलाओं के साथ-साथ पुरुष उम्मीदवारों को भी आवेदन करने का मौका मिलेगा। पुरुष उम्मीदवार 13 जनवरी तक फॉर्म जमा कर सकते हैं।

***सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में 286 पदों पर सीधी भर्ती***- अधिवक्ता विशाल बघेल ने कहा 16 दिसंबर को प्रदेश के सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में 286 अकादमिक पदों पर सीधी भर्ती के जरिए विज्ञापन जारी किया गया था। इसमें 40 एसोसिएट प्रोफेसर, 28 असिस्टेंट प्रोफेसर और 218 सिस्टर ट्यूटर के सभी पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए थे। आवेदन की अंतिम तिथि 7 जनवरी थी।

***पुरुष उम्मीदवारों को पूरी तरह किया गया था बाहर***- अधिवक्ता ने बताया कि इस मामले में जितने भी पुरुष उम्मीदवार हैं, जो मध्य प्रदेश से डिग्रीधारी हैं और वो महिलाओं के बराबर ही योग्यता रखते हैं। उन्हें सिर्फ इस आधार पर पूरी भर्ती प्रक्रिया से बाहर किया गया था कि वह पुरुष हैं। जबलपुर निवासी नौशाद अली और अन्य याचिकाकर्ताओं ने याचिका दाखिल की। कोर्ट को बताया गया कि प्रदेश के सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में इन भर्तियों में पुरुष उम्मीदवारों को पूरी तरह बाहर कर दिया गया। जबकि भर्ती नियम और अपेक्स काउंसिल आईएनसी के सभी मापदंड लिंग भेद की अनुमति नहीं देते हैं।

***50 प्रतिशत आरक्षण सीमा का उल्लंघन हुआ***- याचिका में आरोप लगाया गया कि सरकार की इस भर्ती प्रक्रिया में सुप्रीम कोर्ट के इंद्रा साहनी मामले के 50त्न आरक्षण सीमा का उल्लंघन किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 16(2) के तहत यह सीधे-सीधे लिंग भेदभाव है। इसके अलावा मध्य प्रदेश शासन ने आरक्षण नीति बनाई हुई है। महिलाओं को आरक्षण देने के लिए विशेष प्रावधान किए हैं। उसके साथ-साथ भर्ती नियम-2023 बनाया है। इनमें भी कहीं ये नहीं लिखा है कि पुरुषों को सिर्फ पुरुष होने के आधार पर भर्ती प्रक्रिया से बाहर किया जाएगा।



## अवैध रूप से एमसेंट लोड कर ले जाते डम्पर जब्त

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



थाना प्रभारी बरगी परिवीक्षाधीन उ.पु.अ. हेमंत ने बताया कि गश्त के दौरान मानेगॉव से तिखारी रोड के पास डम्फर क्रमांक एमपी 20 जीए 6846 तिखारी से मानेगॉव की ओर आते दिखा, जिसे रूकवाते हुये डम्फर चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम अखिलेश कोल उम्र 26 वर्ष निवासी टेढ चौकी भिटौनी थाना शहपुरा बताया। डम्फर में एमसेंट लोड होना पायी गयी जिसके सम्बंध में पूछताछ करने पर कोई रॉयल्टी न होना बताते हुये वाहन मालिक विकास सिंह राजपूत के कहने पर मानेगॉव से एमसेंट भरकर धनवतरी नगर मे बेचने हेतु लेकर आना बताया। आरोपी अखिलेश कोल के कब्जे से डम्फर मय एमसेंट के जप्त करते हुये धारा 303(2),317(5), 3(5) बीएनएस तथा 4/21 खान खनिज अधिनियम एवं 53 गौण खनिज अधिनियम एवं 3/181, 5/180, 130(3)/177 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।






हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**